CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: nitin.yadav2 Time: 12-21-2025 00:22 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) › रविवार, 21 दिसंबर 2025 › मार्गशीर्ष 30, शक संवत 1947, पौष शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 20*› मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.7 no 344



कोई देश मर्जी नही थोप सकता : जयशंकर ▶p16

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR के खिलाफ TMC: मोदी ▶p16



खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 12, 15

## बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

**Q** जब कोई शख्स ज्यादा सोचने, नींद खराब होने और फैसला लेने में डर की वजह से किसी सायकायट्रिस्ट के पास जाता है तो...



**बैड सायकायट्रिस्ट:** यह ओवरथिंकिंग से बहुत ज्यादा है। यह बड़ी मनोवैज्ञानिक बीमारी लग रही है। इलाज न कराया तो डिप्रेशन, पैनिक अटैक और मैमरी लॉस भी हो सकता है। आपको MRI, EEG और कई दूसरे टेस्ट कराने होंगे। लंबे समय तक दवाइयां लेनी पड़ेंगी।



**गुड सायकायट्रिस्ट:** यह ओवरथिंकिंग है और यह कॉमन है। यह चिंता बढ़ने का संकेत है। परेशान न हों। इसे मैनेज किया जा सकता है। मैं आपकी सोच के पैटर्न समझकर रुटीन में बदलाव और जरूरत पड़े तो दवाएं दूंगा। भारी टेस्ट की जरूरत नहीं है।

डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी, सीनियर सायकायट्रिस्ट

# T20 वर्ल्ड कप टीम से शुभमान बाहर, ईशान अंदर

## अक्षर होंगे उपकप्तान, रिंकू की भी वापसी

■ पीटीआई, मुंबई

**T20 वर्ल्ड** कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम में अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। विकेटकीपर संजू सैमसन को स्क्वॉड में शामिल किया गया। शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन विकेटकीपर बैटर के तौर पर तो वहीं एशिया कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे रिंकू सिंह ने जितेश की जगह मुख्य फिनिशर के रूप में वापसी की है। शुभमान गिल को टीम से बाहर कर दिया गया है।

शुभमान गिल को न चुने जाने पर चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा- हमें पता है कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन इस समय शायद उनके बल्ले से उतने रन नहीं निकल पा रहे हैं। टीम चयन में कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना होता है। हम ऐसा विकेटकीपर चाहते थे जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सके। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी गिल को टीम से बाहर रखने के पीछे संयोजन को ही मुख्य कारण बताया। ▶▶पेज 15



AFP

**भारत-पाकिस्तान**
U-19 एशिया कप फाइनल आज
समय - सुबह 10:30 बजे से
टेलिकास्ट: सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनीलिव पर

**टीम इंडिया में चुने गए ये खिलाड़ी**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल [उपकप्तान], कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन [विकेटकीपर], वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन [विकेटकीपर], रिंकू सिंह।

**7 फरवरी से शुरू होगा महामुकाबला**

अगले साल 7 फरवरी से आईसीसी मेंस T20 वर्ल्ड कप 2026 शुरू होगा। फाइनल 8 मार्च को होगा। इसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 29 दिनों तक 8 जगह पर खेला जाएगा। 5 वेन्यू भारत में और 3 श्रीलंका में होंगे।

# आदतन ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लें:योगी

## सीएम ने कहा- ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन सीज करने के नियम स्पष्ट हों

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि केवल चालान करना सड़क दुर्घटनाओं का स्थायी समाधान नहीं है। आदतन ट्रैफिक रूल तोड़ने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। ड्राइविंग लाइसेंस जब्त करने और वाहन सीज करने की स्पष्ट नियमावली बनाएं। सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में कठोर कार्रवाई करना जरूरी है, क्योंकि यह सीधे तौर पर लोगों की जान से जुड़ा विषय है।

**1 से 31 जनवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह**

योगी ने शनिवार शाम 1 से 30 जनवरी तक प्रस्तावित 'सड़क सुरक्षा माह' की कार्ययोजना की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस साल नवंबर तक 46,223 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 24,776 लोगों की जान गई। सीएम ने इन आंकड़ों को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल प्रशासनिक या तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक चुनौती है। एक भी दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु पूरे परिवार को जीवन भर का दर्द दे जाती है और इस पीड़ा को वही परिवार समझ सकता है। इसलिए सड़क हादसे रोकने के लिए संवेदनशीलता के साथ-साथ कठोर निर्णय लेना भी जरूरी है। सीएम ने सर्वाधिक दुर्घटना वाले पांच जिलों लखनऊ, हरदोई, प्रयागराज, आगरा और कानपुर नगर के डीएम से अलग से बात की।

**स्टंटबाजी करने वालों पर सख्ती हो:** योगी ने स्टंटबाजी करने वाले युवकों के विरुद्ध भी पूरी सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टंटबाजी न केवल उनकी अपनी जान, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे किसी भी स्थिति में टेम्पो, बस या रिक्शा स्टैंड न बनें। पट्रोलिंग बढ़ाई जाए और अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करें। मकान निर्माण की सामग्री सड़क पर बिखरी न रहे। हाइवे और एक्सप्रेसवे के किनारे लंबे समय तक खड़े डग्गामार वाहनों, ट्रकों के चलते गंभीर दुर्घटना होती है। इन अव्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करवाएं।

**हालात चिंताजनक**

**46** हजार से अधिक हादसे हुए इस साल नवंबर तक

**25** हजार के करीब लोगों की जान गई इस हादसों में



**...तो दो ड्राइवर अनिवार्य**

सीएम ने कहा कि ऐंबुलेंस और स्कूल वाहनों की फिटनेस की जांच जरूर कराएं। किसी भी स्थिति में अनफिट वाहन सड़क पर न चले। 300 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा करने वाले बड़े यात्री वाहनों में अनिवार्य रूप से दो चालकों की तैनाती हो। सड़क इंजिनियरिंग की कमियां, खराब साइनज, अव्यवस्थित कट, अंधे मोड़ और अनुचित स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं को बढ़ाते हैं। पीडब्ल्यूडी सहित अन्य एजेंसियां समयबद्ध ढंग से इन्हें सुधारें। केवल टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर ही बनाए जाएं। सभी सड़कों का नियमित रोड सेफ्टी ऑडिट हो।

इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को दिया अल्टिमेटम

# '24 घंटे में अरेस्ट हों हादी के हत्यारे'

■ **भाषा, ढाका :** बांग्लादेश में इंकलाब मंच के युवा नेता शरीफ उस्मान हादी को शनिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में हजारों समर्थक शामिल हुए।

बाद में इंकलाब मंच ने हत्यारों को पकड़ने का 24 घंटे का अल्टिमेटम बांग्लादेश सरकार को दिया है। अगर रविवार शाम 5:15 बजे तक हादी के हत्यारों की गिरफ्तारी के बारे में सरकार से कोई जवाब नहीं आता है, तो वे शाहबाग में फिर से धरना देंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी जनाजे में शामिल हुए। ▶▶पेज 16



ढाका में कड़ी सुरक्षा के बीच भारी भीड़ ने जनाजे की नमाज अदा की।

**हिंदू युवक की हत्या के मामले में 10 गिरफ्तार**

**बांग्लादेश की** अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि कथित ईशनिंदा के आरोप में हिंदू युवक की हत्या किए जाने के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अभियानों के दौरान गिरफ्तारियां की गईं और गिरफ्तार लोगों की उम्र 19 से 46 साल के बीच है।

# BSF भर्ती में पूर्व अग्निवीरों का कोटा 50% हुआ

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) में कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का आरक्षण बढ़ाकर 50% कर दिया है। पहले यह कोटा 10% था।

यह बदलाव BSF जनरल ड्यूटी काडर भर्ती नियम, 2015 में संशोधन करके किया गया है। पहले बैच के पूर्व अग्निवीरों को अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट मिलेगी। अन्य पूर्व अग्निवीरों को 3 साल की छूट दी जाएगी। नए नियमों के तहत हर भर्ती वर्ष में 50% पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगे।

## मेधा का सम्मान



**केजीएमयू के 21वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने 81 मेधावियों को मेडल दिए। इनमें 48 छात्राएं थीं। समारोह में 91 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर, 2 बुक प्राइज, 3 कैश प्राइज और 7 सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर दिए गए।** ▶▶खबर पेज 6

## हाइवे गैंगरेप में पांच दोषी करार

बुलंदशहर में मां-बेटी से गैंगरेप में कोर्ट ने पांच लोगों को दोषी करार दिया है। 28 जुलाई 2016 को एनएच91 पर एक परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी से गैंगरेप किया गया था। पुलिस ने 11 लोगों को आरोपित बनाया था। तीन को क्लीनचिट मिल गई थी। दो आरोपित पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे, जबकि एक अन्य की मौत हो चुकी है। ▶▶पेज 13

# पायलट ने यात्री को पीटा, ड्यूटी से हटाया गया

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

**नई दिल्ली :** दिल्ली एयरपोर्ट टी-1 के अंदर शुक्रवार दोपहर सीआईएसएफ जवानों के सामने अंकित दीवान नाम के यात्री को पीट दिया गया। उनके साथ मारपीट करने का आरोप एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक कैप्टन पायलट वीरेंद्र सेजवाल पर है।

पीड़ित यात्री अंकित ने आपबीती सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर शेयर की। उनका लहूलुहान चेहरा देखकर सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। अंकित की ओर से एक्स पर 19 दिसंबर रात 9:25 बजे शिकायत करने के 12 घंटे बाद सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने 20 दिसंबर सुबह 10:45 बजे सोशल मीडिया पर कहा कि एयरलाइन को तुरंत प्रभाव से आरोपित पायलट को ग्राउंड करने के आदेश देने के साथ जांच के भी आदेश दिए गए हैं। CISF और BCAS से रिपोर्ट मांगी गई है। लोगों का कहना है कि जब हल्की सी कहासुनी में पायलट ने ऐसा हाल कर दिया तो ऐसा गुस्सैल पायलट फ्लाइट उड़ाते हुए कैसे यात्रियों को सुरक्षित रख सकता है?



अंकित दीवान

# राजधानी एक्सप्रेस से कट गए सात हाथी

## असम में हादसा, एक घायल, यात्री सुरक्षित



हादसे के बाद पटरी व आसपास से हाथियों के शव हटाने के लिए वन व रेलवे कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

■ **भाषा, नगांव/गुवाहाटी :** असम के होजाई जिले में शुक्रवार देर रात हाथियों का एक झुंड सायरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए। शुक्रवार रात दो बजकर 17 मिनट पर हुई इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। दुर्घटना के बाद कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं, कुछ ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोका गया या उनकी सेवा को यात्रा गंतव्य से पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया। नगांव के संभागीय वन अधिकारी सुहास कदम ने बताया कि यह घटना चांगजुराई गांव में संभवतः घने कोहरे के कारण हुई। यह क्षेत्र गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सायरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम के सायरंग (आइजोल के पास) को आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) से जोड़ती है।

**हादसे में ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन पटरी से उतरे**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने वन विभाग को विस्तृत जांच करने और वन्यजीव गलियारों को सुरक्षित करने का निर्देश दिया है। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दुर्घटना के लिए वर्तमान सरकार के अनियोजित विकास को जिम्मेदार ठहराया है।

# इमरान खान और बुशरा को 17-17 साल कैद की सजा

■ **पीटीआई, इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में 17-17 साल कैद की सजा सुनाई है। दोनों को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा-409 (आपराधिक विश्वासघात) और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सजा दी गई है। इसके साथ ही दोनों पर 1.64 करोड़ रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।



सजा की घोषणा विशेष न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में की, जहां खान और उनकी पत्नी फिलहाल बंद हैं। फैसले में इमरान खान की उम्र और बुशरा के महिला होने का खयाल रखा गया है और इस वजह से ज्यादा सजा की तुलना में कम सजा सुनाई गई है। तोशाखाना-2 मामला 2021 का है, जिसमें आरोप था कि खान और बुशरा ने सऊदी सरकार से प्राप्त महंगे उपहार सरकारी भंडार में जमा किए बिना बेच दिए। वित्त राज्य मंत्री बिलाल अजहर कयानी के अनुसार उपहारों का असली मूल्य 7 करोड़ रुपये था, जबकि मूल्यांकन मात्र 58-59 लाख रुपये किया गया।

# FSSAI ने कहा, अंडे पूरी तरह सुरक्षित है

■ **भाषा, नई दिल्ली:** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने अंडों से कैंसर के खतरे वाले दावे को खारिज कर दिया है। प्राधिकरण ने दावों को भ्रामक, वैज्ञानिक रूप से निराधार और अनावश्यक भय पैदा करने वाला बताया है। शनिवार को FSSAI ने कहा कि देश में उपलब्ध अंडे सुरक्षित हैं, कैंसरकारी पदार्थों की उपस्थिति के दावों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।



# घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया वृंदावन चौकी का SI

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** पीजीआई इलाके की वृंदावन पुलिस चौकी में तैनात सब-इंस्पेक्टर अमर कुमार को ऐंटी करप्शन टीम ने शनिवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दरोगा एक गाड़ी रिलीज करने के बदले 13 हजार रुपये मांग रहा था। गिरफ्तारी के बाद टीम अमर को गोसाईंगंज थाने ले गई, जहां उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।



अमर कुमार

## हैपी मॉर्निंग

**अंकल:** बेटा पढ़ाई कैसी चल रही है।
**मनोज:** अंकल, चलते-चलते काफी दूर निकल गई है।

## सराफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| लखनऊ | ₹1,35,970 |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| लखनऊ | ₹2,14,000 |

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधि.तापमान | 16 डिग्री |
| न्यून.तापमान | 9.8 डिग्री |
| सूर्यास्त रविवार | 5:18 बजे |
| सूर्योदय सोमवार | 6:51 बजे |

*16+4 Lucknow Times

**एक कदम और** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में इंदौर, सूरत, विजयवाड़ा और नवी मुंबई से होगा मुकाबला

# सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हुआ लखनऊ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए लखनऊ नगर निगम इस बार सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हो गया है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ के साथ अहमदाबाद और भोपाल भी पहली बार सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हुए हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण में अब लखनऊ का मुकाबला इंदौर, सूरत, विजयवाड़ा और नवी मुंबई से होगा। ये शहर पहले से सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, 'आवासन एवं शहरी मंत्रालय' ने शनिवार को 10वें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 कार्यक्रम की घोषणा करते हुए टूल किट जारी कर दी। इस बार सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' पर आधारित होगी।

File



**कूड़ा प्रबंधन में सुधार का मिला इनाम**

लखनऊ नगर निगम को कूड़ा प्रबंधन में बेहतर काम करने का इनाम मिला है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 की रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था। इस आधार पर लखनऊ नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया है। लखनऊ ने कूड़ा प्रबंधन में सुधार के साथ शिवरी में डम्प कूड़े के 'पहाड़' का निस्तारण करने के लिए प्लांट चालू किया। साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में सुधार किया।

**इन बिंदुओं पर होगा सर्वेक्षण**

- विजिबल क्लीनलीनेस
- सेग्रीगेशन ऐंड वेस्ट हैंडलिंग
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट
- एक्सेस टू सेनिटेशन
- यूज्ड वॉटर मैनेजमेंट
- मैकेनाइज्ड डिस्लजिंग
- स्वच्छता एडवोकेसी
- इको सिस्टम स्ट्रेंथनिंग
- वेलफेयर ऑफ सैनिटेशन वर्कर
- सिटीजन फीडबैक ऐंड ग्रीवांस रिड्रेसल

लीग में शामिल होने के बाद स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने की और बड़ी चुनौती है। प्रयास रहेगा कि अपने शहर को प्रथम स्थान पर लाया जाए। केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं।
-सुषमा खर्कवाल, मेयर लखनऊ



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 12-21-2025 00:40 Color:



### राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किया शताब्दी समारोह के प्रथम उत्सव का समापन

# 'भारतीय संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं'



■ NBT न्यूज, लखनऊ: संगीत और कला जीवन को सौंदर्य से भर देती है। यही भारत की आत्मा और उसकी पहचान है। जरूरत इस बात की है कि हम भारत की सांस्कृतिक समृद्धता को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं। ये बातें शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भातखंडे संस्कृति विवि के कलामंडपम सभागार में कहीं। राज्यपाल विवि के शताब्दी समारोह पर आयोजित प्रथम उत्सव के समापन समारोह बतौर मुख्य अतिथि अपनी बात रख रही थीं। उन्होंने कहा कि भारत वह भूमि है, जहां लोग बदले, समय बदला, शासन बदले पर उसकी आत्मा नहीं बदली।

विवि के शताब्दी वर्ष पर आनंदी बेन ने कहा कि यह अवसर उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन का भी है। संगीत से जुड़े अनगिनत साधक और शिक्षाविद इस विवि से सम्बद्ध रहे हैं। इस संस्थान की स्थापना पंडित भातखंडे की दूरदर्शी सोच और राय उमानाथ बली के अथक प्रयासों से हुई। इस दौरान प्रदेश के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि पूरे प्रदेश को विवि की प्रगति दिख रही है। असीम ने बताया कि उनकी पत्नी ज्योत्सना इस विवि की छात्रा हैं। हर वर्ग तक संगीत को पहुंचाने में सबसे बड़ा योगदान पंडित भातखंडे का रहा है। यह सिर्फ अध्ययन का केंद्र नहीं बल्कि एक गौरव का विषय भी है। यहां के विद्यार्थियों कि मेहनत मैंने देखी है। मेरी पत्नी जब फरवट लेती है तो भी रियाज करती है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि कैसरबाग में शाम को एक सांस्कृतिक संध्या हर रोज सजे क्योंकि लखनऊ की शाम मशहूर है।

### स्वरों की विरासत में दिखी विवि की यात्रा

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भातखंडे संस्कृति विवि की सौ वर्षों की यात्रा पर एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसे डॉ. पूनम श्रीवास्तव ने लिखा है। साथ ही भातखंडे संस्कृति विवि के निर्माण की प्रक्रिया, विकास और उसके बदलते स्वरूप को दिखाती एक लघु फिल्म 'स्वरों की विरासत' का भी प्रदर्शन हुआ। लोगो डिजाइन करने वाले गौरीशंकर चौहान को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में शामिल होने से पहले राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विवि की 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी भी देखी।

### रिवायत में दिखा महिला सशक्तीकरण

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अदीरा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'रिवायत' के दूसरे दिन शनिवार को गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी, परिसर कला, संस्कृति और सामाजिक चेतना से सराबोर नजर आया। दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण किड्स डांस कंपटीशन रहा, जिसमें बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में यशी श्रीवास्तव ने प्रथम, तृषिका नायर ने द्वितीय और श्रेशी बाजपेई ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।



## 'वो मिला भी तो पहचान ना पाया उसको'

### भातखंडे के शताब्दी समारोह में मशहूर गायक हरिहरन ने सजाई महफिल



■ NBT न्यूज, लखनऊ: भातखंडे संस्कृति विवि का कलामंडपम सभागार उस समय तालियों से गूंज उठा, जब विवि के शताब्दी समारोह में प्रस्तुति देने मशहूर गायक पद्मश्री हरिहरन पहुंचे। अपनी प्रस्तुति की शुरुआत उन्होंने राशिद साहब की गजल 'बेख्याली में चलन उसका बताया उसको, वो मिला भी तो पहचान न पाया उसको' से की। इसके बाद उन्होंने फरहत शहजाद की गजल 'खुली जो आंख तो वो था न वो जमाना था' सुनाकर अपनी गायकी का विस्तार किया। देर रात तक चली प्रस्तुति में उन्होंने राग किरवानी से ताल्लुक रखती गजल 'रंज की जब गुफ्तगू होने लगी, आपसे तुम तुमसे तू होने लगी' समेत कई गजलें सुनाकर महफिल को अपने नाम किया। उनका साथ सारंगी पर उस्ताद लियाकत अली खान, हारमोनियम पर अखलाक हुसैन वारसी, गिटार पर धीरेन राय चुरा, तबले पर शादाब शकूरी भारतीय और कीबोर्ड पर सत्यजीत संगू ने निभाया।

इसके पहले प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना पद्मश्री रंजना गौहर ने खास प्रस्तुति दी। उन्होंने नृत्य के माध्यम से मणिपुर के राजा चित्रवाहन की पुत्री चित्रांगदा की कहानी प्रदर्शित की। अंतिम दिन के प्रथम सत्र को खास पद्मश्री शोभना नारायण की कथक प्रस्तुति ने बनाया। प्रस्तुति की शुरुआत शोभना ने हरि और हर पर आधारित एक परन से की। इसके बाद उन्होंने पांडवों द्वारा चौसर के खेल हारने और द्रौपदी चीर हरण के प्रसंग को कथक के भावों संग दर्शाया। प्रस्तुति के अंत में उन्होंने एक खास प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने बुद्ध की कहानी उनकी पत्नी यशोधरा की जुबानी सुनाई। इसके पहले बनारस घराने के प्रसिद्ध तबला वादक पंडित संजू सहाय ने प्रस्तुति दी।



## फटाफट खबरें

### संविदा शिक्षकों को 11 माह का सेवा विस्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय, भेषज संकाय सहित अन्य विभागों में नियुक्त 38 संविदा शिक्षकों को 11 माह या अग्रिम आदेश तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। सेवा विस्तार पाने वाले शिक्षकों में असिस्टेंट एवं असोसिएट प्रोफेसर स्तर के शिक्षक शामिल हैं। कुलपति प्रो. संजय सिंह के अनुमोदन के बाद कुलसचिव रोहित सिंह ने इसका आदेश जारी कर दिया। इन शिक्षकों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों के तहत मानदेय मिलेगा।

### पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण पर दिया जोर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: होटल क्लार्क्स अवध में इशरे लखनऊ सब चैप्टर की ओर से पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर सेमिनार हुआ। कार्यक्रम में संस्था के अलग-अलग पदाधिकारियों ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभावों और आम जनमानस के कल्याण के लिए ऊर्जा संरक्षण की जरूरत पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ISHRAE दिल्ली से आए वलीउल्ला सिद्दीकी समेत अन्य पदाधिकारी हरीश साहनी, शरद श्रीवास्तव, संदीप सक्सेना, मनोज मित्तल, सुशांत अवस्थी, आलोक चौधरी, समीर गुप्ता, वंदना सहगल, अशोक कुमार, आशीष श्रीवास्तव, आबिद हुसैन, आशीष जैन, फरहीन बानो, रवि शंकर सिंह, समीर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### 'आर्ट ऑडिसी' में चित्रकला की दिखी विधा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अलीगंज स्थित कला स्रोत गैलरी में शनिवार शाम 'आर्ट ऑडिसी' सामूहिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में अलग-अलग पीढ़ी के कुल 10 कलाकार अपनी कला को प्रदर्शित कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी 25 दिसंबर तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। जिस दौरान कलाकारों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें चित्रकला, मूर्तिकला और प्रिंट मेकिंग जैसी विभिन्न विधाओं की कृतियां शामिल हैं। मौके पर चंद्रभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदर्शनी में उन कलाकारों की कलाओं को शामिल किया गया है जो राजनीति और व्यापार से ऊपर उठकर कला के लिए समर्पित हैं।

### बिजलीकर्मियों ने समझौता पत्र जलाया

■ NBT न्यूज, लखनऊ: संविदा बिजली कर्मियों की ऊर्जा प्रबंधन के साथ बीते शुक्रवार की देर रात हुई बैठक वार्ता विफल रही। नाराज संविदा बिजली कर्मियों ने शनिवार को ताल कटोरा स्थित लेसा कार्यालय परिसर पर एकत्रित होकर समझौता पत्र का दहन किया। यूपी पावर कॉरपोरेशन संविदा एवं निविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांडेय ने आरोप लगाया कि ऊर्जा प्रबंधन में बीते 29 नवंबर को हुई बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर ऊर्जा प्रबंधन के साथ सहमति बनी थी, उससे प्रबंधन अपनी बात से मुकर गया। ऊर्जा प्रबंधन के बदले सुरों से नाराज कर्मचारियों की ओर से जल्द ही प्रदेश में बड़ा आंदोलन होगा। जल्द ही आंदोलन की तारीख तय होगी।

### कंबल और मोटराइज्ड ट्राई साइकल बांटीं



■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज: जननायक सुजीत पांडेय मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से शनिवार को समाज के कमजोर वर्गों के लिए मानवीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 15,101 बुजुर्गों को कंबल दिए गए, जबकि 51 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकल, व्हील चेयर समेत अन्य सहायक उपकरण दिए। दिव्यांग लाभार्थियों को बैसाखी, कमर की बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर, छड़ी, वॉकर सहित आवश्यक सहायक उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए। ट्रस्ट प्रबंधक डॉ. अजय पांडेय सत्यम ने बताया कि कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री गोपाल नारायण मिश्रा, विधायक अमरेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह, कार्यक्रम संचालक अवधेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## 'यादों के झरोखों से' में सजी अदबी नशिस्त



■ NBT न्यूज, लखनऊ: मरहूम शायर वसीउद्दीन खां उर्फ मतीन की याद में अदबी नशिस्त 'यादों के झरोखों से' का भावपूर्ण आयोजन हुआ।

फतेहपुर मूल निवासी और एएमयू के चर्चित छात्र रहे मतीन के शेरी मजमूए सफीना-ए-मतीन के रस्मे-इजरा व मुशायरे ने कार्यक्रम को खास बना दिया। नशिस्त की सदारत वरिष्ठ साहित्यकार आसिफ फारूकी ने की। सलमा हिजाब की मौजूदगी और नौजवान शायर अहमद फराज की शायरी ने समां बांध दिया। आदाब अर्ज लखनऊ की ओर से आयोजित कार्यक्रम अदब और तहजीब की यादगार मिसाल बना।

## मशीनों से सड़क बनाने के लिए किया प्रदर्शन



■ NBT न्यूज, मलिहाबाद: रहीमाबाद के जौरिया- कसेला संडीला की जर्जर सड़क की मरम्मत मशीनों से न किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी है जिसके चलते सिंचाई विभाग को सड़क की मरम्मत की जिम्मेदारी मिली है। सड़क की मरम्मत के लिए मशीनों के इस्तेमाल की आवश्यकता है। हालांकि, ठेकेदार द्वारा मशीनों के बजाय मजदूरों से सड़क बनवाने की बात कह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मशीनों से मजबूत बनेगी और लंबे समय तक उखड़ेगी नहीं जबकि मजदूरों से सड़क मानकों के अनुरूप नहीं बन पाएगी। मौके पर अशोक यादव, अनिल कनौजिया, गौरी शंकर पांडे, सरवन, विमलेश मौजूद रहे।


TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

**Obituary Remembrance**

| PACKAGE | RATE per sq cm |
|---|---|
| UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - UP East & West + Uttarakhand + NBTL) | Colour Rs 860/- |
| EAST UTTAR PRADESH (The Times of India - Lucknow fullrun + NBT Lucknow) | Colour Rs 570/- |
| WEST UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - West UP+Uttarakhand) | Colour Rs 290/- |
| NORTH INDIA (The Times of India - Delhi/ Gurgaon, Jaipur, MP, Lucknow, Kanpur West UP & NBT - Delhi/ NCR, Lucknow) | Colour Rs 2600/- B/W Rs 2550/- |
| ALL INDIA (The Times of India - All Editions) | Colour Rs 2700/- B/W Rs 2430/- |

*Minimum size 40 upto 320 sqcm

FOR ANY QUERY, PLEASE CONTACT:

AGRA: Vikas Jain – 9917475393
ALIGARH: Akash Upadhyay – 9457718804
ALLAHABAD: Amiya Shukla – 9984426699
BAREILLY: Aarohi Sharma – 7906294685
DEHRADUN: Pooja Kumar – 9719157775
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha-7007667388
HALDWANI: Chandan Singh Bisht – 9837564640
HARIDWAR/ROORKEE/SAHARANPUR: Amit Dhasmana – 9997083360
KANPUR: Anoop Dixit – 7860802468
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari – 9044122662
Anurag Nautiyal – 8840945902
MEERUT: Sanyam Monga – 9897048195
MORADABAD: Omkar Pandey – 7607015000
VARANASI: Nitesh Arora – 9559983838

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए

लखनऊ

GOMTINAGAR/ Gomti Nagar ext., Ansal, Plot/ House/Flat,Comm. real.Sale Purchase Sommya Associate 9450447501, 8318043435

FOR Sale M-Sector, Ashiyana Colony, Kanpur Road, Lucknow. Single unit 1500 sq.ft. Ground Floor House with One Room and Toilet on the 1st Floor. Contact:- 9815157933

FOR-SALE House built on 3800 Sq.ft. Land in Sector-A Mahanagar and Land at Malhaur Road area 1800 Sq.ft. in Lucknow. Cont: 9889244444

SAFFIRE Royal Sultanpur Rd.Lucknow LDA/RERA approved registered plot, 834 sf. NE facing with all amenities is for sale. Contact: 9717740267

1248 sqft North facing main divider road near patrakar crossing Gomti Nagar Lko plot for sale. Brij property 9415019850, 7706056789

VILLA for sale in Ashiyana Sector D1 Lucknow 3500 Sqft west face near CMS School Sagar Square Mobile: 8004004093, 7800662789

किराये के लिए

लखनऊ

HAZRATGANJ (3 PARK ROAD, Gated Colony, With Guard) Two Room Fully Furnished Flat with Two A.C., Fridge, Gas, R.O., Washing Machine, etc. Rent Rs.25,000/- pm. Contact: 9450641395

SPACE for Rent 1st Floor 1100 SqFt to 1500 SqFt, Chandganj Garden, Near Kapoorthala, Aliganj, Lucknow M: 7379050534

A commercial space,1st floor(2400 sq ft) & 2nd floor (2400 sq ft) in 3 - story building at Hausaria Chauraha, Vineet Khand , Gomtinagar, Lucknow is available for rental hiring. Contact: 9654941818, 9717625557

GOMTI Ngr Extn. Hestia Apt.(3 BHK + study) flat + 2-BHK- Vrindavan Yojna Sukhada Apartments, both semi-furnished flats. 9415018938

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Mohammad Adil S/o Mohammad Akil, R/o Uncha, G.T. Road, Chhibramau, Kannauj (U.P.), declare that my, my father's, and my mother's names are incorrectly recorded as Adil, Akeel Khan and Shameen Begum in educational documents. The correct names are Mohammad Adil, Mohammad Akil, and Shamim Bano.

TO GROW YOUR BUSINESS — PLEASE CALL US — LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Nautiyal - 8840945902; KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468; ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051; VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838; GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha - 9415019274. WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN Print Radio Digital

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

सामान्य

CITY MONTESSORI SCHOOL LUCKNOW REQUIRES English Medium teachers in all subjects at Pre-Primary, Primary, Junior, ICSE & ISC levels for the session 2026-27. Also required are Art, Dance, Music, French, AI & Robotics, Physical Education and EVS teachers. Non-Teaching- Clerks; IT Assistants; Lab Assistants (Phy, Chem, Bio, Computer Labs); Receptionists; Librarians; Brass Band Masters; Career Counsellors; Psychological Counsellors; Junior Engineers & AutoCAD/ Revit draftsmen.
Minimum Qualifications: Pre-Primary & Primary: Graduation in any stream (females preferred); Junior & ICSE: Graduation in the teaching subject; ISC: Post Graduation in the teaching subject; Non-Teaching: Related qualifications from a recognised university
Monthly starting salary for full-time trained, experienced and skilled teachers till June 2026*

| GRADES | SALARY |
|---|---|
| Pre-Primary | ₹ 36,470/-* |
| Primary | ₹ 59,264/-* |
| Junior | ₹ 75,564/-* |
| ICSE | ₹ 75,564/-* |
| ISC | ₹ 79,876/-* |
| Others* | As per industry standards |

*Salary will be subject to: (a) Qualification (b) Experience (c) Management Interview. For updates on vacancies, please scan QR. Only shortlisted candidates will be contacted. Apply online at: cmseducation.org/careers

शिक्षक

REQD Female B.Ed/ others Teachers for Eng Hindi Maths SST Art Librarian Office St. Anjani's Public School, F- Blk Rajaji Puram Lko Email cv: recruitmentsaps7@gmail.com , 05224021189

TEACHERS Required PGT /TGT: Eco, Acc, BST, Maths, Eng, CS, Music • PRT: Mother Teacher. Sacred Heart School Sidhauli, Sitapur-261303 . Contact: 9519304110

CHIRANJIV Bharati School, Sec- M, Aashiana, Lko. Urgt TGT & PGT English IX-XII. Pre- Primary/ Pri Teachers. CV: cbslucknow@gmail.com

ST John Bosco College Gomtinagar Wanted Biology English PGTs for Teaching ICSE & ISC classes. PRT also apply.

MODERN SCHOOL — TRUE TEACHERS — APPLY FOR TEACHING: FOR NEXT SESSION • PRIMARY TEACHER • PRE PRIMARY TEACHER • TGT ENGLISH • LIBRARIAN • FOOTBALL COACH — Email resume to: education@modernschool.org

प्रशासन

प्रबंधक

GOLDEN Chance- Managers req.in MNC.Sal:30K-75K. Housewives,Rtd person,Lko resdnt pref. Vikaskhnd, nr dayal xing. Gomtingr 9532099848,9336348960

चिकित्सा

चिकित्सा

REQUIRED for Hayat Unani Medical College & Research Centre / Hospital Qualified, Experienced & fluent in Computers. Associate Professors MahiyatulAmraz, Ilmul Atfal, Ilaj-Bit-Tadbeer, Moalajat, Assistant Professor Jarahat & Munafeul Aza. For Hospital Staff- Med. Superintendent, Deputy Superintendent, EMO, RMO, RSO, Matron, Nursing Staff, Admin, HR, Assistants (OT/Lab) Technicians (Lab/X-Ray, OT) Med. Record Technicians, Store Keeper, Attendants, Clerical Staff, Assist. Librarian, Museum Keeper, Nutritionist, Coordinator(BUMS) Location: Lucknow Email: info@hayatumc.com , Mob: 7521002530

REQUIRED Programme Executive for Healthcare Institute, Hayat Hospital, Hardoi Road, Lucknow. Graduate with ability in MS office, Counselling, Industry liaison & driving. Send resume : info@radianceinstitute.in

अन्य रिक्तियां

पार्ट टाइम जॉब

MNC req. Developer Manager Retired & Business person, Housewife can join. Salary 30K-75K, Gomtinagar. free medical cover, foreign trip. # 9795581355

ASTRO ZONE — TIMES interact

हाथ दिखाइये जाने अपना भविष्य (19 से 23 तारीख तक) (पिछले 44 वर्षों से लगातार) प्रो. चैतन्य
स्थान : होटल पर्ल, 16 विधानसभा रोड, लखनऊ
समय : प्रातः 9 बजे से 1 एवं सायं 3 बजे से 7 बजे तक
8887649012, 7376855010

TRAVEL DESTINATION — TIMES interact

HAJJ 2026
Last Date Of Booking : 15 Jan 2025
ECONOMY PACKAGE INCLUDES: 32/33 DAYS SHIFTING
Departure 1 Month Before
DEP.: 03 MAY 2026 DEL-JED
ARRIVED: 04 JUN 2026 JED-DEL
Package Price 595,000/- PER PAX
IATA All Tax Inc.
MAKKAH HOTEL 600 Mtr
MADINA HOTEL 500 Mtr
Meena Zone 5 D-Category
Transport in Makkah & Madinah by bus, Full Meals, Makkah & Madina Ziyarat by AC Bus
HIND TOURS & TRAVELS
Approved by: Ministry of Minority Affairs (Haj Cell), Government of India and Ministry of Hajj, Kingdom of Saudi Arabia
B-51/52, Tej Kumar Plaza, Hazratganj, Lucknow
Call/Whatsapp: +91-9936749998, 9936263483
Landline: 0522-4588855, Email: htt.lko@hotmail.com

GALLERIA — TIMES interact

आज अन्तिम दिन
हिमांचल वूल फैब
कुल्लू, किन्नौर, लद्दाख, चम्बा के शाल और स्टोल
HANDLOOM & HANDICRAFTS
Special attraction: - Shawls in Traditional & Typical Pattern Handwoven in 100% Sheep wool, Yak wool, Lamb wool, Rabbit wool
Exclusive Stock Available
• गाउन • चेस्टर • मफलर • हिमांचली टोपी • हिमांचली मोजे • ब्लेजर • वूलेन सूट्स • लेडीज कोट • हिमांचली पारम्परिक जेकेट
05 से 21 दिसम्बर
Discount 20%
स्थान : Fanthome Auditorium 13, Ashok Marg, Lucknow

TIMES interact
ROL sample ad 5 lines — CD Sample ad 5 cm x 3 cm

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,150 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,600 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,050 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹61,500 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,16,850 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,53,750 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

CATEGORY SERVICE
Publication: TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL
Contact - LUCKNOW: Kuldeep Tiwari 9044122662, Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

## फटाफट खबरें

### बियॉन्ड द कर्टन' का मंचन कल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: जिस उम्र में ज्यादातर लोग जीवन की सक्रियता से विराम ले लेते है, उस उम्र में वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी मंच पर जीवन का उत्सव रच रहे है। 82 वर्ष की आयु में उनका सौवां नाटक 'बियॉन्ड द कर्टन' यह साबित करता है कि रंगमच के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। इस नाटक का मंचन सोमवार को एसएनए में होगा। डॉ. अनिल रस्तोगी ने अभिनय की शुरुआत वर्ष 1964 में महज 18 वर्ष की उम्र में की थी। उनका पहला नाटक 'नूरजहां' था, जिसमें उन्होंने भरत की भूमिका निभाई।

### सौरभ शुक्ला बने महानगर अध्यक्ष



■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम: ब्राह्मण परिवार ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय पर बैठक की। बैठक में संगठन को मजबूती देने पर चर्चा की गई। इस मौके पर सौरभ शुक्ला को महानगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु पाण्डेय ने संगठन की एकजुटता पर बल दिया।

### मौलाना जवाद को इमाम खुमैनी अवॉर्ड



■ NBT न्यूज, लखनऊ: वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद को इमाम खुमैनी अवॉर्ड से नवाजा गया। ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियान और इमाम खुमैनी के पौत्र सैयद हसन खुमैनी ने उन्हें तेहरान में यह सम्मान दिया। मौलाना आदिल फराज ने बताया कि ये अवॉर्ड भारत-ईरान के ऐतिहासिक रिश्तों और शिया समाज के ताल्लुकात को और मजबूत करता है।

## केशव मौर्य ने सपा प्रमुख पर फिर साधा निशाना

# 'बिहार की हार के बाद से अखिलेश का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं'

अटल स्वास्थ्य मेला-6 में दिव्यांगों को बांटी ट्राई साइकल, बैसाखी चश्मा और सहायक उपकरण



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अखिलेश यादव जब से बिहार हार कर आए है, उनका मानसिक स्वास्थ्य सही नहीं है। मैं नीरज सिंह से कहूंगा कि उनको बुलवाकर यहां स्वास्थ्य मेले में उनका चेकअप करवा दीजिए। अयोध्या वाली सीट जीतने के बाद लगातार कहते थे कि अवध हमारा है ये तो मगध भी हम ही हराएंगे। ये बातें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं। वे विकासनगर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित निःशुल्क अटल स्वास्थ्य मेला-6 का शुभारंभ करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगों को ट्राईसाइकल, कान की मशीन, बैसाखी चश्मा व अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया।

उपमुख्यमंत्री अस्पतालों के स्टॉल पर भी गए और मरीजों को प्राप्त हो रही निशुल्क सुविधाओं की भी जानकारी ली। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी, स्वास्थ्य मेला संयोजक डॉ. नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद अशोक बाजपेई, विधायक योगेश शुक्ला, एमएलसी अवनीश सिंह, महामंत्री पुष्कर शुक्ला आदि मौजूद रहे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव दिन पटना एयरपोर्ट पर मिल गए थे तो पूछ रहे थे कि लड्डू कब खिलाएंगे। मैंने कहा 14 नवंबर की गिनती के बाद नीतीश कुमार को दोबारा मुख्यमंत्री बन जाने दीजिए तो लड्डू खिलाएंगे, अब रिजल्ट आने के बाद उनका पता नहीं चल रहा है। ये मगध में हार चुके हैं।

**अंत्योदय के भाव से आयोजन:** स्वास्थ्य मेला संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ पूर्व पीएम अटल की कर्मभूमि रही है। अंत्योदय के भाव से उनको श्रद्धांजलि के रूप में हम साल यह मेला आयोजित करते है। इस स्वास्थ्य मेले में सिर्फ लखनऊ शहर ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोग भी आकर निःशुल्क जांच और उपचार कराते है। 2019 से यह स्वास्थ्य मेला हर साल हजारों जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे रहा है। पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यक्रम संकल्प लेने का है कि हम भी सेवा के क्षेत्र में कुछ करें।

### 5220 लोगों को मिला लाभ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि छठें अटल स्वास्थ्य मेले के पहले दिन 5220 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया है। इस स्वास्थ्य मेले में 50 अल्ट्रासाउंड, 40 ईसीजी, 25 इको हुए है। साथ ही 35 दिव्यांगों को बैसाखी, इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर और ट्राई साइकल बांटी गई है। 110 सुनने की मशीन और 715 चश्मों का वितरण हुआ है। मेले में पीजीआई, केजीएमयू, लखनऊ कैंसर हास्पिटल के स्टॉल लगे।

## करियर कॉन्वेंट कॉलेज के छात्रों में दिखी रचनात्मक सोच

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विकास नगर स्थित करियर कॉन्वेंट कालेज में विज्ञान, गणित, कला, मानविकी, भूगोल एवं वाणिज्य विषयों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी हुई। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच से सभी का मन मोह लिया। प्रदर्शनी की शुरुआत विद्यालय की निदेशक शबाना खान व प्रधानाचार्य बबी जौन ने किया। विद्यालय के प्रबंधक अजमत अली मौजूद रहे। उन्होंने विजेता प्रोजेक्ट्स को दो हजार रुपये देने की घोषणा की।


### कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद-लखनऊ

पत्रांक: [illegible] /2025-26/21536 दिनांक : 20 दिसम्बर 2025

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र : संख्या 19/SPMU/NHM/District Walk-in/2023-24/4150 दिनांक: 18 अगस्त 2023 के अनुपालन में एवं जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दिनांक 18.12.2025 के क्रम में जनपद-लखनऊ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में रिक्त संविदा पदों हेतु चिकित्साधिकारी (एम0बी0बी0एस0) की नियुक्ति वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जानी है, विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | पदनाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | कार्यक्रम का नाम | चिकित्सा इकाई का नाम | मानदेय रुपया प्रतिमाह | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी (M.O) | MBBS from recognised institute with valid registration in UPMCI and fluency in computer use is mandatory | डी0एच0एस0 | जिला महिला/पुरुष/संयुक्त चिकित्सालय | 1,00,000/- | 31 | UR-10 OBC-6 SC-9 ST-1 EWS-5 |
| 2 | | | मातृ स्वास्थ्य (Only for Female) | सी0एच0सी0 | 1,00,000/- | 1 | OBC-1 |
| | | | | के0जी0एम0यू0 | 1,00,000/- | 2 | UR-2 |
| 3 | | | एन0यू0एच0एम0 | नगरीय प्रा0स्वा0केन्द्र | Rs. 80,000.00 + Rs. 20,000 PBI | 4 | OBC-2 SC-1 EWS-1 |
| 4 | | | बाल स्वास्थ्य | एस0एन0सी0यू0 जिला चिकित्सालय | 1,00,000/- | 6 | UR-3 SC-2 EWS-1 |
| 5 | | | एन0यू0एच0एम0 | शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर 15th FC | Rs. 80,000.00 + Rs. 20,000 PBI | 9 | UR-3 OBC-1 SC-2 EWS-3 |
| | | | | TOTAL | | 53 | |

आवेदन हेतु निर्देश:-
- उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक-इन-इंटरव्यू **दिनांक: 07 जनवरी 2026** को प्रातः 08:00 बजे से सभागार, द्वितीय तल, कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ में सम्पन्न कराया जायेगा।
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]

मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सचिव
जनपद-लखनऊ


## पेंटिंग्स की कहानी, कविताओं की जुबानी



■ NBT न्यूज, लखनऊ: गोमतीनगर स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में शनिवार को एक्रिलिक और वॉटर कलर पेंटिंग्स की कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी वरिष्ठ चित्रकार अनुराधा गुप्ता की ओर से आयोजित की गई थी। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में दर्शकों ने शानदार क्रिएटिव अनुभव का अनुभव लिया। प्रदर्शनी में सेल्फ-टॉट कलाकार अनुराधा गुप्ता ने वॉटर-कलर और मिक्स्ड-मीडिया काम का प्रदर्शन किया। यहां हिंदी और अवधी की कवयित्री विनीता मिश्रा की भावपूर्ण कविताएं भी नजर आईं, जिन्होंने पेंटिंग्स की भावनाओं को गीतात्मक अभिव्यक्तियों में अनुवादित किया।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' से दिखाया शौर्य



■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर के बिजनौर रोड स्थित गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव हुआ। इस में 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के जयघोष गूंजे। कार्यक्रम में देशभक्ति के साथ-साथ अनेकता में एकता की झलक दिखी, जिसने सभी का मन मोह लिया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी चितरंजन महापात्रा ने बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की। मौके पर सोमिल कुशवाहा, पिंकी शुक्ला, लोकेश गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आधे घंटे का लघु नाटक 'ऑपरेशन सिंदूर' रहा। इसमें छात्र-छात्राओं ने भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को जीवंत कर दिया।


**IDBI BANK** CIN-L65190MH2004GOI148838

पंजीकृत कार्यालय : आईडीबीआई टावर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स कफ परेड, मुम्बई-400005
शाखा : आईडीबीआई बैंक लि., आलमबाग, लखनऊ-226005

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु **बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित, वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार श्री नीरज कुमार वर्मा एवं श्रीमती भावना चौरसिया के पास गिरवी/बंधक है और जिसका कब्जा आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को 22.01.2026 को "जैसा है, जहां है", "जैसा है, और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, सुरक्षित लेनदार की नीरज कुमार वर्मा एवं श्रीमती भावना चौरसिया (ऋणी एवं बंधककर्ता) से देय रू.20,49,553.54 रुपये की वसूली की जा सके। आरक्षित मूल्य रू.19,72,000/- रुपये होगी। रू.1,97,200/-
ऋणकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) का विवरण, देय राशि, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि, तथा अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई ज्ञात भार हो, तो नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है:-

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी/जमानतकर्ता/बंधककर्ता के नाम | अचल सुरक्षित प्रतिभूत आस्तियों का विवरण | डिमाण्ड नोटिस दि. 03.04.2025 के अनुसार बकाया राशि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | बिड/टेण्डर वृद्धि | निरीक्षण की तिथि एवं समय | अधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी का नाम व सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी /बन्धककर्ता / जमानतकर्ता- श्री नीरज कुमार वर्मा एवं श्रीमती भावना चौरसिया | अचल सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित मकान नं. केएन/913-एसए भूमि सहित, **क्षेत्रफल-** 680 वर्ग फीट अर्थात 63.197 वर्गमी. है जोकि खसरा नं. 913 के भाग की भूमि के पर प्लॉट पर निर्मित है एवं अलीनगर सुनेहरा परगना बिजनौर, तहसील सरोजिनी नगर, जिला- लखनऊ में स्थित है। **चौहद्दी- पूरब-** 15 फीट चौड़ा रोड, **पश्चिम-** मोहन का प्लॉट, **उत्तर-** मिश्रा जी का प्लॉट, **दक्षिण-** शिव कुमार का प्लॉट | रू. 20,49,553.54 | 22.01.2026 10:00 बजे से 04:00 बजे तक | रू. 19,72,000/- | रू. 1,97,200/- | रू. 10,000.00 | 20.01.2026 10:00 बजे से 03:00 बजे तक | श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव (9936339359) प्रीती कुमारी (8610448483) |

सुरक्षित लेनदार को ज्ञात भार-शून्य, ईएमडी जमा करने की **अंतिम तिथि- 21.01.2026** अपराह्न 3:00 बजे तक, वृद्धिशील बोली- रू.10,000/-
उस खाते का विवरण जिसमें आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा की जानी है और आईएफएससी कोड, खाता सं. 276349150100026, आईएफएससी- IBKL000276
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया आईडीबीआई बैंक लिमिटेड सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट www.idbibank.com पर दिए गए लिंक को देखें।
नीलामी/बोली केवल "ऑनलाइन मोड" से ई-सेवा प्रदाता अर्थात पीएसबी एलायंस प्रा.लि. (BAANKNET Platform), के माध्यम से की जायेगी। वेबसाइट https://baanknet.com

दिनांक : 21.12.2026 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लि.


## मन के हारे हार है...



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: दिल्ली पब्लिक स्कूल, इंदिरा नगर में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों की ओर से कक्षा प्रस्तुतिकरण हुआ। इस कार्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामान्य विज्ञान आदि विषयों से जुड़े मानव शरीर, भारतीय मुद्रा, हिन्दी व्याकरण, मन के हारे हार है, साइबर सुरक्षा, सतत विकास लक्ष्य, जैविक अभ्यारण्य जैसे विषयों को गीत, नाटक, कविता, नुक्कड़ नाटक एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से पेश किया गया। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी, कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों की ओर से विंटर महोत्सव भी हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य गजाला अख्तर ने प्रस्तुतियों की सराहना की।

## प्रदर्शनी में दिखी विज्ञान की उड़ान



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल में साइंस एंड आर्ट एग्जिबिशन लगाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी ग्रुप कमांडर लखनऊ ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन व व्यावहारिक ज्ञान के विकास में सहायक होती है। विद्यालय की निदेशक सरिता जायसवाल ने कहा कि साइंस एंड आर्ट एग्जिबिशन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मक सोच को प्रदर्शित करने का मौका देती है। प्रधानाचार्य अनुपम सिंह ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।

## नृत्यांजलि में दिखा जोश और उत्साह



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जानकीपुरम विस्तार लखनऊ के पिंटू मेमोरियल सूर्या अकादमी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'नृत्यांजलि' पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने नौनिहालों से लेकर ग्यारहवीं तक के मेधावी छात्रों ने पूरे जोश के साथ अलग अलग कार्यक्रमों में भाग लिया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार गुप्ता व रचना गुप्ता, मुख्य संरक्षक उदय शंकर निगम, प्रधानाचार्य, पूनम खन्ना मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना रहीं। रेट्रो थीम पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने फिल्मी गीत डिस्को डांसर, मेरी उम्र के नौजवानों पर मनमोहक नृत्य पेश किया। छात्रों के पेयर डांस और कव्वाली से पूरा पंडाल अभिभावकों की खूब सराहना बटोरी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्या-यॉ/301/इज्जतनगर/ओटी-30

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदण्डों के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। क्र.सं. 1: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 02 वर्ष हेतु वैगन के सीबीसी, बोगी इत्यादि की मरम्मत से संबंधित कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार). **अनुमानित मूल्य (₹ में):** ₹1,95,18,129.40 (रू० एक करोड़ पिच्यानवे लाख अठ्ठारह हजार एक सौ उनतीस एवं चालीस पैसे मात्र). **बिड सिक्योरिटी (₹ में):** ₹2,47,600/- (रू० दो लाख सैंतालीस हजार छः सौ मात्र). **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) शून्य; कार्य अवधि:** 02 वर्ष; **निविदा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक 02.01.2026 को 15:30 बजे। **नोट:** 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 19.12.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 02.01.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय है। यदि निविदा प्रपत्र में विशेषतः उल्लेखित नहीं है, ऐसी स्थिति में दरें तथा अन्य विशिष्ट प्रमाण अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान नेट बैंकिंग अथवा भुगतान गेटवे अथवा निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार किया जाएगा।

उपमुख्य/प्लांट
मुजाधि/यांत्रिक-111 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

यांत्रिक विभाग
बेलापुर भवन, सेक्टर - 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614

**यांत्रिक विभाग के लिए ठेकेदारों का रजिस्ट्रेशन ईओआई नोटिस नंबर: सीओ/एम/ओएडएम/ईओआई/ई65973 दिनांक 19.12.2025**

मुख्य यांत्रिक अभियंता ने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ परियोजना भागीदार के रूप में जुड़ने के लिए अभिरुचि स्वास्थ्य आमंत्रित की है। इसमें रेलवे कार्यशाला के संचालन और रखरखाव के साथ रिपेयर, पुनर्वास, उन्नयन, परिवर्तन और सब-असेंबली का निर्माण, साथ ही विभिन्न नए या मौजूदा रोलिंग स्टॉक के लिए पीओएच/आरओएच कार्य, कोच रिफर्बिशमेंट और संबंधित कार्य शामिल है।
अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.konkanrailway.com** पर जाएं। (ईओआई दस्तावेज का पथ): **www.konkanrailway.com → विभाग → यांत्रिक → अभिरुचि स्वास्थ्य (ईओआई) दस्तावेज**)। आवेदन पत्र की कीमत: रु.15,000/- + 18% जीएसटी = रु.17,700/- (सत्रह हजार सात सौ रुपये मात्र) (नॉन-रिफंडेबल और नॉन-ट्रांसफरेबल)।



**उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
**ओबरा-सोनभद्र।**
**ई-निविदा सूचना**

1. ई-निविदा सं0 22/SE(CMC-I)/CMD-II/2025-26, ओबरा ताप विद्युत के चकारी स्थित इन्टरमीडिएट ए0डब्लू0आर0एस0 पम्प हाउस के पास 01 नग पिट एवं 01 नग वेल का निर्माण कार्य, प्रपत्र शुल्क- रू0 1180.00, धरोहर राशि-रू0 57,000.00, धनराशि- रू 28,91,880.00, ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 26.12.2025
2. ई-निविदा सं0 GEM/2025/B/6999377, भारी एवं हल्के वाहनों के अनुरक्षण का कार्य, प्रपत्र शुल्क- रू0 0.00, धरोहर राशि- रू0 34,000.00, धनराशि- रू 16,98,992.00, ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 03.01.2026
3. ई-निविदा सं0 23/SE(CMC-I)/CMD-II/2025-26, ओबरा 'अ' ताप विद्युत गृह में स्थित सेन्ट्रल स्टोर से आर0जी0-7 'अ' ताप तक डब्लू0बी0एम0 रोड एवं आर0जी0-7 'अ' ताप से वैगन ट्रिपलर 'अ' ताप तक सी0सी0 रोड के निर्माण का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू0 1180.00, धरोहर राशि-रू0 76,000.00, धनराशि- रू 38,18,710.00, ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 07.01.2026

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से **https://etender.up.nic.in** देखें।

संख्या: 56/ज0स0का0/निविदा दिनांक : 20/12/2025

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना

ग्राहकों, पेंशनभोगियों और जन सामान्य के ध्यानार्थ...
फ़र्ज़ी लिंक से सावधान रहें

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के समक्ष फ़र्ज़ी और भ्रामक विज्ञापनों के मामले आए हैं, जिनमें बैंक के नाम, लोगो और शीर्ष अधिकारियों की तस्वीरों का उपयोग करते हुए विशेष कार्ड, पेंशन लाभ, छूट या अनिवार्य रूप से आवेदन करने की आवश्यकता की सूचना दी गई है। ऐसे विज्ञापन धोखाधड़ीपूर्ण उद्देश्यों से प्रेरित हैं और बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा जारी नहीं किए गए हैं।

बैंक ग्राहकों से कभी भी अनौपचारिक लिंक के माध्यम से आवेदन करने के लिए नहीं कहता है और इस तरह के माध्यमों द्वारा व्यक्तिगत विवरण, कार्ड की जानकारी, ओटीपी या लॉगिन क्रेडेंशियल नहीं मांगता है।

ग्राहकों से हमारा अनुरोध है कि वे संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात ऐप डाउनलोड न करें या कोई संवेदनशील जानकारी साझा न करें।

प्रामाणिक जानकारी के लिए, कृपया बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आधिकारिक वेबसाइट, सत्यापित संचार माध्यमों, शाखाओं या संपर्क केंद्र पर ही जाएं।

टोल फ़्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 / 5000
https://bankofbaroda.bank.in



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम
**Union Bank of India** (A Govt. of India Undertaking)

एआरबी, लखनऊ : भू-तल, यूनियन बैंक भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010,
ईमेल:- ubin0578720@unionbankofindia.bank

**मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका सांकेतिक / भौतिक कब्जा यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक 28.01.2026 (समय: दोपहर 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) को होने वाली ई-नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के आधार" पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है।

**ऑनलाइन ई-नीलामी की वेबसाइट https://baanknet.com**
**नीलामी दिनांक व समय: 28 जनवरी, 2026, दोपहर: 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित)**

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतकर्ताओं का नाम और पता | ई-नीलामी हेतु सम्पत्तियों का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि | 1. शाखा प्रमुख/सम्पर्क 2. प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ई-मेल आईडी 4. सम्पर्क अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र | ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि | कब्जा सांकेतिक/भौतिक / ज्ञात ऋणभार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) मेसर्स राजधानी वैंचर प्राइवेट लिमिटेड, पता: फ्लैट नंबर 162, ब्लॉक नंबर 1, ऑलिव्स एन्क्लेव, निकट इंदिरा नहर, फैजाबाद रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (आरओसी के अनुसार निदेशकों के माध्यम से-1. श्री आशीष सोनकर डीआईएन-10552261 2. श्री हरीश चंद्र सिंह डीआईएन-10525760) 2) सुश्री अदिति सिंह पुत्री श्री संजीव कुमार सिंह, पता: 8, लक्ष्मणपुरी, फैजाबाद रोड, रेमंड शोरूम के सामने, इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (खाते में जमानतकर्ता- मेसर्स राजधानी वैंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) 3) श्री रोहिताश्व सिंह पुत्र स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह, पता: 404, लिलाक ए आर 1 ओमेक्स रेजीडेंसी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश (खाते में जमानतकर्ता- मेसर्स राजधानी वैंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) 4) श्रीमती कंचन लता सिंह पत्नी स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह, पता: मकान नं 4/38, विराट खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226010 (खाते में जमानतकर्ता- मेसर्स राजधानी वैंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) 5) श्री ममता सिंह पत्नी रोहिताश्व सिंह, पता: 404, लिलैक ए आर 1 ओमेक्स रेजीडेंसी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (खाते में जमानतकर्ता- मेसर्स राजधानी वैंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) 6) श्री अरुण कुमार सिंह पुत्र श्री हरिश्चंद्र सिंह, पता: ई4/1093 सेक्टर ओ मानसरोवर योजना, अमौसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (खाते में जमानतकर्ता- मेसर्स राजधानी वैंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) 7) श्री रोहिताश्व सिंह पुत्र स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह पता: 404, लीलैक ए आर 1 ओमेक्स रेजीडेंसी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश (स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी) 8) श्रीमती कंचन लता सिंह पत्नी स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह पता: मकान नंबर 4/38, विराट खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226010 (स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी) | 1) मकान संख्या 4/38, विराट खंड-4, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, संपत्ति के स्वामी: श्रीमती कंचन लता सिंह, पत्नी: श्री दुर्गा प्रसाद सिंह एवं स्व. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह पुत्र स्व. कैलाश बख्श, क्षेत्रफल: 200.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व: मकान संख्या 4/49, पश्चिम: 24.00 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर: मकान संख्या 4/39, दक्षिण: मकान संख्या 4/37 | 1.रु. 1,84,00,000/- 2.रु. 18,40,000/- 3.रु. 1,00,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अनुज कुमार/7457071504 | रु. 2,19,59,721.54 (रुपये दो करोड़, उन्नीस लाख, उनसठ हजार, सात सौ इक्कीस व पैसे चौवन मात्र) मांग सूचना दिनांक 29.11.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक |
| | | 2) साम्पिक बंधक फ्लैट संख्या 506, टावर संख्या-1, ऑर्किड हाइट्स अपार्टमेंट, उतरठिया, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, संपत्ति का स्वामित्व: सुश्री अदिति सिंह, पुत्री श्री संजीव कुमार सिंह, क्षेत्रफल-123.141 वर्ग मी. (सुपर एरिया), चौहद्दी- पूर्व: फ्लैट सं. टी-1-505, पश्चिम: खुला, उत्तर: टावर सं. 1 की पाँचवीं मंजिल का गलियारा, दक्षिण: खुला | 1.रु. 48,00,000/- 2.रु. 4,80,000/- 3.रु. 48,000/- | | | सांकेतिक / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 2. | 1) श्री संजय तिवारी पुत्र स्व. दिनेश कुमार तिवारी, पता: ई-3/344, विनीत खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 उत्तर प्रदेश (ऋणी) 2) श्रीमती सरला तिवारी पत्नी स्व. दिनेश कुमार तिवारी, पता: ई-3/344, विनीत खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 उत्तर प्रदेश (ऋणी) 3) स्व. दिनेश कुमार तिवारी पुत्र श्री केदार नाथ तिवारी के कानूनी उत्तराधिकारी, पता: ई-3/344, विनीत खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 उत्तर प्रदेश। | साम्पिक बंधक ईडब्ल्यूएस आवासीय मकान स्थित प्लॉट संख्या ई-3/344, विनीत खंड, गोमती नगर, वार्ड-राजीव गांधी नगर, लखनऊ, संपत्ति श्रीमती सरला तिवारी पत्नी स्व. दिनेश कुमार तिवारी और स्व. दिनेश कुमार तिवारी पुत्र श्री केदार नाथ तिवारी के विधिक उत्तराधिकारियों के स्वामित्व में, क्षेत्रफल 30.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व: 6.00 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम: मकान संख्या 3/332, उत्तर: मकान संख्या 3/345, दक्षिण: मकान संख्या 3/343 | 1.रु. 20,00,000/- 2.रु. 2,00,000/- 3.रु. 20,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अनुज कुमार/7457071504 | रु. 14,71,227.13 (रुपये चौदह लाख, इकहत्तर हजार, दो सौ सत्ताईस व पैसे तेरह मात्र) मांग सूचना दिनांक 25.11.2021 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं / सांकेतिक / सांकेतिक / प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in और https://baanknet.com में दिये गए लिंक को देखें। पंजीकरण, ईएमडी भुगतान और बोली-प्रक्रिया के नियमों के लिए वेबसाइट https://baanknet.com पर जाएं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध ई-मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक विवरण और सक्रिय दूरभाष नम्बर अवश्य होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए बोलीदाताओं/खरीदार के पास "डिजिलॉकर सुविधा" होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए क्रेता मैनुअल द्वारा निर्देशित हो सकते हैं।
**Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना।**
इसे Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई-नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों/जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जावे।

दिनांक: 21.12.2025 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## फटाफट खबरें

### हिजाब विवाद पर पश्चाताप करें नीतीश: मायावती

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बसपा सुप्रीमो मायावती ने X पर पोस्ट कर बिहार के हिजाब विवाद पर नीतीश कुमार को पश्चाताप करने की सलाह दी है। साथ ही बहराइच में कथावाचक को पुलिस की सलामी देने पर नाराजगी जताते हुए इसे अनुशासन का उल्लंघन बताया। उन्होंने ऐसी घटनाएं रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। साथ उन्होंने संसद की कार्यवाही और बांग्लादेश के हालात से निपटने पर भी केंद्र सरकार को सलाह दी है।

### अटल जयंती पर 25 को खुलेंगे अपर प्राइमरी स्कूल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अटल जयंती पर 25 दिसंबर को बेसिक शिक्षा परिषद के अपर प्राइमरी स्कूल खुलेंगे। इस दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर निबंध लेखन प्रतियोगिता होगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा निदेशक ने सभी बीएसए को निर्देश जारी किए हैं। 'अटल जी एवं सुशासन' विषय पर होने वाली प्रतियोगिता में कक्षा आठ के छात्र शामिल होंगे।

### BJP को महात्मा गांधी और गरीबों दोनों से घृणा: नासिर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व राज्यसभा सांसद सैय्यद नासिर हुसैन ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने नए बिल से दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची है। यह महात्मा गांधी की सोच और गरीबों के काम के अधिकार पर सीधा हमला है। हुसैन ने नैशनल हेराल्ड केस में कोर्ट के फैसले को सच की जीत बताया। कहा कि मोदी-शाह सरकार ने गांधी परिवार को निशाना बनाने के लिए ED का दुरुपयोग किया।

### अपना दल (एस) ने संत गाडगे को दी श्रद्धांजलि

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: देश में स्वच्छता को आंदोलन का रूप देने वाले संत गाडगे की पुण्यतिथि पर शनिवार को अपना दल (एस) ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी दफ्तर में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह ने कहा कि संत गाडगे स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर थे। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव केके पटेल, राष्ट्रीय सचिव विनोद गंगवार, प्रदेश अध्यक्ष जाटव आरपी गौतम, लखनऊ अध्यक्ष सच्चिदानंद पटेल भी मौजूद रहे।

# छूटे लोगों को ट्रेस करें, नए वोटरों के नाम भी जुड़वाएं: योगी

## नए प्रदेश अध्यक्ष ने शीर्ष नेतृत्व और पार्टी संगठन के साथ की पहली बैठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

विशेष मतदाता पुनरीक्षण (SIR) में छूटे हुए वोटरों को जोड़ने के लिए भाजपा ने कसरत तेज कर दी है। पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शीर्ष नेतृत्व और पार्टी संगठन की पहली बैठक में शनिवार को इस पर लेकर चिंता जताई गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि अब भी समय है। छूटे वोटरों को ट्रेस करें और नए वोटरों का नाम लिस्ट में जुड़वाएं। वहीं, SIR के मुद्दे पर रविवार को भी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बैठक होगी। इसमें जिला स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे।

पंकज चौधरी इसी 14 दिसंबर को भाजपा के 17वें प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। उसी दिन शाम को कार्यभार संभालने के बाद वह दिल्ली चले गए थे। वहां संसद सत्र में शामिल होने के बाद शुक्रवार देर रात लखनऊ पहुंचे। उन्हें शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक लेनी थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शनिवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ पहुंचे और कार्यक्रम के बाद प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्य, मीडिया प्रभारी और आईटी सेल के प्रभारी शामिल हुए।

**भाजपा प्रदेश संगठन की परिचय बैठक में SIR पर चर्चा**



प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर भरवाएं फार्म-6

बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छूटे मतदाताओं को ट्रेस करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कोई वास्तविक वोटर लिस्ट में शामिल होने से वंचित न रहे। अगले चरण में ऐसे वोटरों को जोड़ने पर भी खास ध्यान दें, जो 18 साल के हो रहे हैं। घर-घर जाएं और फार्म-6 भरवाएं। जेपी नड्डा और पंकज चौधरी ने भी कहा कि SIR का काम काफी महत्वपूर्ण है। चौधरी ने कहा कि हम सबको मिलकर यह काम पूरा करना है।

### अटल जयंती और वीर बाल दिवस पर चर्चा

बैठक में 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस और 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमने भव्य अटल बिहारी वाजपेयी प्रेरणा स्थल बनवाया है। वहीं उनके जन्मदिवस का मुख्य कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार बनी है, तब से वीर बाल दिवस के प्रति भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। नड्डा ने कहा, लोगों को मालूम होना चाहिए कि किस तरह देश के लिए गुरु गोविंद साहब के साहिबजादों ने बलिदान दिया था।

## कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी के मामले में BNSS की धारा-107 के तहत होगी कार्रवाई

# ज़ब्त होगी तस्करी वाली कमाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

पुलिस कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करों के आरोपितों की संपत्तियां जब्त करेगी। इसके लिए पुलिस ने तस्करी के मास्टर माइंड शुभम जायसवाल के साथ अमित सिंह टाटा, बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह समेत अन्य आरोपितों की आय से अधिक संपत्ति, बार-बार स्वामित्व परिवर्तन और संदिग्ध बैंक लेनदेन का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। अपराध की आय से जुटाई गई आरोपितों की सभी संपत्तियां जब्त की जाएंगी।

सूत्रों के मुताबिक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के तहत संपत्ति जब्ती के लिए गैंगस्टर ऐक्ट की जरूरत नहीं। पुलिस BNSS की धारा-107 के तहत अपराध से अर्जित सीधे संपत्ति जब्त कर सकती है। इस कानून के तहत बेनामी और डिजिटल संपत्तियों पर भी शिकंजा कसा जा सकेगा। इसके लिए विवेचक संपत्ति की पहचान कर वरिष्ठ अधिकारी से अनुमोदन लेगा। फिर कोर्ट में कुर्की का आवेदन होगा और आरोपितों को 14 दिन में जवाब देने का मौका मिलेगा। अगर नोटिस से उद्देश्य विफल होने की आशंका हो तो कोर्ट एकपक्षीय अंतरिम आदेश देकर कुर्की कर सकता है। जब्त संपत्ति पीड़ितों में वितरित होगी और दावेदार न होने पर राजकोष में जमा होगी।

AI Image





### जांच में आरोपितों पर बढ़ाई जाएंगी धाराएं

विशेषज्ञों से विधिक राय लेकर पुलिस आरोपितों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराएं भी बढ़ाएगी। डीजीपी मुख्यालय ने जांच से जुड़े सभी अफसरों को निर्देश दिए हैं कि विवेचना में कोई कोताही न बरती जाए। जिन भी धाराओं के तहत अपराध बनता है, वे धाराएं बढ़ाई जाएं। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद NDPS ऐक्ट की धाराएं भी बढ़ाने को कहा गया है।

### शुभम जायसवाल के प्रत्यर्पण की तैयारी

डीजीपी मुख्यालय तस्करी के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल समेत सभी फरार आरोपितों पर कानूनी शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद दुबई से शुभम के प्रत्यर्पण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए CBI और विदेश मंत्रालय के विशेषज्ञों की मदद लेकर कागजी कार्यवाही की जा रही है। वहीं, ED भी शुभम के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है।

### क्या खास है BNSS की धारा 107 में?

BNSS की धारा-107 में गिरोह साबित करने की बाध्यता खत्म हो गई है। इसमें पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ब्रैंड नाम, सॉफ्टवेयर और गुडविल जैसी अमूर्त संपत्तियों के मामले में भी कार्रवाई हो सकती है। अपराधियों से जब्त संपत्तियां पीड़ितों को मुआवजा के तौर पर देने का प्रावधान है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### कफ सिरप की खेप खरीदकर बंद कर दिया मेडिकल स्टोर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: इंदिरानगर में एक मेडिकल स्टोर संचालक ने बड़े पैमाने पर कोडीनयुक्त कफ सिरप और नशीली औषधियां खरीदने के बाद स्टोर बंद कर दिया। मौके पर जनरल स्टोर चलता मिला। मेडिकल स्टोर संचालक ने नोटिस पर खरीद के दस्तावेज भी नहीं पेश किए। इस पर औषधि निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने इंदिरानगर थाने में कान्हा फार्मास्युटिकल्स के संचालक आलोक सक्सेना के खिलाफ FIR दर्ज करवाई है।

इंदिरानगर में कान्हा फार्मास्युटिकल्स के संचालक के खिलाफ FIR दर्ज

औषधि निरीक्षक ने तहरीर में बताया कि कान्हा फार्मास्युटिकल्स ने अप्रैल से अक्टूबर 2024 के बीच फेंसेडिक-टी सिरप की 100 एमएल की 11,753 शीशी खरीदी। रायबरेली और कानपुर की फर्मों से भी बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त सिरप, ट्रामाडोल और एल्प्राजोलम युक्त औषधियां खरीदी थीं।

### कोडीन कांड के आरोपितों को नहीं बचा पाएगी अखिलेश ऐंड कंपनी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कोडीन कफ सिरप की तस्करी में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे उल्टा लटकाकर सीधा किया जाएगा। जो भी इस अपराध का हिस्सा होगा, उसे अखिलेश यादव ऐंड कंपनी नहीं बचा पाएगी। केशव ने कहा कि जिनका नाम अखिलेश ले रहे हैं या जांच में जिनका नाम आ रहा है, सब पर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होगी।



#### 'फोटो की हकीकत बताएं'

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि कोडीन माफिया के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फोटो आया है। अखिलेश फोटो की हकीकत बताएं। पूरा देश यह जानना चाहता है। वित्तमंत्री ने कहा कि कफ सिरप से बच्चों की मौत पर सपा ने कुछ नहीं बोला। पकड़े गए लोगों का किसी न किसी रूप में सपा से संबंध है।

### अपनों को बचा रही योगी सरकार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि सिरप तस्करी में योगी सरकार अपनों को बचा रही है। उन्होंने सवाल किया कि गोवा के क्लब मालिक विदेश से लाए जा सकते हैं तो कफ सिरप तस्करी सरगना शुभम क्यों नहीं? अजय ने तंज किया कि बाबा का बुलडोजर विंटर वैकेशन पर है। साथ ही पूर्व IPS अफसर अमिताभ ठाकुर को गलत तरीके से फंसाने का आरोप लगाया।



### कफ सिरप तस्करी वाले माफिया के घरों पर भी चले बुलडोज़र



अखिलेश ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। अहीर रेजिमेंट की मांग फिर उठाई।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि कफ सिरप तस्करी मामले में प्रदेश सरकार अहम बातें छिपा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सच में माफिया के खिलाफ है तो जिनकी तस्वीरें मेरे साथ दिखाई जा रही हैं, उनके घरों पर भी बुलडोजर चलना चाहिए। चाहे 'कालीन भैया' हों या 'कोडीन भैया', हर किसी पर समान कार्रवाई होनी चाहिए।

अखिलेश ने कहा कि कफ सिरप का अवैध कारोबार पीएम के संसदीय क्षेत्र तक फैला है। इस केस में मुख्यमंत्री और उनके साथ खड़े लोग झूठ बोल रहे हैं।

**मिलिट्री स्कूल क्यों नहीं?:** अखिलेश ने शिक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में केवल पांच मिलिट्री स्कूल हैं। यूपी में एक भी मिलिट्री स्कूल ही है। उन्होंने लखनऊ, इटावा, कन्नौज व वाराणसी में ये स्कूल खोलने की मांग की।

# अगले महीने इधर-उधर होंगे कई SP और IG

## पुलिस महकमे में प्रमोशन के बाद बदलेगी तैनाती

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

जनवरी के पहले सप्ताह में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल होगा। डीपीसी के बाद 2001 बैच के IPS एडीजी, 2008 बैच के अफसर IG और 2012 बैच के अफसर DIG के पद पर प्रमोट होंगे। इसमें कई जिलों के पुलिस कप्तान (SP) भी शामिल हैं। वहीं, 2013 बैच के अफसरों को सिलेक्शन ग्रेड मिलेगा। प्रमोशन के बाद कई जिलों के एसपी और रेंज के आईजी की तैनाती भी बदलेगी।

### ये बनेंगे ADG

ADG के पद पर प्रमोट होने वाले 2001 बैच के अफसरों में आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा, आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार और कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात आईजी आशुतोष कुमार शामिल हैं। प्रमोशन के बाद इन्हें नई तैनाती मिलनी तय है। लखनऊ जोन के एडीजी सुजीत पांडेय पहले ही डीजी के पद पर प्रमोट हो चुके हैं। डीजी पद पर उनकी तैनाती के बाद एडीजी जोन लखनऊ की कुर्सी भी खाली हो जाएगी।

### IG बनेंगे 2008 बैच वाले

2008 बैच के किरन एस, आनंद सुरेश राव कुलकर्णी, एन कोलांची, अमित वर्मा, राजीव मल्होत्रा और डॉ. अखिलेश कुमार निगम के आईजी पद पर प्रमोशन के लिए डीपीसी होगी। एन कोलांची प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में तैनात हैं। इसी तरह लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात अमित वर्मा की भी तैनाती बदल सकती है।

### अप्रैल तक रिटायर हो जाएंगे पांच DG

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे डीजी शफी अहसान रिजवी जनवरी में तो संदीप सालुंके, दीपेश जुनेजा व एमके बशाल फरवरी में रिटायर होंगे। इसके बाद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से डीजी स्तर का कोई अफसर नहीं लौटता तो 1994 बैच के ISP एडीजी रेलवे प्रकाश डी डीजी पद पर प्रमोट होंगे। 1994 बैच के एलवी एंटनी देवकुमार और जय नारायण सिंह भी डीजी पद पर प्रमोट हो जाएंगे। अप्रैल में नीरा रावत के रिटायरमेंट के बाद कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह डीजी के पद पर प्रमोट होंगे।

### 2012 बैच वाले DIG बनेंगे

2012 बैच के अफसरों के डीआईजी पद पर प्रमोट होने से कई जिलों के कप्तान बदलेंगे। इसमें सहारनपुर के SSP आशीष तिवारी, मेरठ के SSP विपिन टाडा, पीलीभीत के SP अभिषेक यादव, मिर्जापुर के SP सोमेन वर्मा, लखीमपुर खीरी के SP संकल्प शर्मा और गोरखपुर के SSP राज करण नैय्यर शामिल हैं। SSP एसटीएफ के पद पर तैनात घुले सुशील चंद्रभान का भी प्रमोशन प्रस्तावित है। प्रमोशन के बाद नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में DCP के पद पर तैनात यमुना प्रसाद की तैनाती में भी फेरबदल होगा। इस बैच के दो अफसर हेमराज मीणा और संतोष कुमार मिश्रा लंबे समय से डीजीपी मुख्यालय से अटैच हैं।

### पुलिस मिनीस्टीरियल स्टाफ के 537 पदों पर होगी भर्ती, 20 जनवरी तक होंगे आवेदन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड मिनिस्टीरियल स्टाफ में SI (गोपनीय), ASI (लिपिक) और ASI (लेखा) के 537 पदों पर भर्ती करेगा। इसके लिए शनिवार से आवेदन शुरू हो गए। आवेदन प्रक्रिया 20 जनवरी तक चलेगी।

**ऐसे करें आवेदन**

- https://uppbpb.gov.in खोलें।
- भर्ती-2025 लिंक पर क्लिक करें।
- रजिस्ट्रेशन कर आवेदन पत्र भरें।
- दस्तावेज अपलोड कर शुल्क भरें।
- आवेदन का प्रिंट सुरक्षित रखें।

## ग्रामीण आजीविका मिशन की कार्यशाला में बोले केशव प्रसाद मौर्य

# लखपति दीदी लाएंगी समृद्धि

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। PWD मुख्यालय के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में शनिवार को यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की राज्य स्तरीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की ताकत से ग्रामीण भारत का भविष्य बदलेगा। लखपति दीदी अभियान से गांव-गांव समृद्धि पहुंचेगी और महिलाओं को सम्मान मिलेगा।

कार्यशाला में डिप्टी सीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों, विद्युत सखियों, लखपति दीदियों और टीएचआर प्लांट में काम करने वाली दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वाराणसी, अंबेडकरनगर और बिजनौर के उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला मिशन मैनेजर व ब्लॉक मिशन मैनेजरों को भी सम्मानित किया। साथ ही 400 करोड़ रुपये के बैंक क्रेडिट लिंकेज के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इस मौके पर बीसी सखी कार्यक्रम के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नैशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक से एमओयू भी हुआ। इस दौरान राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विजय लक्ष्मी गौतम ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी दी।



डिप्टी सीएम ने बैंक क्रेडिट लिंकेज के प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए।

### निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करने पर जोर

कार्यशाला में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान डिप्टी सीएम ने और अधिक प्रभावी ढंग से मिशन के लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने लखपति दीदियों की संख्या बढ़ाने, नमो ड्रोन दीदियों की सक्रियता सुनिश्चित करने, समूहों की संख्या बढ़ाने और निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करने पर जोर दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस कार्यशाला से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी।

## AI चैटबॉट से लैस नए निवेश मित्र पोर्टल की लॉन्चिंग जनवरी में

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: निवेशकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए औद्योगिक विकास विभाग नया निवेश मित्र पोर्टल लॉन्च करेगा। इन्वेस्ट यूपी के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, नया पोर्टल जनवरी के दूसरे हफ्ते में लॉन्च किया जा सकता है। नए पोर्टल पर निवेशकों को इंडस्ट्रियल एरिया में खाली जमीन की भी जानकारी मिलेगी। साथ ही AI चैटबॉट की सुविधा होगी, जिससे निवेशकों की किसी भी शिकायत का तुरंत समाधान होगा।

निवेश मित्र पोर्टल पर जोड़े गए नए फीचर की हो रही टेस्टिंग





मौजूदा समय में निवेश मित्र पोर्टल पर 40 से अधिक विभागों में 500 से अधिक सेवाओं के लिए मंजूरी दी जाती है। नए पोर्टल पर भी बाकी सुविधाएं भी मिलेंगी। इसके लिए पोर्टल में कई नए फीचर जोड़े गए हैं। फिलहाल इनकी टेस्टिंग चल रही है। साथ ही रेगुलेशन से जुड़ी प्रक्रिया और पारदर्शी बनाई जाएगी। इसके लिए हर प्रक्रिया की समयसीमा तय की जाएगी।

### औद्योगिक पार्कों की होगी रेटिंग

मौजूदा निवेश मित्र पोर्टल पर औद्योगिक पार्कों में मौजूद सुविधाओं की जानकारी है। नए पोर्टल पर इन पार्कों की रेटिंग दिखेगी। इससे निवेशक रैंकिंग के हिसाब से पार्कों का चुनाव कर सकेंगे। नए पोर्टल पर उन्हें 'नो योर अप्रूवल्स' की भी सुविधा मिलेगी।

## मीटर में खरीदी गोलियां तो कहीं चुनिंदा फर्मों को मौका

### होम्योपैथी दवा खरीद के टेंडर पर उठे सवाल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी के होम्योपैथी अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में दवा खरीद पर सवाल उठ रहे हैं। स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड मैन्युफैक्चरर्स असोसिएशन ने दवा खरीद और भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए महानिदेशालय और शासन में शिकायत की है।

असोसिएशन ने सुल्तानपुर, गोरखपुर समेत कई जिलों के जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर भी होम्योपैथी दवा खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। असोसिएशन अध्यक्ष शैलेंद्र ने बताया कि यूपी की MSME इकाइयों से 25% दवा खरीद होनी चाहिए। इसके उलट जिलों में जेम पोर्टल पर अधिकारी अपनी चुनिंदा फर्मों के नाम डालकर उनसे ही दवा खरीद रहे हैं। कुछ जगहों पर निविदा में ऐसी शर्तें जोड़ दी जा रही हैं कि कई फर्मों के लिए हिस्सा लेना भी मुमकिन नहीं रहता। ऐसे ही एक मामले में शासन में शिकायत हुई है।

AI Image



#### गड़बड़ी के मजमून

1. प्रयागराज के गवर्नमेंट लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल ने दवा खरीद की निविदा जारी की। इसमें सिर्फ तीन फर्मों के नाम दिए और इन्हें ही टेंडर में हिस्सा लेने की अनुमति दी। इस बारे में पूछने पर प्रिंसिपल डॉ. हेमलता ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।
2. लखनऊ के नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में होम्योपैथी की गोलियों की खरीद का टेंडर हुआ। इसमें गोलियों की मात्रा ग्राम के बजाय मीटर में लिखी गई। शिकायत पर सुधार भी नहीं हुआ। मीटर की दर से ही सप्लाई और भुगतान किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पुष्कर ने इसे टाइपिंग मिस्टेक बताया है।

## सड़क निर्माण सामग्री में मिलावट करने वाला गिरोह बेनकाब

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी एसटीएफ ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बिटुमिन और मिक्सिंग मटीरियल में मिलावट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब 64 टन मिलावटी बिटुमिन से भरे चार टैंकर, 280 बोरी मार्बल पाउडर, बड़े ड्रम, मिक्सिंग मशीन समेत कई उपकरण बरामद किए हैं।

STF ने कासगंज से छह को दबोचा, 4 टैंकर मिलावटी बिटुमिन मिला



एसटीएफ को लंबे समय से बिटुमिन और मिक्सिंग मटीरियल में मिलावट की शिकायत मिल रही थी। जांच में पता चला कि गिरोह बिटुमिन में लो-ग्रेड मटीरियल और मार्बल पाउडर मिलाकर सप्लाई करता था। इससे सड़कें जल्दी टूट जाती हैं और बारिश या दबाव में क्रैकिंग शुरू हो जाती है। एसटीएफ ने इस मामले में मथुरा निवासी चंद्रपाल, विक्रम, जितेंद्र, अलीगढ़ निवासी उमेश, फिरोजाबाद निवासी अविनाश और कासगंज के महिपाल को गिरफ्तार किया है।

### ऐसे करते थे मिलावट

गिरोह के सदस्य खाली टैंकरों में बिटुमिन भरते, फिर मार्बल पाउडर और अन्य सस्ते केमिकल मिलाकर सड़क निर्माण कंपनियों को बेचते थे। जांच में पता चला कि गिरोह हर दिन 12 से 15 टैंकरों से बिटुमिन निकालकर एक टैंकर में मिलावट करता था। एक टैंकर से 40-50 हजार रुपये का मुनाफा होता था।

## आवेदन के बाद राशन कार्ड को तरस रहे 8 लाख लोग

■ सूर्य प्रकाश शुक्ल, लखनऊ

प्रदेश में करीब आठ लाख लोग आवेदन के महीनों बाद भी राशन कार्ड को तरस रहे हैं। इनके आवेदन जिला पूर्ति अफसरों के पास पेंडिंग हैं। यह हाल तब है, जब प्रदेश में राशन कार्ड की करीब 47 लाख यूनिट खाली हैं। इस पर शासन ने नाराजगी जताते हुए जिला पूर्ति अधिकारियों को सत्यापन कर नए कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। अपर खाद्य आयुक्त सत्यदेव ने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया है कि समीक्षा में राशन कार्ड के 8,17,091 आवेदन पेंडिंग मिले हैं। उन्होंने जल्द कार्ड न बनने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

**महीनों से आवेदन पेंडिंग, शासन ने जताई नाराजगी**

| 16,01,768 | 31,94,606 |
| --- | --- |
| यूनिट शहरी क्षेत्रों में खाली | यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्त |

**10 जिलों में ज्यादा पेंडेंसी**
सीतापुर, बरेली, बिजनौर, मुरादाबाद, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, बुलंदशहर, प्रतापगढ़, आजमगढ़ और रामपुर

**10 जिलों में सबसे ज्यादा खाली यूनिट:** कानपुर नगर, गौतमबुद्धनगर, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा, बदायूं, संभल, अलीगढ़, प्रयागराज और आजमगढ़

**श्रम एवं सेवायोजन विभाग** तय की कार्ययोजना, विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को मिलेगी भाषाओं की ट्रेनिंग

# 2 साल में 6.50 लाख लोगों को मिलेगी नौकरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

श्रम एवं सेवायोजन विभाग अगले दो साल में छह लाख लोगों को देश में और 50 हजार लोगों को विदेश में रोजगार मुहैया करवाएगा। विधान भवन में शनिवार को विभागीय मंत्री अनिल राजभर और राज्य मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में हुई बैठक में अगले दो साल की कार्ययोजना तैयार की गई। यह भी तय हुआ कि विदेश में नौकरी के लिए 50 हजार युवाओं को जापानी, जर्मन और अंग्रेजी समेत कई भाषाओं की ट्रेनिंग दी जाएगी।

**फैसिलिटेशन सेंटर की तैयारी:** बैठक में दूसरे देशों के राजदूतों की मदद से रोजगार के अवसर तलाशने, इंडस्ट्री कोलेबोरेशन, लखनऊ में इंटीग्रेटेड फैसिलिटेशन सेंटर और सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाने पर चर्चा हुई। निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए पुस्तकालय व कोचिंग खोलने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रावास की सुविधा, न्यूनतम दरों पर पुष्टाहार मुहैया करवाने पर भी विचार विमर्श हुआ।

AI Image



**इम्पैनल होंगी कंपनियां:** उप्र रोजगार मिशन के तहत कंपनियों को इम्पैनल करने का भी फैसला हुआ। इनकी मदद से नौकरियों की जानकारी जुटाई जाएगी। साथ ही विदेश मंत्रालय में रजिस्टर्ड रिक्रूटमेंट एजेंसियों के जरिए भी नौकरियों का ब्योरा हासिल किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एमकेएस सुन्दरम, विशेष सचिव कुणाल सिल्कू, नीलेश कुमार सिंह, श्रमायुक्त मार्कंडेय शाही भी मौजूद रहे।

### खुलेंगे डिस्पेंसरी और अस्पताल

बैठक में तय हुआ कि कर्मचारियों और श्रमिकों के इलाज की खातिर पांच जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय और 12 जिलों में डिस्पेंसरी खोली जाएगी।

**12 डिस्पेंसरी:** प्रयागराज, फतेहपुर, अलीगढ़, वाराणसी, फिरोजाबाद, सोनभद्र, जालौन, कन्नौज और लखीमपुर खीरी में।

**5 अस्पताल:** मुरादाबाद, अयोध्या, बुलंदशहर, ग्रेटर नोएडा और गोरखपुर में।

## 10 दिन तक चलेगा प्रदेश का पहला कोऑपरेटिव एक्सपो

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**IGP में युवा सहकार सम्मेलन आज, सीएम करेंगे उद्घाटन**

सहकारी संस्थाओं को उत्पादों की बिक्री के लिए 10 दिन तक बड़ा मंच मिलेगा। इसके लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 21 दिसंबर से प्रदेश का पहला कोऑपरेटिव एक्सपो शुरू होगा। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के समापन के मौके पर युवा सहकार सम्मेलन भी होगा। इसका उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे।

मंत्री ने कहा कि विभाग माध्यमिक शिक्षा परिषद में भी सहकारिता को विषय के तौर पर शामिल करवाने का प्रयास कर रहा है। NCERT में पहले से इसकी पढ़ाई हो रही है। बताया कि सहकारिता विधि भी खोलने की तैयारी है। फिलहाल लखनऊ के सहकारी और कॉर्पोरेट प्रबंधन अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (ICCMRT) को गुजरात के त्रिभुवन दास सहकारी विवि से संबद्धता दिलाई जाएगी।

**वाराणसी में खुलेगा कोऑपरेटिव मॉल:** मंत्री ने बताया कि वाराणसी में करीब ₹100 करोड़ की लागत से सहकारिता शॉपिंग मॉल खोला जाएगा। इसकी जमीन चिह्नित हो गई है।

## फटाफट खबरें

### जमीन के लालच में नानी की हत्या, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, रायबरेली: जगतपुर के सानूदुआ गांव में शुक्रवार सुबह बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार प्रभु देई की पत्नी जगदेवर (70 वर्ष) कमरे में पूजा कर रही थीं। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे नाती बब्बी यादव ने सिर पर डंडे से वार कर हत्या कर दी और दरवाजा बाहर से बंद कर भाग निकला। देर शाम तक कमरा बाहर से बंद देख आसपास के लोग अंदर पहुंचे तो वृद्धा का खून से लथपथ शव पड़ा था। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### विधायक से सामान्य को दिलवा दी वीलचेयर



■ NBT न्यूज, सुलतानपुर: लम्भुआ ब्लॉक सभागार में शनिवार को दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए। इसी दौरान अधिकारियों की लापरवाही से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा से शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ शख्स को वीलचेयर दे दी। इसका विडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें वीलचेयर लेने वाला सामान्य रूप से चलता दिख रहा है। पूरे मामले में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव का कहना है कि रामधनी ने दिव्यांग बेटे संदीप के लिए वील चेयर रिसीव की थी।

### रिमांड पर नदीम ने बरामद करवाया फर्जी पत्र

■ भाषा, बरेली: दंगों के आरोपित और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के नेता नदीम खान को पुलिस ने शनिवार को चार घंटे की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बताया कि नदीम खान से महत्व पूर्ण पूछताछ में हर कड़ी को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वही, लियाकत अली की शिकायत पर दर्ज केस की जांच में सामने आया कि उसके फर्जी हस्ताक्षर से पत्र वायरल किया गया था। इसका मकसद प्रशासन को भ्रमित करना था। चार घंटे की रिमांड के दौरान आरोपित के आवास से मूल पत्र बरामद कर लिया गया है।

### आजमगढ़ में दबोचा गया फर्जी दरोगा

■ NBT न्यूज, वाराणसी: आजमगढ़ के निजामाबाद से पुलिस ने फर्जी दरोगा को दबोचा है। एसएसपी मधुवन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित प्रदीप यादव के पास से वर्दी, फर्जी आई कार्ड, नियुक्ति व ज्वॉइनिंग लेटर सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। आरोपित ने तीन साल पहले खुद को दरोगा बताकर निजामाबाद निवासी युवती से शादी की थी। इसके बाद से काफी रुपये ऐठ चुका था। केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने शनिवार को वर्दी पहनकर पीड़िता को धमकाने आए आरोपित को धर दबोचा।

### 10 पशु तस्कर गिरफ्तार, 19 मवेशी छुड़ाए

■ NBT न्यूज, बांदा: तिंदवारी पुलिस ने दस पशु तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 19 दुधारू मवेशियों को मुक्त करवाया है। पुलिस के अनुसार ग्राम खैरा तिराहे के पास चेकिंग के दौरान तीन लोडरों की तलाशी में 6 भैंसे और 13 पड़िया बरामद की गई। पशु तस्करी के आरोप में चालक सहित दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### स्विट्जरलैंड की राजदूत ने देखा रोप-वे



■ NBT न्यूज, वाराणसी: भारत में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिस्सफी ने शनिवार को वाराणसी में शहरी रोप-वे प्रॉजेक्ट का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था नैशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड और रोप-वे का निर्माण करने वाली स्विट्जरलैंड की कंपनी बर्थोलेट के विशेषज्ञों के साथ रोप-वे के स्टेशन देखने के साथ ही सुरक्षा आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि वाराणसी में रोप-वे परियोजना शहरी गतिशीलता में अहम कदम है। इस दौरान प्रॉजेक्ट डायरेक्टर पूजा मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### खेल से शुरू चर्चा पर फिल्मों संग विराम



■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: बज्म-ए-विरासत के दूसरे दिन की सुबह इतिहास, साहित्य और खेल का जीवंत संगम बनकर उभरी। शुरुआत स्टोरीज ऑफ अवर सिटी नामक सत्र इलाहाबाद से जुड़े दिग्गज व्यक्तित्वों को समर्पित था। दूसरे सत्र में पूर्व क्रिकेटर मो. कैफ, आशीष विंस्टन जैदी और ज्ञानेंद्र पांडेय शामिल हुए। शाम को निर्देशक अनुराग बसु, तिग्मांशु धूलिया, अनुभव सिन्हा और सीमा यादव ने फिल्म मेकिंग के वर्तमान, भूत और भविष्य पर विचार रखे। इंडियन-ओशियन की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

### दुधवा में गैंडों के रेडियो कॉलर निकाले गए



■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी: दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग में स्वच्छंद विचरण करने हेतु छोड़े गए गैंडों पर नजर रखने के लिए जीपीएस आधारित रेडियो कॉलर लगाए गए थे। वन विभाग की टीम ने अब रेडियो कॉलर निकलवा दिए हैं। असम एवं दिल्ली से आए डॉ. एम राजामोहन और मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व सहित अन्य विशेषज्ञों की मौजूदगी में शनिवार को दो गैंडों दीपिका और नकुल को ट्रैंकुलाइज कर रेडियो कॉलर निकाले गए। दो दिन में 3 गैंडों के कॉलर निकाले गए हैं।

# UP पुलिस ने वाराणसी रेंज में शुरू की वॉट्सऐप 'बॉट' सेवा

## मैसेज या क्यूआर कोड स्कैन कर दी जा सकेगी गोपनीय सूचना

■ NBT न्यूज, वाराणसी: नैरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही योगी सरकार की पुलिस ने तकनीक के क्षेत्र में बढ़ा कदम उठाया है। पूर्वी में पहली बार सूचनाओं को गुप्त रखने के लिए वाराणसी रेंज की पुलिस ने शनिवार से 'वॉट्सऐप बॉट' का प्रयोग शुरू किया है। पुलिस सतर्क मित्र के नाम से शुरू सेवा का मकसद पूर्वांचल में आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाना है।



पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि वाराणसी रेंज में आने वाले जौनपुर, गाजीपुर और चंदौली में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि की गोपनीय सूचना वॉट्सऐप बॉट के माध्यम से दी जा सकती है। इस तकनीक से सूचना देने वाले की कोई भी व्यक्तिगत जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, नाम एवं स्थान की जानकारी संबंधित पुलिस तक नहीं पहुंचेगी। इससे सूचना देने वाले की गोपनीयता बनी रहेगी। वॉट्सऐप बॉट नंबर 7839860411 पर मैसेज भेजकर या क्यूआर कोड स्कैन करके सूचना भेजी जा सकती है। यदि कोई एक शब्द लिखकर भी संदेश भेजता है अथवा क्यूआर स्कैन करता तो यह नंबर अपने आप विभिन्न विकल्पों के माध्यम से सूचना प्राप्त कर लेगा। यदि Hi लिखकर भेजा जाता है तो पहले भाषा का विकल्प पूछा जाएगा। इसके बाद जिस अवैध गतिविधि की सूचना देनी है उसके विकल्प से संबंधित जानकारी बारी-बारी से पूछी जाएगी।

### ऐसे करेगा काम

वॉट्सऐप बॉट पर पुलिस सतर्क मित्र द्वारा जो भी सूचनाएं दी जाएंगी वे सीधे संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं डीआईजी कार्यालय (वाराणसी रेंज) में ही रिसीव होंगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभी सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई के लिए सक्षम अधिकारी को वॉट्सऐप के माध्यम से ही सूचित करेगा। इसके बाद कार्रवाई का विवरण, फोटो-विडियो या मैसेज से भेजा जाएगा। प्रत्येक सूचना पर आवश्यक कार्रवाई के बाद सूचना देने वाले पुलिस सतर्क मित्र को भी वॉट्सऐप बॉट से स्वतः संदेश चला जाएगा।

## अब आतंकी संपर्क का डर दिखा निशाना बना रहे साइबर जालसाज

■ NBT न्यूज, वाराणसी: साइबर ठग अब पुलवामा आतंकी हमले में मिलीभगत का डर दिखा लोगों को निशाना बना रहे हैं। शिक्षिका डॉ. अल्पना राय पति प्रो. सुधीर के खाते से वीडियो कॉल कर पुलवामा मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के बहाने डिजिटल अरेस्ट कर दस लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसी प्रकार शिवपुर निवासी सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन सुधीर उपाध्याय को आतंकी अफजल खान के पास उसका आधार कार्ड मिलने के बहाने धमकाकर सात लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। रोहनिया निवासी महेंद्र प्रसाद से 1.10 करोड़ रुपये, पटना हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त असिस्टेंट रजिस्ट्रार से 49.4 लाख रुपये, सारनाथ निवासी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट अतुल वात्स से 98 लाख रुपये, मढ़ौली निवासी अमिताभ श्रीमली से 40 लाख रुपये, अर्दली बाजार निवासी सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी सुधीर सिंह परमार से 38 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। सभी पीड़ितों ने ठगी का अहसास होने पर केस दर्ज करवाया है।

## IT रेड खत्म, अब असेसमेंट की तैयारी

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: गोरखपुर मंडल के सभी चार जिलों में आयकर (आईटी) रेड शनिवार शाम को पूरी हो गई। इस दौरान सूचना से अधिक गड़बड़ी पकड़े जाने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार आईटी की 12 टीमों ने 6 व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान करीब 500 करोड़ की वित्तीय गड़बड़ी पकड़ी है। दस्तावेज की जांच के बाद सही स्थिति सामने आएगी। छापेमारी में 2 करोड़ से अधिक की नकदी व जेवरात भी बरामद हुए हैं, जिन्हें टीमों ने कब्जे में लिया है। हालांकि टीम ने कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया।

## बुलंदशहर हाइवे पर हुई वारदात में 9 साल बाद फैसला

# मां-बेटी से गैंगरेप में 5 दोषी, सजा कल

■ NBT न्यूज, बुलंदशहर

बुलंदशहर हाइवे गैंगरेप मामले में अदालत ने नौ साल बाद फैसला सुना दिया है। विशेष सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ओमप्रकाश वर्मा ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सभी पांचों आरोपितों जुबेर, साजिद, धर्मवीर, सुनील और नरेश को दोषी करार दिया। दोषियों को अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया है। कोर्ट अब 22 दिसंबर को सजा सुनाएगी। सुनवाई के दौरान पीड़िता या उसके परिवार का कोई सदस्य कोर्ट में मौजूद नहीं रहा।



- NH-91 पर बदमाशों ने एक्सल फेंक रुकवाई थी पीड़ितों की कार
- 6 के खिलाफ दाखिल हुई थी चार्जशीट, एक आरोपित की सुनवाई के दौरान हो गई थी मौत
- बुलंदशहर के SSP समेत 19 पुलिसकर्मी किए गए थे सस्पेंड
- 2 आरोपितों का हुआ था एनकाउंटर, तीन को मिल चुकी है क्लीन चिट

विशेष लोक अभियोजक वरुण कौशिक ने बताया कि 28 जुलाई 2016 की देर रात नैशनल हाइवे-91 पर कोतवाली देहात क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के पास नोएडा से आ रहे कार सवार परिवार के साथ दरिंदगी हुई थी। नोएडा से शाहजहांपुर जा रहे परिवार के सामने मां-बेटी से गैंगरेप के साथ ही लूटपाट की गई थी। इस मामले में न्यायालय में छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी। एक आरोपी सलीम की सुनवाई के दौरान छह जनवरी 2020 को मौत हो चुकी है। कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से 25 गवाह पेश किए गए।

डीजीसी वरुण कौशिक, सुनील शर्मा और सीबीआई के अधिवक्ता अमित चौधरी ने बताया कि घटना की रात पीड़िता अपने माता-पिता, ताऊ-ताई और तहेरे भाई के साथ शाहजहांपुर स्थित पैतृक गांव तेरहवीं में शामिल होने जा रही थी। बुलंदशहर में दोस्तपुर फ्लाईओवर के पास बदमाशों ने साइकल का एक्सल फेंक कर कार रुकवाई थी। इसके बाद किशोरी, उसके पिता, मां, ताई, ताऊ व तहेरे भाई को बंधक बनाया और कार समेत सड़क के दूसरी तरफ खेत में ले गए। तीनों पुरुषों के हाथ-पैर बांधने के बाद 13 वर्षीय किशोरी व उसकी मां के साथ गैंगरेप किया और लूटपाट कर भाग निकले थे। शासन ने इस मामले में तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण समेत 19 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया था। इस मामले का हाई कोर्ट ने भी संज्ञान लिया था और सीबीआई जांच हुई थी। इस मामले में जिला पुलिस ने कुल 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इनमें से सलीम की मौत हो चुकी है। वहीं, हरियाणा का असलम उर्फ कालिया और नोएडा के गंजा उर्फ बबलू एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। तीन अन्य आरोपितों रहीमुद्दीन, जावेद और जब्बर सिंह को सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी थी।

### सीनियर ने रेप कर बनाया विडियो, FIR

■ NBT न्यूज, रायबरेली: महराजगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित डिग्री कॉलेज की छात्रा से सीनियर ने रेप किया और विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता के अनुसार 5 मई को सौरभ ने रेप किया और विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। 11 नवंबर को विडियो डिलीट करने के बहाने बुलाया और रायबरेली ले जाकर एक होटल में रेप किया। आरोप है कि शिकायत पर उसके पिता ने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चंदापुर के पूरे मुराहन मजरे कुसमहरा गांव निवासी सौरभ के साथ ही उसके पिता राजकुमार मौर्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### महिला की हत्या के बाद खुद भी दी जान

■ NBT न्यूज, रायबरेली: लालगंज के जगतपुर स्थित मिश्रबौरा गांव में शनिवार दोपहर पंचायत मित्र सीमा पासी (35) की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपित राम सुमेर रैदास (45) ने भी जहर खाकर जान दे दी। पुणे में रहकर नौकरी करने वाले पति राजेंद्र ने पत्नी की हत्या का पता चलने पर पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस को खून से लथपथ शव घर के अंदर मिला। घटना के समय तीनों बच्चे स्कूल गए थे। मौके से ही गड़ासा बरामद हुआ है।

## 'हिंदी के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा'

■ NBT न्यूज, इटावा

### इटावा में हिंदी सेवा निधि के 33वें समारोह में बोले CJI



संविधान के दायरे में रहकर हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के लिए जो भी कर सकता हूं, जरूर करूंगा। सर्वोच्च न्यायालय ने वैसे भी भाषाओं के लिए काफी काम किया है, जो आगे भी जारी रहेगा। यह बात शनिवार को इटावा हिंदी सेवा निधि के 33वें वार्षिक व सारस्वत सम्मान में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कही।

इस्लामिया इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में सीजेआई ने हिंदी की विकास को लेकर प्रयासों और जुड़े लोगों को देखकर प्रसन्नता भी जताई। कहा कि कॉलेज में पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन से लेकर फिल्म निर्माण के अलिक सरीखी शख्सियतों ने शिक्षा ली है। बताया कि न्यायमूर्ति प्रेमशंकर गुप्त को 1992 में हिंदी गौरव सम्मान मिला था। इसकी राशि को उन्होंने हिंदी सेवा निधि की स्थापना में लगा दिया। वहीं, संस्था के महासचिव प्रदीप गुप्त ने कहा कि हिंदी में अपनी बात कहने का जो अधिकार मिला है उसे ठीक से क्रियान्वित नहीं किया जा रहा। ऐसे में अगर सीजेआई इसे क्रियान्वित करेंगे तो आम जनता को काफी राहत मिलेगी। शायर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन कुश चतुर्वेदी ने किया।

**कवि सुरेंद्र शर्मा का सम्मान:** समारोह के दौरान हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा के साथ ही लखिंदि के डॉ. पवन अग्रवाल को सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही कवि डॉ. सुरेश नीरव, न्यायमूर्ति चन्द्रकुमार राय, पूर्व वायुसेना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भदौरिया, डॉ. शरद अग्रवाल, लखनऊ के रामप्रकाश त्रिपाठी, धर्मनाथ प्रसाद यादव, संजीव कोहिली, डॉ. विवेक मणि, अशोक कुमार व शकील अहमद खान को भी सम्मानित किया गया।

## मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति उठा ले गए बदमाश

■ NBT न्यूज, गोंडा: बाइक सवार बदमाश शनिवार शाम राम जानकी मंदिर से बेशकीमती अष्टधातु की मूर्ति उठाकर भाग निकले। पुलिस के अनुसार कटरा बाजार की पहाड़ापुर चौकी से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित मंदिर में चोरी हुई है। मंदिर समिति के हरिशंकर मिश्र के अनुसार शाम 5 बजे पूजा के लिए कपाट खोले गए थे। इसी दौरान एक बाइक आकर रुकी और पीछे बैठा युवक उतरकर मंदिर के अंदर गया। कुछ पहुंचने से पहले ही मूर्ति उठाकर भाग निकला। एक बच्ची ने चोरी होती देख शोर मचाया। करीब सौ साल पुराने मंदिर से चोरी राम-सीता की मूर्ति काफी प्राचीन होने के साथ ही आस्था का केंद्र है। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय के अनुसार चोरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## साहित्य-संवाद का आधार है भाषा: प्रो. विश्वनाथ

### गोरखपुर लिटरेरी फेस्ट शुरू



■ NBT न्यूज, गोरखपुर : भाषा और साहित्य संवाद का माध्यम है। भाषा तो साहित्य और संवाद दोनों का आधार है। धर्म-अधर्म, सत्य-असत्य सभी भाषा से ही निर्धारित होते हैं। यह बात शनिवार को गोरखपुर लिटरेरी फेस्ट का उद्घाटन करते हुए पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कही। इस दौरान कई अन्य दिग्गजों ने भी अपने विचार रखे।

प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि साहित्यकार शब्द पर विजय प्राप्त करता है। प्राचीन ग्रंथों में तो संवाद के अनगिनत उदाहरण हैं। भारत का प्राचीन साहित्य संवाद और शास्त्रार्थ से भरा है। साहित्यकार चंद्रकांता ने कहा कि लेखक अपने अनुभवों को ही रचना के माध्यम से साझा करते हैं। संवेदना का विस्तार लेखनी में भाव और स्वरूप जोड़ता है।

दूसरे सत्र में फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर ने कहा कि मनोरंजन के साथ कंटेंट अगर न हो तो फिर फिल्म कैसी? सच दिखाना आसान नहीं होता। सत्ता, पेज थ्री, कॉरपोरेट और ट्रैफिक सिग्नल, फैशन पर तो फिल्म इंडस्ट्री ने कुछ खास नहीं कहा, लेकिन जब हीरोइन बनाई तो आलोचना होने लगी। दो दिवसीय फेस्टिवल के प्रथम दिवस का समापन नाट्य प्रस्तुति 'कबीर-क्रांति का शंखनाद' के से हुआ। मंच पर कबीर की मुख्य भूमिका निभाने के साथ परिकल्पना और निर्देशन मानवेन्द्र त्रिपाठी का रहा।

## 'विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी में सख्ती करें'

### जनता दर्शन में महिला की गुहार पर सीएम ने एजेंटों पर कार्रवाई के साथ ही पीड़ित को रकम वापस दिलवाने के भी दिए निर्देश



■ NBT न्यूज, गोरखपुर: विदेश भेजने बहाने धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और पीड़ितों को पूरी रकम भी वापस दिलवाई जाए। सीएम ने शनिवार को जनता दर्शन में धोखाधड़ी की शिकायत मिलने पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए यह निर्देश दिए। सीएम के सामने एक महिला ने परिवार के सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायत की थी। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को समझाते हुए कहा कि एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से विदेश जाने वालों को जेल तक जाना पड़ता है।

कड़ाके की ठंड के बावजूद जनता दर्शन में करीब 250 फरियादी पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी की शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज में मदद की शिकायतों पर जल्द से जल्द इस्टीमेट की प्रक्रिया पूरी करवा सीएम मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद की बात कही।

## STF अफसर बन उड़ाए थे सिक्के, गिरफ्तार

### खोदाई में निकले चांदी के 509 सिक्के में से पुलिस ने 431 बरामद किए, जेल भेजे गए सभी छह आरोपित



■ NBT न्यूज, गोंडा: मंदिर निर्माण के लिए खोदाई के दौरान निकला चांदी के सिक्कों से भरा कलश लेकर फरार बदमाशों को पुलिस ने शनिवार को धर दबोचा। जांच में पता चला है कि चालक के साथी ही खुद को एसटीएफ अधिकारी बताकर सिक्के ले उड़े थे। सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही 509 में से 431 सिक्के बरामद कर लिए गए हैं।

थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ठकुरापुर में बाबा कुटी मंदिर निर्माण के लिए गुरुवार को जेसीबी से खोदाई हो रही थी। इसी दौरान चांदी के सिक्कों से भरा कलश निकलने पर पुजारी उपेन्द्र सिंह ने कलश लेकर इमोखा से बालपुर बाजार जा रहे थे। रास्ते में परसपुर मोड़ पर कार सवारों ने रोका और खुद को एसटीएफ अधिकारी बताया और जांच के बहाने धमकाते हुए सिक्के लेकर फरार हो गए थे। केस दर्ज होने पर से है, और उनकी गाड़ी को अपने साथ बालपुर जाट इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के पास ले जाकर पुलिस जांच के नाम पर धमकाते हुए सिक्कों से भरा कलश अपने गाड़ी में रखकर फरार हो गये थे। जानकारी पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की थीं। पुलिस ने जेसीबी चालक हरिओम दुबे के साथ ही त्रिलोकी पाण्डेय, आलोक शुक्ला उर्फ सुधीर, प्रिंस मिश्रा, राहुल यादव उर्फ बब्लू, मनोज मिश्र को गिरफ्तार कर एसटीएफ का फर्जी आई कार्ड बरामद किया है।

## अयोध्या/बाराबंकी

### विशेष रोल प्रेक्षक ने परखी SIR की मैपिंग

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: चुनाव आयोग के विशेष रोल प्रेक्षक ने शनिवार को एसआईआर का जायजा लिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से जानकारी ली। सेंट्रल अकैडमी के भाग संख्या 236, 237, 238, 239 का निरीक्षण करते हुए बीएलओ से मैपिंग (वंशबेल से जोड़ने) में आ रही दिक्कतों को जाना। इसके बाद कांशीराम आवास कॉलोनी पहुंच मतदाताओं से बातचीत की। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता सूची में 23,31,649 वोटर थे। इनमें से 19,54,314 का डिजिटाइजेशन हो चुका है।

### 'हर स्कूल में गठित हो मीना मंच'

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: प्रत्येक स्कूल में मीना मंच का गठन के साथ ही हर सप्ताह कार्यक्रम करवाए जाएं। खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने शनिवार को बालिका शिक्षा मीना मंच से संबंधित स्पेशल प्रॉजेक्ट फॉर इक्विटी के तहत पावर एंजेल के सशक्तिकरण के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र मसौली में यह बात कही। इस मौके पर प्रह्लाद पीटर, गरिमा मिश्रा, शिल्पी वर्मा मौजूद रहीं।

### माती-मित्तई पुल का ₹301 करोड़ से होगा निर्माण

#### सिंचाई विभाग ने सौंपी ड्रॉइंग-NOC, टेंडर जारी

■ चंद्रकांत मौर्य, बाराबंकी: चिनहट से देवा वाया कुर्सी तक की रोड को लॉजिस्टिक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने के लिए सिंचाई विभाग ने माती व मित्तई के पुराने पुल की ड्राइंग व अनापत्ति प्रमाणपत्र सात महीने बाद लोक निर्माण विभाग को सौंपा है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर 16 जनवरी को खुलेगा। चार लेन की रोड के निर्माण पर 301 करोड़ रुपये खर्च होंगे।





> पुलों की ड्रॉइंग व एनओसी मिलने के साथ ही टेंडर जारी कर दिया गया है। निविदा में दो साल के अंदर फोरलेन के कार्य को पूरा करने का समय दिया गया है। -राजीव कुमार राय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड तीन, बाराबंकी

एनबीटी ने 30 अक्टूबर को फोरलेन प्रॉजेक्ट में विलंब का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। कॉरिडोर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने 13 मई 2025 को 445.63 करोड़ मंजूर किए थे। टेंडर जारी करने से पहले पीडब्ल्यूडी को शारदा नहर पर माती व मित्तई के मौजूदा पुल की ड्राइंग व नए निर्माण के लिए एनओसी की जरूरत थी।

माती पुल से देवा के बीच रोड को टू लेन से फोर लेन करने के लिए करीब नौ हेक्टेअर जमीन की जरूरत थी। तहसील नवाबगंज प्रशासन को इसमें से सरकारी जमीन अलग कर निजी जमीनों के मालिकों का ब्योरा पीडब्ल्यूडी को देना था। करीब छह माह के इंतजार के बाद एसडीएम नवाबगंज ने केवल निजी जमीनों के मालिकों का ब्योरा सौंपा है। ऐसे में अब अंश निर्धारण करते हुए सूची के लिए पत्र लिखा गया है।

### विधायक खेल प्रतियोगिता में दिखा जोश



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने किया उद्घाटन।

■ NBT न्यूज, अयोध्या: डॉ. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल रामसेमर में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता का शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने उद्घाटन किया। इस दौरान कहा कि पीएम ने ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इसी को ध्यान में रखकर आर्थिक नीतियां बनाई गई हैं। इसके साथ ही विधायक खेल प्रतियोगिता जैसे आयोजन छोटे शहरों की प्रतिभाओं को मंच देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है।

प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर वॉलीबॉल के सात मुकाबले हुए। इसमें राजपूत क्लब और कैम्ब्रिजन स्कूल विजेता रहे। सीनियर वर्ग में दुगावा ने राजपूत क्लब, सरोजनी देवी टीम ने झुनझुनवाला, रामकोट ने शानपुर और रामसेमर ने बिहारीपुर की टीम को हराया। वहीं, सीनियर 400 मीटर दौड़ में सुष्मिता यादव प्रथम व प्रीति यादव द्वितीय रहीं। जूनियर 400 मीटर में रचना मौर्या प्रथम व पायल द्वितीय तथा सब जूनियर में गीता प्रथम व आयुषी द्वितीय स्थान पर रहीं। पुरुष सीनियर 400 मीटर में विकास प्रथम व विशाल द्वितीय रहे।

### अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव



■ NBT न्यूज, अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा पौष शुक्ल द्वादशी पर होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव अनुष्ठान के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा। तैयारियों को लेकर विभिन्न मठ-मंदिरों के संतों के साथ श्री राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक हुई। ट्रस्टी डॉ. डॉक्टर अनिल मिश्र ने बताया कि 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलने वाले उत्सव के दौरान दर्शन व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। वहीं, उत्सव के दौरान होने वाले आयोजनों को परिसर में एलईडी स्क्रीन लगाकर लाइव किया जाएगा।

### अटल की जन्मशती पर होंगी प्रतियोगिताएं

■ NBT न्यूज, अयोध्या: पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर 25 दिसंबर को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सीडीओ केके सिंह के मुताबिक कक्षा-8 के विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता होगी और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तरीय भाषण और काव्य प्रतियोगिता भी होगी।

## फटाफट खबरें

### सोनू निगम के गानों पर थिरके मेडिकोज

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: सफेदाबाद स्थित डॉ. केएन सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शुक्रवार रात अनुअल फंक्शन बोधि फेस्ट-2025 में संगीत का जादू सिर चढ़कर बोला। मुख्य आकर्षण पद्मश्री सोनू निगम रहे। रात करीब 11 बजे मंच पर आए निगम ने एक के बाद एक सुपरहिट गीतों से मेडिकोज को झूमने को विवश कर दिया। इस दौरान चेयरपर्सन डॉ. मधुलिका सिंह, निदेशक डॉ.राहुल सिंह के साथ ही सीओ सिटी संगम कुमार मौजूद रहे।

### जिला बार असोसिएशन की बैठक में हंगामा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: जिला बार असोसिएशन की आम सभा में शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। बैठक में त्रैमासिक आय-व्यय के साथ ही पूर्व सिविल बार असोसिएशन की संपत्तियों को जिला बार से संबद्ध करने को लेकर बुलाई गई थी। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह वर्मा के अनुसार चर्चा शुरू होते ही पूर्व अध्यक्ष हिसाल बार किदवई ने हंगामा शुरू कर दिया था। वहीं, किदवई का कहना है कि पिछली बैठक में खुद के निलंबन का प्रस्ताव रखे जाने का पता चला था। इसे देखने के लिए कार्यवाही रजिस्टर मांगा जो नहीं दिया गया। बैठक के अंत में दिखाने को कहा गया। अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि अगस्त में ही उन्हें निलंबित किया गया था।



**श्रीराम महायज्ञ से पहले कलश यात्रा:** बाराबंकी में बाला जी सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार सुबह जीआईसी ऑडिटोरियम में होने वाले श्रीराम महायज्ञ से पहले शनिवार को श्री लोधेश्वर नाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य मार्गों से होकर जीआईसी ऑडिटोरियम पहुंची यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLP14 User: cci Time: 12-20-2025 22:52 Color:



# कार्टून्स की साज़िश और टारगेट पर आपका बच्चा!

बच्चा जिद्दी हो गया है, बिना मोबाइल/टीवी देखे खाना नहीं खाता या फिर सोकर उठते ही रिमोट उठा लेता है तो सावधान हो जाएं! इसे अभी नहीं रोका तो यह माइग्रेन, सर्वाइकल और मेंटल डिसऑर्डर तक में बदल सकता है और इसका खामियाज़ा बच्चों को जिंदगी भर भुगतना पड़ सकता है। क्यों ऐसे बनाए जाते हैं बच्चों के लिए प्रोग्राम, क्या हो सकता है इस परेशानी का हल? बता रहे हैं **शुभम त्रिपाठी**



## न टीवी, न फोन दें



कम से कम 5 साल तक बच्चों को स्क्रीन से दूर रखा जाए।



सिर्फ मोबाइल ही नहीं, टीवी की स्क्रीन भी होती है नुकसानदायक



सिर्फ बच्चे की नहीं, इसे पूरे परिवार की परेशानी समझें

**5** साल तक के बच्चों का स्क्रीन टाइम 2:30 घंटे प्रतिदिन है। (AIIMS रायपुर की स्टडी)

**2** साल तक के बच्चों का स्क्रीन टाइम लगभग 1:12 घंटे प्रतिदिन का है फिलहाल।

**10** स्टडीज़ के आधार पर यह नतीजा निकाला गया। इसमें 2,857 बच्चे शामिल थे।

And the wheels on the bus go round and round...दुनियाभर में मशहूर कोकोमेलन यूट्यूब चैनल पर इस गाने को सुनते ही बच्चे खिलखिला उठते हैं। इसकी धुन ही इतनी अट्रैक्टिव है कि बच्चे घंटों तक इसे बिना रुके देख लेते हैं। हम सोचते हैं कि रंग-बिरंगे कार्टून देखकर अगर बच्चे झूम रहे हैं तो गलत ही क्या है? लेकिन कब देखते-देखते उन्हें इसकी लत लग जाती है, हमें पता ही नहीं लगता। इस वजह से उन्हें ब्रेन रॉट (दिमाग सुस्त होना) होने लगता है। बच्चों में ऐसे कार्टून शोज की लत से दुनियाभर के पैरंट्स परेशान हैं। इस पर रिसर्च भी हुई कि आखिर इनमें क्या अलग है जो बच्चे इसके मोहजाल में फंस जाते हैं? नतीजे में पता लगा कि इनकी टीम दिन-रात इसी काम में जुटी है कि कैसे बच्चे का एक-एक सेकंड का ध्यान अपनी ओर लगाकर रखे। इसके लिए बकायदा बच्चों पर एक्सपेरिमेंट होते हैं। यह हाल तो सिर्फ एक कार्टून शो का है। आमतौर पर बच्चों के कॉन्टेंट का मकसद यही होता है कि कैसे बच्चों का पूरा फोकस उन पर ही रहे।

## इसके असर पर भी नज़र डाल लेते हैं:

**केस 1**
बीते दिनों एक विडियो वायरल हुआ जिसमें कोई बच्चा मक्खियों से घिरा होने के बावजूद भी मोबाइल फोन देखने में बिजी था। इसी विडियो में एक दूसरा बच्चा सोते-सोते भी हरकतें कुछ कर रहा था।

**केस 2**
दिल्ली के एक अस्पताल में 9 साल का बच्चा पहुंचा जो अब मोबाइल फोन के बिना स्कूल तक नहीं जाता। जब पैरंट्स ने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने पैरंट्स पर ही हाथ उठा दिया।

**केस 3**
पिछले दिनों अस्पताल में 3 साल का एक बच्चा पहुंचा जो स्क्रीन टाइम ज्यादा होने की वजह से वर्चुअल ऑटिज़्म का शिकार हो गया था। 3 साल का यह बच्चा अब तक बोल भी नहीं पाता।

**केस 4**
कुछ समय पहले एक डॉक्टर के पास 8 साल का ऐसा बच्चा इलाज के लिए पहुंचा जिसे लगातार मोबाइल फोन के इस्तेमाल की वजह से सर्वाइकल पेन की परेशानी हो गई थी।

बच्चों में बढ़ते स्क्रीन टाइम का असर कितना खतरनाक हो सकता है, यह असल जिंदगी के इन उदाहरणों से समझा जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक, 5 साल से ऊपर के बच्चों में अब इसका असर सामने आने लगा है। इस वजह से उनमें कई मानसिक और शारीरिक समस्याएं हो रही हैं। पिछले साल 'ब्रेन रॉट' शब्द काफी चर्चा में रहा था जो बढ़ते स्क्रीन टाइम का असर बताता है। डॉक्टर बताते हैं कि जब से मोबाइल फोन में बच्चों का कॉन्टेंट आने लगा है, तबसे यह समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। इससे भी ज्यादा चिंता वाली बात यह है कि ज्यादा स्क्रीनटाइम का असर बचपन में पता ही नहीं लगता और जब तक इसका अहसास होता है, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। यही हाल रहा तो 10-15 साल बाद बच्चे की पूरी जिंदगी पर असर पड़ेगा।

## यह बच्चे की नहीं, पैरंट्स की समस्या है!

मोबाइल या टीवी देखकर खाना खा रहे किसी बच्चे के पैरंट्स से पूछें तो यही जवाब मिलता है कि बच्चा बहुत जिद्दी हो गया है, बिना कार्टून देखे खाना खाता ही नहीं...

कई बार यह कहा जाता है कि आजकल के बच्चे कहां मानते हैं, बिना मोबाइल के कुछ करते ही नहीं। हालांकि इसके कई पहलू हैं। 3 साल के हरीश का स्क्रीनटाइम रोज लगभग 4 से 5 घंटा है। मां रानी बताती हैं कि बिना मोबाइल के बेटा खाना नहीं खाता है। वह कहती हैं, "मैं हाउसवाइफ हूं लेकिन घर के तमाम काम होते हैं जिन्हें करते हुए बच्चे को लेकर नहीं बैठ सकते। ऐसे में उसे मोबाइल देना ही पड़ता है।' हालांकि वह मानती हैं कि इसी वजह से बच्चा खुद ऐक्टिविटीज करना नहीं सीख पाया। वहीं 2 साल के बेटे की मां कविता बताती हैं कि हम अपने बच्चे को डांटकर मोबाइल वापस ले लेते हैं मगर टीवी दिखाना कई बार



जरूरी हो जाता है। इसकी एक वजह तो ये है कि हम दोनों वर्किंग हैं तो घर पर ऑफिस मीटिंग, कॉल्स, काम की वजह से फ्री टाइम की जरूरत होती है। ऐसा कई बार हुआ है कि जब मैं और बेटा खेलने लगे तो ऑफिस की कॉल आ गई। फिर मुझे उसे छोड़कर दूसरे कमरे में जाना पड़ता है। फिर खाली बैठा बच्चा टीवी ही देखने लगता है। हालांकि इसी बातचीत में पैरंट्स ने यह भी माना कि वे रोज बच्चे के साथ 2-3 घंटे का भी क्वॉलिटी टाइम नहीं बिता पाते।

## बच्चों में दिख रहीं ऐसी परेशानियां

- अटेंशन डिफिसिट हाइपरऐक्टिविटी डिसॉर्डर (ADHD): इसमें बच्चों को किसी चीज पर फोकस करने में समस्या आती है।
- वर्चुअल ऑटिज़्म: इसमें बच्चों को सामाजिक रूप से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। छोटा बच्चा देर से बोलता है।
- ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से ऐंग्जायटी और डिप्रेशन के मामले बढ़ रहे हैं।
- बच्चों का सोने-जागने का पैटर्न बिगड़ रहा है।
- सिरदर्द की समस्या आम होती जा रही है। माइग्रेन भी बढ़ रहा है।
- गर्दन-पीठ में दर्द की समस्या बढ़ रही है। बच्चों में सर्वाइकल दर्द के केस आ रहे हैं।
- फिजिकल ऐक्टिविटी कम होने की वजह से बच्चों में मोटापा भी बढ़ रहा है।
- इमोशनल स्तर पर बच्चे कमजोर हो रहे हैं।
- बच्चों में पैरासोम्निया यानी नींद में हरकतें करने की समस्या भी बढ़ रही है।

## रिझाने के लिए चटख रंग, तेजी से बदलते सीन

बच्चे को शुरुआत में टाइम पास के लिए टीवी के सामने कार्टून चलाकर बिठाया जाता है। फिर वह टाइमपास आदत बन जाता। पैरंटिंग एक्सपर्ट गीतांजलि शर्मा कहती हैं कि बच्चों का जो कॉन्टेंट तैयार होता है, वह ऐसा होता है कि लत लग जाए। चटकीले रंगों का इस्तेमाल किया जाता है, ऐसा दिलचस्प कॉन्टेंट होता है कि बच्चा उसकी ओर खींचा रहता है। इस बारे में एनिमेशन कंपनी कॉसमॉस माया में डायरेक्टर-प्रोड्यूसर धीरज बेरी (जो मोटू पतलू, टीटू, बिट्टू बहानेबाज और ईना मीना डीका जैसे पॉपुलर शो बना चुके हैं) कहते हैं, 'बच्चे ब्राइट कलर्स की ओर आकर्षित होते हैं, कुछ रंग ऐसे होते हैं जो उनके दिमाग में जल्दी बैठ जाते हैं जैसे लाल या पीला। कैरेक्टर की शेप भी बहुत मायने रखती है। ज्यादातर कार्टून में आसान शेप का इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि ऐसी शेप को बच्चे आसानी से समझते हैं। बच्चे म्यूजिक से बहुत जल्दी कनेक्ट करते हैं। म्यूजिक अच्छा है तो बच्चा बिना बोर हुए उस चीज को दिन में कई बार देख सकता है। ध्यान रखा जाता है कि म्यूजिक बहुत कैची हो, मेलडी अच्छी हो, मूड पर पूरी तरह सेट हो रहा हो।' क्या बच्चों का कॉन्टेंट जानबूझकर ऐसे तैयार किया जाता है कि उसकी लत लग जाए? वह कहते हैं, "जब हम कोई शो तैयार कर रहे होते हैं तो साथ में चाइल्ड स्पेशलिस्ट और साइकोलॉजिस्ट भी होते हैं जो हमें गाइड करते हैं कि इस कॉन्टेंट का बच्चों पर क्या असर पड़ सकता है। हम हमेशा मनोरंजन के साथ पॉजिटिव मैसेज देते हैं, जैसे सुबह जल्दी उठना चाहिए, गलत काम नहीं करना चाहिए वगैरह।

## सर्वाइकल, माइग्रेन, टेक-नेक भी बच्चों में



जब स्क्रीन टाइम की बात आती है तो ज्यादातर मेंटल हेल्थ की बात होती है। लेकिन एक्सपर्ट बताते हैं कि इस वजह से बच्चों की फिजिकल हेल्थ भी खराब हो रही है। बच्चों में इन वजहों से टेक-नेक (गर्दन में दर्द) की समस्या बढ़ रही है, जो बड़ों में देखी जाती थी। बच्चों की पीठ और गर्दन में अकड़न की वजह से दर्द होने लगा है। इसके अलावा बच्चे गलत पोजिशन में घंटों बैठकर मोबाइल-टीवी देखते हैं तो शरीर के दूसरे हिस्सों पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा चूंकि स्क्रीन टाइम फिजिकल ऐक्टिविटी को कम कर देता है तो बच्चों में मोटापे की समस्या आम होती जा रही है। इस वजह से कम उम्र में ही ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है जो उम्र बढ़ने के साथ-साथ दिल की सेहत पर भी असर डालता है। बढ़ते स्क्रीन टाइम की वजह से बच्चों को सिरदर्द भी होने लगा है। वहीं कुछ बच्चों में माइग्रेन की शिकायत भी पाई जा रही है। मैक्योर हॉस्पिटल के पीडियाट्रिशियन डॉ. संजय जैन बताते हैं कि कुछ केस ऐसे भी आए हैं कि बच्चे दीवार में सिर मारने लगे हैं। यहां तक के मेरे पास 8 साल के बच्चे में सर्वाइकल का केस भी आया है जो कि स्क्रीन टाइम की वजह से हुआ था। इसके अलावा बच्चों की आंख में सूखापन हो रहा है और चश्मा भी लग रहा है।

## यूं ही एडिक्ट नहीं बन जाते बच्चे...

**बड़ों से अलग बच्चों के लिए खासतौर पर बनाए एनिमेशन आदि के दौरान कई चीजों का रखा जाता है खास ध्यान:**

- आसान शेप वाली चीजें को दिखाया जाता है जैसे कि राउंड शेप वाला चेहरा।
- उन रंगों का इस्तेमाल किया जाता है जिससे बच्चे अट्रैक्ट हों, जैसे लाल, पीला, हरा, गुलाबी वगैरह।
- बच्चों का फोकस बना रहे इसके लिए बैकग्राउंड और कैरेक्टर के डिजाइन अलग-अलग होते हैं।
- कार्टून के पेस (यानी कितनी तेजी से सीन बदल रहे हैं, घटनाएं हो रही हैं, कैरेक्टर रिएक्ट कर रहे हैं, शो में कितनी एनर्जी झलक रही है वगैरह) का भी ध्यान रखा जाता है।
- इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि उस कार्टून में ऐसी चीजें न हों जिनसे बच्चों का ध्यान उससे हटकर किसी दूसरी ओर चला जाए।
- बच्चों को म्यूजिक अट्रैक्ट करता है, इसलिए म्यूजिक का खास इस्तेमाल किया जाता है। म्यूजिक बच्चों के दिमाग में बैठ जाता है, ऐसे में इससे कार्टून की रिकॉल वैल्यू भी बनती है। उसे बच्चे बार-बार देखना चाहते हैं।
- गाने और स्क्रिप्ट के लिए बाकायदा गाइडलाइंस होती हैं, जिनमें कुछ आसान शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है।

## एनिमेशन बनाने के बाद होती है रिसर्च

- कोई भी कार्टून शो तैयार करने के बाद बच्चों पर रिसर्च की जाती है।
- देश में अलग-अलग जगह पर बच्चों को वह कार्टून दिखाया जाता है। इन दर्शकों में अलग-अलग उम्र के लड़के-लड़कियां शामिल होते हैं।
- इस दौरान उनके साथ एक टीम बैठती है जो यह नोटिस करती है कि बच्चों का किस सीन पर क्या रिएक्शन रहा, कहां पर बच्चे चौंके, कहां उन्होंने कितना एन्जॉय किया।
- यह भी ध्यान रखा जाता है कि बच्चों का ध्यान कहां भटक रहा है और कहां पर सबका फोकस है। अगर किसी सीन पर एक भी बच्चे का ध्यान भटक रहा है तो उस सीन पर दोबारा काम किया जाता है।
- इस दौरान बच्चों की उम्मीदों का भी ध्यान रखा जाता है कि शो या कैरेक्टर से बच्चों को क्या उम्मीदें हैं और वह शो उस उम्मीद को पूरा कर रहा है या नहीं।
- इस दौरान चाइल्ड बिहेवियर एक्सपर्ट और साइकोलॉजिस्ट-सायकायट्रिस्ट से भी सलाह ली जाती है कि बच्चों के बीच क्या ट्रेंड है, उन्हें क्या पसंद आ रहा है, उनकी सोच किस तरह बदल रही है वगैरह।
- इन सबको ध्यान में रखते हुए कार्टून में बदलाव किए जाते हैं।

## रिश्ते भी हो रहे खराब

जब बच्चा स्कूल जाना शुरू करता है और पढ़ाई व दूसरी ऐक्टिविटी में परफॉर्मेंस पिछड़ जाती है तो पैरंट्स को लगता है कि वह जानबूझकर पढ़ाई नहीं कर रहा। बच्चा ज्यादा स्क्रीन देखता है तो उसका मन न पढ़ाई में लगता है और न ही खेलकूद में। सोने-जागने का पैटर्न भी बिगड़ जाता है। पैरंट्स समझते हैं कि वह मनमानी करने लगा है। वे बच्चे पर सख्ती करते हैं, इससे घर में तनाव बढ़ता है। पैरंट्स और बच्चों के बीच दूरियां बढ़ जाती हैं। इसका असर पूरी जिंदगी पर पड़ता है।

### जल्दी संभलें

गीतांजलि शर्मा कहती हैं कि अगर समय रहते बच्चे को स्क्रीन से दूर करके मीनिंगफुल ऐक्टिविटीज में लगाया जाए तो उसके प्रभावों को ठीक किया जा सकता है। वहीं डॉ. परमजीत कहते हैं कि कई मामलों में इन समस्याओं का इलाज हो सकता है लेकिन एक बार स्क्रीन टाइम बढ़ने के बाद स्क्रीन टाइम कम करना आसान नहीं होता। कम मामलों में पैरंट्स ऐसा कर पाते हैं। डिवेलपिंग ब्रेन में ये समस्याएं बनी रहें तो परमानेंट हो सकती हैं।



## स्क्रीन की लत से ADHD, ऑटिज़्म, डिवेलपमेंट डिसॉर्डर के बढ़ रहे मामले



बच्चों के लिए बने खास तरह के कॉन्टेंट से जो लत लगती है वह बहुत नुकसान करती है। सीनियर सायकायट्रिस्ट विपुल रस्तोगी कहते हैं, 'ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से आजकल बच्चों की दिलचस्पी खेलकूद या दूसरी ऐक्टिविटीज में नहीं दिख रही। बचपन में जो एडिक्शन कार्टून से शुरू हो रहा है, वह आजकल उस हद तक जा रहा है कि बच्चे वह सब भी देखते हैं जो उनके लिए नहीं है क्योंकि उन्हें स्क्रीन की लत लग चुकी है। हमारे पास ऐसे कई केस आते हैं कि बच्चा फोकस नहीं कर पाता। इस वजह से अटेंशन, ऐंग्जायटी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं और दूसरी क्षमताएं कमजोर हो रही हैं। चिड़चिड़ापन, जिद्दी होना, नींद न आना, एनर्जी में कमी जैसी चीजें भी इसी वजह से बढ़ रही हैं। बात डिप्रेशन तक जा रही है।' गीतांजलि शर्मा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा मोबाइल या टीवी देखने से ब्रेन रॉट की समस्या हो रही है यानी दिमाग फ्रेश नहीं बल्कि थका-थका महसूस करता है। इस वजह से बच्चों में आजकल ADHD, वर्चुअल ऑटिज़्म, न्यूरो डिवेलपमेंट डिसॉर्डर, सोशल स्किल्स न पनपना जैसी समस्याएं हो रही हैं। इस वजह से बच्चे असल दुनिया को स्वीकार नहीं कर रहे और यह असर बड़े बच्चों में भी दिख रहा है। वे कार्टून की तरह ही हंसते-रोते भी हैं।' पीएसआरआई अस्पताल के सायकायट्रिस्ट डॉ. परमजीत सिंह कहते हैं कि इस वजह से बच्चों में गुस्सैल प्रवृत्ति बढ़ रही है और इमोशंस के स्तर पर कमजोर हो रहे हैं। ऐसे भी बच्चे आ रहे हैं जिनका कोई दोस्त तक नहीं है। रात में सोने-दिन में जागने का टाइम बिगड़ गया है तो बायोलॉजिकल रिदम डिस्टर्ब हो रही है।'

*ज्यादा स्क्रीन देखने की वजह से छोटे बच्चे असल दुनिया को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। यह असर बड़े बच्चों में भी दिख रहा है। अब वे हंसते-रोते भी कार्टून की तरह ही हैं। इस से बच्चों में गुस्सैल प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।*

## स्क्रीन से ऐसे पा सकते हैं छुटकारा

अगर आप अपने बच्चे को स्क्रीन से दूर कर रहे हैं तो उसे इसके बदले कुछ विकल्प भी दें जिसमें उसकी दिलचस्पी हो, जैसे कि क्रिएटिव आर्ट, स्विमिंग, स्पोर्ट्स वगैरह। बच्चे को दिलचस्प विकल्प नहीं मिलेगा तो वे दोबारा मोबाइल-टीवी की तरफ जाएंगे। कुछ ऐसी चीजें करें:

- बच्चों का दिमाग कल्पनाशील होता है। ऐसे में बच्चों को कहानियां सुनाएं ताकि वे अपनी कल्पना की जरूरत पूरी कर सकें।
- बच्चों को कलरफुल ऐक्टिविटी जैसे कलर करना या ड्रॉइंग बनाना या कलरफुल बुक्स देखने में बिजी कर सकते हैं।
- उनकी जिंदगी से पूरी तरह स्क्रीन खत्म कर देना आज के जमाने में संभव नहीं। इसे मिनिमाइज यानी कम से कम करने के उपाय ढूंढें।
- इसे फैमिली प्रॉब्लम की तरह देखें। पहले आप खुद मोबाइल से दूर होने की कोशिश करें। वरना, बच्चे को कैसे दूर होने के लिए कहेंगे।



- बच्चों से बात करें कि क्यों उनका मोबाइल का वक्त कम किया जा रहा है ताकि वे उन चीजों को समझें और आपके दुश्मन न बन बैठें।
- यह भी न सोचें कि एक-दो बार कहने से स्क्रीन टाइम कम हो जाएगा। इसके लिए समय-समय पर उन्हें समझाना होगा।
- बच्चे को अपना क्वॉलिटी टाइम देना होगा। साथ ही घर पर खुद भी फोन से दूरी बनाकर रखनी होगी। इससे बच्चे को सही मैसेज मिलेगा।
- बच्चा कंट्रोल में नहीं आ रहा है और स्थिति हाथ से बाहर जा रही है तो काउंसलर से मदद ले सकते हैं।

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित। रविवार, 21 दिसंबर 2025

हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एक खिलाड़ी की छवि से आगे निकल कर एक सेलिब्रिटी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर है। वह एक ऐसे खेल में अजेय है जो मानसिक उलझनों से जुड़ा है। -डेल स्टेन, पूर्व पेसर, साउथ अफ्रीका





**20**

मैच जीते हैं महेंद्र सिंह धोनी ने बतौर कप्तान ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में। वह मेंस टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट्स में सर्वाधिक मैच जीतने वाले कप्तान हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

*इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।*

1. ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप-2026 के लिए भारतीय टीम का उप-कप्तान किसे नियुक्त किया गया है?
A) ईशान किशन B) अक्षर पटेल C) हर्षित राणा D) जसप्रीत बुमरा

2. ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में बतौर कप्तान सर्वाधिक मैच किसने जीते हैं?
A) विराट कोहली B) केन विलियमसन C) इयोन मॉर्गन D) महेंद्र सिंह धोनी

**कल के जवाब**
1. B) अंकित बावने 2. B) 4

**लकी WINNER**



1. दक्ष पाल, संगम विहार, दिल्ली
2. संगीता धुरिया, लखनऊ, यूपी
3. दिनेश जैन, मलाड, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

चयन समिति ने निरंतरता के साथ फॉर्म को भी बनाया आधार

# कप के लिए 15 धुरंधर तय

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** टी20 की मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया ने नए साल में इस ट्रॉफी को फिर से उठाने के लक्ष्य के साथ अपनी सेना सजा ली है। अजित अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने शनिवार को उन 15 नामों का ऐलान कर दिया जिनके कंधों पर यह बड़ी जिम्मेदारी होगी। टीम चयन पर नजर दौड़ाएं तो साफ है कि चयनकर्ताओं ने निरंतरता, सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन के अलावा 'प्रतिष्ठा के बदले फॉर्म' पर फोकस किया है। शायद इसी सोच के तहत भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान और प्रतिभाशाली बैटर शुभमान गिल को बाहर रखने का फैसला लिया गया।

मिशन टी20 वर्ल्ड कप 2026

**सूर्य की कप्तानी कायम:** बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार यादव की लगातार जारी विफलताओं को दरकिनार करते हुए उनकी नेतृत्वकर्ता की भूमिका पर चयनकर्ताओं का भरोसा कायम है। बतौर बैटर सूर्य का मौजूदा साल बेहद खराब गुजरा। साल 2025 में उन्होंने 21 मैचों की 19 टी20I पारियों में 13.62 के खराब औसत से 218 रन बनाए हैं, जिसमें एक भी अर्धशतक नहीं है। यह इंटरनैशनल क्रिकेट में डेब्यू के बाद से उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। इसके अलावा कप्तान की दाहिनी कलाई में चोट पूरी तरह ठीक नहीं होने की बात भी सामने आई है। लेकिन, जहां तक उनकी कप्तानी की बात है तो इस फॉर्मेट में भारत को 83 फीसदी मुकाबलों में जीत दिलाने का उनका रेकॉर्ड उनके पक्ष में गया। टी20 के 'मिस्टर 360 डिग्री' कहे जाने वाले इस बैटर से टीम मैनेजमेंट को उम्मीद होगी कि वह वर्ल्ड कप के दौरान अपनी पुरानी लय में लौटें।

**ईशान-रिंकू की राह खुली:** बाएं हाथ के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को हालिया उम्दा प्रदर्शन का इनाम मिला। ईशान फिटनेस और उपलब्धता से जुड़ी दिक्कतों के कारण साल के अधिकांश समय टी20 टीम से बाहर रहे। हाल में उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में सेंचुरी जड़कर झारखंड को खिताब भी दिलाया। इससे उनकी वापसी की राह खुली। उनके चयन में टॉप ऑर्डर में बाएं और दाएं हाथ के बैटर्स का कॉम्बिनेशन भी काम आया। दूसरी ओर, इस साल एशिया कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे रिंकू सिंह की हिटिंग क्षमताओं के मद्देनजर निचले क्रम में मुख्य फिनिशर के रूप में उन्हें जितेश शर्मा पर तरजीह मिली।

**स्पिन में जनी-जमाई जोड़ी:** उपमहाद्वीप की स्पिन के अनुकूल पिचों पर भारत ने बाएं और दाएं हाथ के अपने दो प्रमुख फिरकीबाजों- कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को उम्मीद के अनुरूप बरकरार रखा है। भारत की इस फॉर्मेट में हालिया सफलताओं में इन दोनों स्पिनर्स के योगदान को देखते हुए, यहां कोई फेरबदल की गुंजाइश नहीं के बराबर थी। विकल्प के तौर पर वॉशिंगटन सुंदर तीसरे स्पिनर हैं जिनकी बल्लेबाजी क्षमता भी टीम के काम आ सकती है।

तेज गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह मुख्य विकल्प हैं, जबकि हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे मैच की परिस्थितियों के हिसाब से इस्तेमाल किए जाएंगे। हार्दिक और शिवम के रहते भारतीय टीम में शानदार संतुलन बन जाता है जो बैटिंग या बोलिंग में मैच का रुख मोड़ने की क्षमता रखते हैं।



ईशान किशन

ईशान किशन पहले भी टीम में रहे हैं। उन्होंने साबित किया है कि वह यह कर सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनकी फॉर्म दिखाती है कि चयन का आधार घरेलू क्रिकेट होना चाहिए, सिर्फ IPL नहीं। - *सुनील गावसकर, पूर्व कप्तान*



मैं चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और टीम मैनेजमेंट को 10 में से 10 अंक देता हूं। गिल को बाहर करना मुश्किल फैसला रहा होगा, लेकिन टीम संयोजन प्राथमिकता थी। गिल को यह फैसला सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। - *हरभजन सिंह, पूर्व स्पिनर*



**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### अक्षर ने और बढ़ाया अपना कद

**स्पिन बोलिंग** ऑलराउंडर अक्षर पटेल पर टीम मैनेजमेंट का भरोसा और बढ़ा है। शुभमान गिल के बाहर होने के बाद अक्षर को उप-कप्तान की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। दरअसल, अक्षर ना केवल चतुर लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं, बल्कि वह बैटिंग ऑर्डर में भी विकल्प बढ़ा देते हैं, चूंकि उन्हें किसी भी नंबर पर आजमाया जा सकता है। मानसिक और तकनीकी रूप से सक्षम खिलाड़ी होने के नाते भारतीय टीम में अक्षर की अहमियत लगातार बढ़ रही है।

# यंगिस्तान और ट्रॉफी के बीच अब सिर्फ पाकिस्तान चुनौती

**भारत Vs पाकिस्तान**
U-19 मेंस एशिया कप फाइनल

**एजेंसियां, दुबई:** अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम रेकॉर्ड 9वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी और चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी। मुकाबला दुबई स्थित ICC अकैडमी में खेला जाएगा।

**अजेय रही है टीम इंडिया:** ग्रुप-ए में भारत ने सभी मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया था, जबकि पाकिस्तान को अपनी इकलौती हार भारत के खिलाफ 90 रन से झेलनी पड़ी थी। सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को मात दी।

**हर विभाग में उम्दा खेल:** भारत का सफर अब तक हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है। बल्लेबाजी में टीम ने दो बार 400 से अधिक रन बनाए हैं। वैभव सूर्यवंशी (यूएई के खिलाफ 171 रन) और विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडु (मलेशिया के खिलाफ 209* रन) ने रेकॉर्ड पारियां खेलीं। मध्यक्रम में आरोन जॉर्ज के लगातार तीन अर्धशतक और विहान मल्होत्रा की स्थिरता ने टीम को मजबूती दी है। ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने फिनिशर की भूमिका के साथ गेंद से भी असर छोड़ा है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने 11 विकेट लेकर अगुआई की है। भारत की नजर कप्तान आयुष और वैभव पर भी होगी। आयुष टूर्नामेंट में एक भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं, जबकि वैभव ओपनिंग मैच में चलने के बाद अगली तीन पारियों में 64 रन ही जोड़ सके हैं।

**समीर-सुभान से रहना होगा होशियार:** पाकिस्तान टीम की ताकत उनकी तेज गेंदबाजी है। अब्दुल सुभान ने पाकिस्तान के लिए 11 विकेट लिए हैं और वह टूर्नामेंट में दीपेश के साथ संयुक्त सर्वाधिक विकेट लेने वाले बोलर हैं।



भारतीय टीम के प्लेयर्स

**आमना-सामना**
भारत 16 | पाकिस्तान 11 | कुल मैच 28 | टाई 1

**टेलिकास्ट:** सुबह 10:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनीलिव पर

**11** विकेट लिए हैं दीपेश ने मौजूदा टूर्नामेंट में। वह पाकिस्तान के अब्दुल सुभान (11) के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में टॉप पर हैं

**263** रन बनाए हैं अभिज्ञान कुंडु ने। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पहले स्थान पर पाकिस्तान के समीर मिन्हास (299 रन) हैं

# टीम संयोजन को मिला महत्व: सूर्य

**एजेंसियां, मुंबई:** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट किया कि शुभमान गिल को बाहर रखने का फैसला फॉर्म से नहीं, बल्कि सही संयोजन की जरूरत के कारण लिया गया है। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक विकेटकीपर बल्लेबाज और मध्य-निचले क्रम में लचीलापन चाहता है। उनके फॉर्म पर किए गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि हर किसी ने अपने करियर में ऐसा दौर देखा होगा। मुझे पता है कि क्या करना है। मुझे पता है कि कहां गलती हो रही है। मेरे पास इस पर काम करने के लिए कुछ समय है।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से



भारतीय टी20I कप्तान सूर्यकुमार

**नंबर तीन पर खेलेंगे तिलक**

सूर्य ने बताया कि तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि वह खुद चौथे क्रम पर उतरना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, 'हम सब इस बात पर सहमत हैं कि बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन हमारे लिए ज्यादा अहम नहीं है। हमने तिलक के लिए नंबर तीन की जगह तय कर दी है। मैं नंबर चार पर बल्लेबाजी करना चाहता हूं और फिर पांचवें और छठे क्रम पर जो भी हमें ठीक लगे।'

## फटाफट खबरें

**जोशना-वीर सेमी में**
**मुंबई:** जोशना चिनप्पा और वीर चोटरानी ने सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वैश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। जोशना ने रीवा निमलकर को 11-4, 11-3, 11-5 से हराया। पुरुष वर्ग में चोटरानी ने महेश मनगावकर को 11-9, 11-9, 12-10 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में सूरज चंद और सान्या वत्स भी पहुंच गए।

**रिचर्ड को मिली कमान**
**नई दिल्ली:** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा को टेस्ट और वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। ब्रायन बेनेट को उपकप्तान बनाया गया है। बोर्ड ने नगारवा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया। 27 वर्षीय नगारवा तीनों फॉर्मेट में कुल 200 से ज्यादा विकेट ले चुके हैं।

**आज कोलकाता 25K रन**
**कोलकाता:** टाटा स्टील वर्ल्ड 25K कोलकाता में रविवार को वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक पदक विजेता धावक हिस्सा लेंगे। युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई और तंजानिया के अल्फोंस सिम्बु मैराथन के मुख्य आकर्षण होंगे। भारतीय चुनौती की अगुआई गुलवीर सिंह और संजीवनी जाधव करेंगी।

**विमान में स्मोकिंग**
**कराची:** FIH प्रो-लीग के दौरान अर्जेंटीना दौरे पर गए पाकिस्तान हॉकी टीम के मैनेजर अंजुम सईद मुश्किल में फंस गए हैं। रियो डी जनेरियो एयरपोर्ट पर विमान में ईंधन भरते समय धूम्रपान करते पकड़े जाने पर उन्हें विमान से उतार दिया गया। इसके चलते उन्हें दुबई जाने की अनुमति नहीं मिली।

# भारत के पास युवा प्रतिभाओं को परखने का अच्छा मौका

**भारत Vs श्रीलंका**
विमिंस टी20 सीरीज, पहला मैच

**एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** श्रीलंका के खिलाफ आज से शुरू हो रही पांच मैचों की विमिंस टी20 सीरीज में भारतीय टीम की प्राथमिकता अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिहाज से युवा खिलाड़ियों को परखने की रहेगी। टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे अनुभवी चेहरे मौजूद हैं, लेकिन टीम अब भविष्य की स्थिरता सुनिश्चित करने पर भी फोकस कर रहा है।

**कमलिनी, वैष्णवी को मिला मौका:** इस सीरीज में युवा बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की उभरती स्पिनर वैष्णवी शर्मा पर खास नजर रहेगी। 17 वर्षीय कमलिनी ने अंडर-23 टी20 ट्रॉफी, अंडर-19 वर्ल्ड कप और विमिंस प्रीमियर लीग में परिपक्व खेल दिखाकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। वहीं, वैष्णवी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में 17 विकेट लेकर अपनी क्षमता साबित की थी। राधा यादव की अनुपस्थिति में उन्हें एन श्री चरणी के साथ गेंदबाजी की जिम्मेदारी मिल सकती है।

स्मृति मंधाना के लिए यह सीरीज व्यक्तिगत तौर पर भी अहम होगी, जबकि हरमनप्रीत कौर ब्रेक के बाद टी20 में लय हासिल करना चाहेंगी।



File

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर

**आमना-सामना**
कुल मैच 26 | भारत 20 | श्रीलंका 5 | नो रिजल्ट 1

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

## शमी करेंगे बंगाल की बोलिंग की अगुवाई

**एजेंसियां, कोलकाता:** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सीजन में अभी तक सभी प्रारूप में 36 विकेट लिए हैं। अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी में उतरने वाली टीम में भारतीय पेसर आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। उधर, महाराष्ट्र ने विजय हजारे के लिए शुक्रवार को टीम की घोषणा करते हुए कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी।

विजय हजारे ट्रॉफी 2026



FILE

मोहम्मद शमी

# जीत से 4 विकेट दूर ऑस्ट्रेलिया



SOCIAL MEDIA

**29** विकेट लिए हैं नाथन लियोन ने स्टंपिंग के जरिए। वह टेस्ट इतिहास में स्टंपिंग के जरिए चौथे सर्वाधिक शिकार करने वाले बोलर हैं

द एशेज

जश्न मनाते हुए नाथन लियोन

**एजेंसियां, एडिलेड:** नाथन लियोन (3/64) और कप्तान पैट कमिंस (3/24) के दमदार प्रदर्शन ने इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की उम्मीदों को करारा झटका देते हुए ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट में जीत और सीरीज में अजेय बढ़त के बेहद करीब पहुंचा दिया। रेकॉर्ड 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड चौथे दिन स्टंप्स तक छह विकेट पर 207 रन ही बना सका। अब उसे जीत के लिए 228 रन की दरकार है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को केवल चार विकेट चाहिए।

**आठ रन के भीतर लिए तीन विकेट:** लियोन ने शानदार स्पेल में महज 8 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उन्होंने उप-कप्तान हैरी ब्रूक (30) और कप्तान बेन स्टोक्स (5) को बोल्ड किया, जबकि सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (85) को स्टंप आउट कर इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी। क्राउली और ब्रूक ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर स्कोर को 109 से 177 तक पहुंचाया था, लेकिन लियोन की एंट्री के साथ मैच का रुख पलट गया। इससे पहले 271 रन से आगे खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया की पारी 349 रन सिमट गई।

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
तीसरा टेस्ट, चौथा दिन

**ब्रीफ स्कोर**
**ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी):** 371 रन **इंग्लैंड (पहली पारी):** 286 रन **ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी):** 349 रन (ट्रेविस हेड 170, एलेक्स कैरी 72, जोश टंग 4/70, ब्रायडन कार्स 3/80) **इंग्लैंड (दूसरी पारी):** 207/6* (जैक क्राउली 85, जो रूट 39, पैट कमिंस 3/24, नाथन लियोन 3/64)

# सात्विक-चिराग की जोड़ी एक और सेमीफाइनल हारी

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की शीर्ष भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी को BWF (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में चीन के लियांग वी केंग व वांग चांग ने हरा दिया। चीनी जोड़ी ने अंतिम-4 का मुकाबला 10-21, 21-17, 21-13 से 1 घंटे तीन मिनट में जीत लिया। इस तरह भारतीय जोड़ी का यह सीजन बिना किसी खिताब के खत्म हुआ। वर्ल्ड नंबर-3 भारतीय जोड़ी इस सीजन छठी बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हारी है। इस जोड़ी ने चीन ओपन और हॉन्ग कॉन्ग ओपन के सेमीफाइनल में जीत हासिल की थी, लेकिन उन्हें इन टूर्नामेंट में फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

**BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स**



सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी

# विंडीज ने फॉलोऑन टाला

**न्यूजीलैंड Vs वेस्टइंडीज**
तीसरा टेस्ट, तीसरा दिन

**एजेंसियां, माउंट माउंगानुई:** कैवेम हॉज (109* रन, 254 बॉल, 14 फोर) के जुझारू शतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन फॉलोऑन से खुद को बचा लिया। हॉज ने पारी को संभालते हुए अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया। उनके साथ एंडरसन फिलिप 12 रन पर क्रीज पर मौजूद थे।

**होप नहीं उतरे:** वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 381 रन बना लिए हैं और अब भी न्यूजीलैंड से 194 रन पीछे है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन पर घोषित की थी। ऐसे हालात में फॉलोऑन बचाना कैरेबियाई टीम के लिए अहम रहा, खासकर तब जब पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले शाई होप अज्ञात बीमारी के कारण बल्लेबाजी के लिए उतर ही नहीं सके।

हॉज ने 224 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज ने सुबह बिना विकेट गंवाए 110 रन से आगे खेलना शुरू किया था, लेकिन दूसरे ओवर में ही जॉन कैंपबेल (45) आउट हो गए। जैकब डफी ने बाद में ब्रैंडन किंग (63) को भी बोल्ड किया। इसके बाद हॉज ने टेविन इमलाच (27), एलिक अथानाज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) के साथ उपयोगी साझेदारियां कर टीम को मजबूती दी।



AFP

वेस्टइंडीज के बैटर कैवेम हॉज

# वावरिंका ने की घोषणा, अगले सीज़न के बाद लेंगे संन्यास

**एजेंसियां, लुसाने:** स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका ने साफ कर दिया है कि 2026 टूर उनका अंतिम पेशेवर सीजन होगा। वावरिंका 39 साल के हैं और 2002 में प्रफेशनल टेनिस में कदम रखा था। उन्होंने करियर में कुल 16 एटीपी सिंगल्स खिताब जीते हैं।

**अंतिम अध्याय:** वावरिंका ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आखिरी प्रयास। हर कहानी का एक अंत होता है। अब पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरे करियर का अंतिम अध्याय लिखने का समय आ गया है। 2026 टूर मेरा आखिरी साल होगा।' वह रोजर फेडरर के साथ 2008 बीजिंग ओलिंपिक्स में मेंस डबल्स इवेंट में गोल्ड जीत चुके हैं। वह 2014 में स्विट्जरलैंड को उसका एकमात्र डेविस कप दिलाने वाली टीम का अहम हिस्सा रहे।

**टेनिस अपडेट**



FILE

स्विट्जरलैंड के प्लेयर वावरिंका

## देश

### इंडिगो 26 से जारी करेगी ₹10 हजार के वाउचर

**आईएएनएस, नई दिल्ली:** 3, 4 और 5 दिसंबर को रद्द हुई उड़ानों से प्रभावित यात्रियों के लिए इंडिगो एयरलाइन 26 दिसंबर से 10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर जारी करेगी। यह वाउचर 5,000 से 10,000 रुपये तक के मुआवजे से अतिरिक्त होगा।

### लालू यादव की आंखों की सफल सर्जरी

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की सेंटर फॉर साइट में मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) और रेटिना की सफल सर्जरी की गई है। सर्जरी पूरी तरह से सफल रही। लालू प्रसाद यादव को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है और वे अब घर पर रहकर रिकवरी करेंगे।

# दहेज प्रथा हो चुकी है संस्थागत, मेहर की सुरक्षा भूमिका भी खोखली : सुप्रीम कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** 'दहेज प्रथा अब समाज में संस्थागत (इंस्टीट्यूशनलाइज) हो चुकी है। आज मेहर और दहेज दोनों साथ-साथ मौजूद हैं, लेकिन इस तरह कि मेहर की मूल अवधारणा और उसकी सुरक्षा भूमिका लगभग खत्म हो गई है।' यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें पति और उसकी मां को बरी कर दिया गया था। ट्रायल कोर्ट ने पाया था कि 20 साल की महिला को इसलिए जिंदा जला दिया गया, क्योंकि वह रंगीन टीवी, एक मोटरसाइकिल और 15 हजार रुपये की मांग पूरी नहीं कर सकी थी।

इलाहाबाद HC के एक फैसले को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने 16 दिसंबर को दिए फैसले में कहा कि शुरुआत में दहेज की प्रथा बेटी को विवाह के समय उसकी निजी जरूरतों और आर्थिक आजादी के लिए स्वेच्छा से दिए जाने वाले उपहार के रूप में थी। समय के साथ यह मजबूरी और सामाजिक दबाव में बदल गई। अदालत ने कहा कि यह प्रथा हाइपरगैमी से जुड़ गई। जाति, धन, जमीन और सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने के नाम पर दहेज को जरूरी बना दिया गया। समय के साथ यह सांस्कृतिक असर के कारण मुस्लिम समाज में भी फैल गई। अदालत ने कहा कि आज दहेज को दूल्हे की पढ़ाई, नौकरी और सामाजिक हैसियत से जोड़ा जा रहा है। इससे महिलाओं के खिलाफ गहरा भेदभाव पैदा हुआ है।

### 'रेलवे के ऑनलाइन टिकट पर ही बीमा क्यों'

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे से सवाल किया है कि दुर्घटना बीमा कवर सिर्फ ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों को ही क्यों मिलता है? कोर्ट ने पूछा कि ऑफलाइन टिकट लेने वाले यात्रियों को यह सुविधा क्यों नहीं दी जाती। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने 29 नवंबर को रेलवे को यह भी निर्देश दिया कि वह रेलवे ट्रैक और रेलवे क्रॉसिंग की सुरक्षा पर खास ध्यान दे। यह मामला रेलवे सिस्टम में सुरक्षा से जुड़ी अलग-अलग चिंताओं पर सुनवाई के दौरान सामने आया।

### 'CSR में पर्यावरणीय जिम्मेदारी जरूरी'

**भाषा, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी यानी CSR को पर्यावरणीय जिम्मेदारी से अलग नहीं किया जा सकता। अदालत ने साफ कहा कि कम्पनियां अगर पर्यावरण और इकोसिस्टम के दूसरे जीवों की अनदेखी करती हैं तो वे खुद को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नहीं कह सकतीं। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए. एस. चांदुरकर की बेंच ने विलुप्तप्राय प्रजाति गोडावण यानी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण से जुड़े मामले में यह टिप्पणी की। कोर्ट पर्यावरणविद् एम. के. रंजीतसिंह की 2019 की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह पक्षी राजस्थान और गुजरात में गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों के कारण खतरे में है।

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण से जुड़े मामले में SC ने की टिप्पणी

# CUET-PG में अब 4 एग्जाम सिटी चुनने का मिलेगा मौका

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** केंद्रीय विश्वविद्यालयों और दूसरे उच्च शिक्षा संस्थानों में पोस्ट ग्रैजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-PG) की आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने नियमों में बदलाव किए हैं। 14 दिसंबर से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया के एक हफ्ते के अंदर ही NTA ने पहला यू-टर्न लेते हुए एग्जाम सिटी से जुड़ा नियम बदल दिया है। CUET-PG 2026 के लिए पहले NTA ने अधिकतम दो एग्जामिनेशन सिटी चुनने का नियम लागू किया था। अब नया पब्लिक नोटिस जारी कर कहा गया है कि कैंडिडेट 4 एग्जाम सिटी चुन सकेंगे। इस बदलाव के बाद स्टूडेंट्स में एक बार फिर भ्रम की हालत बन गए हैं। CUET-PG 2026 के लिए 14 जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है।

रजिस्ट्रेशन की शुरुआत में 2 सिटी चुनने का नियम लागू किया था

**18 से 20 जनवरी तक कर सकेंगे बदलाव**

मौजूदा और परमानेंट एड्रेस के आधार पर सिर्फ 2 एग्जाम सिटी का ही विकल्प मिलेगा। अब स्टूडेंट्स को ज्यादा सुविधा देने की बात कहते हुए 4 शहर चुनने का मौका दिया जा रहा है। जो छात्र पहले ही फॉर्म भर चुके हैं, उन्हें एक्स्ट्रा एग्जाम सिटी चुनने के लिए 18 से 20 जनवरी 2026 तक का समय दिया जाएगा। इन्हीं 3 दिनों के दौरान करेक्शन विंडो खोली जाएगी। अभी तक आवेदन कर चुके स्टूडेंट्स ने अधिकतम दो ही शहरों का विकल्प भरा है।

### अरावली में आई दरारों से दिल्ली NCR में बढ़ रही धूल: एक्सपर्ट

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पर्यावरण विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों का दावा है कि अरावली पर्वत श्रृंखला में अब तक करीब 12 दरारें पड़ चुकी हैं। इन दरारों के कारण थार रेगिस्तान की धूल दिल्ली-NCR तक पहुंच रही है। आने वाले दिनों में धूल और प्रदूषण की समस्या और गंभीर होगी।

पर्यावरण कार्यकर्ता कैलाश मीणा के अनुसार पिछले कुछ दशकों में करीब 692 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वतमाला का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। खनन के कारण यहां लगभग 12 दरारें खुल चुकी हैं। ये दरारें अजमेर से झुंझुनू और दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़ तक फैली हुई हैं। इन्हीं दरारों के रास्ते रेगिस्तान की धूल दिल्ली-NCR तक पहुंच रही है।

खनन के कारण अरावली की 12 दरारें खुल चुकी हैं

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 12-20-2025 23:50 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## पहली बार किसी विडियो को 1 बिलियन व्यूज

आज ही के दिन, 21 दिसंबर 2012 को कोरियन रैपर Psy का गाना 'गंगनम स्टाइल' इतिहास में दर्ज हो गया। यह यूट्यूब पर एक बिलियन व्यूज पाने वाला दुनिया का पहला विडियो बना। यह गाना 15 जुलाई 2012 को रिलीज हुआ था। Psy कोरिया में पहले से मशहूर थे, लेकिन इसी गाने ने उन्हें पूरी दुनिया में पहचान दिलाई। यह विडियो इंटरनेट पर वायरल कंटेंट की ताकत और अनिश्चितता का बड़ा उदाहरण बना।

# NBT



## सोशल मीडिया की ताकत और बढ़ेगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में इंटरनेट और सोशल मीडिया कंटेंट की ताकत और बढ़ेगी। गाने, विडियो और ट्रेंड कुछ ही घंटों में दुनिया भर में फैल जाएंगे। भाषा और देश की सीमाएं और कमजोर होंगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एल्गोरिदम यह तय करेंगे कि क्या वायरल होगा। नए कलाकार बिना बड़े मंच के भी वैश्विक पहचान बना पाएंगे। दर्शकों की पसंद तेजी से बदलेगी और डिजिटल प्लेटफॉर्म ही मनोरंजन की दिशा तय करेंगे।



AI Image

(कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)।



## फटाफट खबरें

### सड़क हादसे में नोरा फतेही घायल



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शनिवार शाम अभिनेत्री नोरा फतेही मुंबई के अंधेरी इलाके में सड़क दुर्घटना में घायल हो गईं। हादसा शाम करीब 4 बजे उस वक्त हुआ, जब वे शिवड़ी में चल रहे सनबर्न फेस्टिवल में कॉन्सर्ट में प्रस्तुति देने जा रही थीं। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में धुत एक कार चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

### अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ जारी

■ भाषा, नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कथित लोन धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से शनिवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। ED की जांच यस बैंक से जुड़े लेनदेन को लेकर है।

### अगस्ता वेस्टलैंड केस में मिशेल को जमानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े मामले में आरोपी ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिल गई है। हालांकि, सीबीआई से जुड़े मामले में उनकी रिहाई पर फैसला अभी नहीं हुआ है।

### गोवा आग: ब्लू कॉर्नर नोटिस की तैयारी

■ आईएएनएस, पणजी: गोवा के नाइटक्लब अग्निकांड की जांच के दौरान पुलिस ने ब्रिटेन के नागरिक सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खोसला उस संपत्ति के मालिक बताए जा रहे हैं, जहां नाइटक्लब चल रहा था।

### ऐक्टर-डायरेक्टर श्रीनिवासन नहीं रहे

■ भाषा, कोच्चि: मलयालम फिल्मों के अभिनेता और डायरेक्टर श्रीनिवासन का शनिवार सुबह कोच्चि के त्रिपुनिथुरा में निधन हो गया। वह 69 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। साल 2022 में उनके दिल की सर्जरी हुई थी और वह डायलिसिस के लिए जाते वक्त उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई।

# दरवाज़े किए बंद, पेट्रोल छिड़का, मासूम ज़िंदा जली

## बांग्लादेश हिंसा: BNP नेता के घर में आग लगाई गई | दो बहनें 50-60 फीसदी तक झुलसीं, हालत बेहद गंभीर | हमलावरों की तलाश जारी, पुलिस ने अब शुरू की जांच

■ आईएएनएस, ढाका

**बांग्लादेश में** जारी राजनीतिक अशांति के बीच लक्ष्मीपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। उपद्रवियों ने बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक स्थानीय नेता के घर में आग लगा दी, जिससे सात साल की बच्ची की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना शनिवार तड़के की है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़ित बीएनपी नेता और व्यवसायी बेलाल हुसैन हैं, जो भबानीगंज यूनियन बीएनपी के सहायक संगठन सचिव बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, उपद्रवियों ने हुसैन के टिन-शेड वाले घर को चारों ओर से घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर के दोनों दरवाजे बाहर से बंद कर दिए और पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

घटना के समय घर के अंदर पूरा परिवार सो रहा था। आग की चपेट में आने से सात साल की आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी दो बड़ी बहनें- 16 वर्षीय सलमा अख्तर और 14 वर्षीय सामिया अख्तर- करीब 50 से 60 प्रतिशत तक झुलस गईं। बेलाल हुसैन भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**घरवालों की आंखों देखी:** बेलाल की मां हाजेरा बेगम ने बताया कि उन्होंने खिड़की से देखा कि उपद्रवी घर को घेरकर आग लगा रहे थे। दोनों दरवाजे बाहर से बंद थे। मैं कुछ नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि बेलाल किसी तरह दरवाजा तोड़कर बाहर निकलने में सफल रहे। उनकी पत्नी नजमा अपने चार महीने के बच्चे अबीर और छह साल के बेटे हबीब के साथ बाहर निकल आईं, लेकिन तीनों बेटियां एक कमरे में फंसी रह गईं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के पीछे कौन लोग हैं और उनका मकसद क्या था।

Photos: AFP/PTI



जनाजे में जुटी भीड़...बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी के जनाजे की नमाज अदा की गई, जिसके लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। हादी की मौत होने के बाद देश में अशांति फैल गई है।



ढाका का शाहबाग चौराहा... हादी की मौत के बाद जुटी थी भीड़

## अवामी लीग का आरोप, यह सुनियोजित आतंकवादी हमला

■ आईएएनएस, ढाका

**बांग्लादेश की** अवामी लीग ने देश के विभिन्न हिस्सों में मीडिया, सांस्कृतिक संस्थानों और कूटनीतिक प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इन घटनाओं को 'सुनियोजित आतंकवादी हमला' करार देते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

**मीडिया, सांस्कृतिक संस्थानों पर हुए हमले**

अवामी लीग के अनुसार, इन हमलों में देश के प्रमुख अखबार प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के कार्यालयों को निशाना बनाया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्था छायानट, चटगांव और खुलना स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग कार्यालय, भारतीय सांस्कृतिक केंद्र और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के बचे ढांचे पर भी हमले किए गए। पार्टी ने यह भी दावा किया कि इसी दौरान सांप्रदायिक नफरत की एक घटना में एक हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

## थरूर का पत्रकार सुरक्षा पर ज़ोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बांग्लादेश में हिंसा और मीडिया पर हमले पर चिंता जताई। उन्होंने ऑफिसों में आगजनी को प्रेस की आजादी और बहुलवादी समाज पर हमला बताया। वीजा सेवाओं का निलंबन छात्रों और परिवारों पर असर डालता है। अंतरिम सरकार से कहा कि मौहताज हावी न हो, पत्रकारों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यूनुस से व्यक्तिगत दखल की मांग की।



## प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने पत्रकारों पर हुए हिंसक हमलों की निंदा की

■ NBT रिपोर्ट: प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (PCI) ने बांग्लादेश में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों पर हुए हिंसक हमलों पर गहरी चिंता जताते हुए कड़ी निंदा की है। पीसीआई ने कहा कि डेली प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के कार्यालयों पर हमले, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं बेहद गंभीर हैं। साथ ही, न्यू एज के एडिटर और एडिटर्स काउंसिल के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार नुरुल कबीर के उत्पीड़न को भी अस्वीकार्य बताया गया है। पीसीआई के अनुसार, अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद बांग्लादेश में 100 से अधिक पत्रकारों को हत्या के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें बिना मुकदमे के जेल में रखा गया है। संगठन ने इन पत्रकारों की तत्काल रिहाई की मांग की है।



पीसीआई ने कहा कि स्वतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है।

## भारत ने कुछ मिशनों में वीज़ा सेवाएं सस्पेंड की

■ NBT रिपोर्ट: बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर भारत ने एहतियाती कदम उठाते हुए खुलना और राजशाही स्थित अपने सहायक उच्चायोगों में वीजा सेवाएं अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दी हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के इन मिशनों की ओर मार्च करने और धमकियां देने के बाद जमीनी हालात के आकलन के आधार पर यह फैसला लिया गया। इसके साथ ही ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ भारत में प्रदर्शन




कार्रवाई की मांग... बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों के विरोध में शनिवार को कोलकाता में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की।

## घुसपैठियों को बचाने के लिए TMC SIR के खिलाफ: मोदी

■ भाषा, कोलकाता:

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने राज्य में बीजेपी के प्रमुख चुनावी मुद्दे घुसपैठ पर भी बात की और आरोप लगाया कि घुसपैठियों को बंगाल में टीएमसी का समर्थन व संरक्षण मिला हुआ है। टीएमसी एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रही है ताकि घुसपैठियों की पहचान जाने से बचाया जा सके। यही पार्टी का असली रूप है।

मोदी ने बाद में असम के गुवाहाटी में भी रैली की और कांग्रेस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया, जिन्होंने जमीनों पर कब्जा कर लिया। चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) इसलिए शुरू किया ताकि पक्का किया जा सके कि घुसपैठिये चुनाव प्रक्रिया से बाहर हों लेकिन 'देशद्रोही' उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

कोहरे की वजह से हेलिकॉप्टर नहीं उतर सका तो मोदी ने फोन के जरिए नदिया जिले के ताहिरपुर में जनसभा को संबोधित किया। तृणमूल कांग्रेस (TMC) पर हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में 'महाजंगलराज' है और भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण राज्य के विकास में बाधा बन चुके हैं। मोदी ने शनिवार को असम में लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। यह देश का पहला नेचर-थीम वाला हवाई अड्डा है।



पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का 'महाजंगलराज' खत्म कर देंगे।
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



किसानों, मजदूरों और गरीबों के हक के लिए सरकार से लड़ने को तैयार है।
-सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

### केंद्र ने मनरेगा पर चलाया बुलडोज़र

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने केंद्र पर मनरेगा कानून को कमजोर करने के लिए उस पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया। कहा, बिना विपक्ष के विश्वास के सरकार ने इसका स्वरूप बदल दिया। वह गरीबों के हक के लिए सरकार से लड़ने को तैयार हैं। बीजेपी ने कहा कि बिल पर संसद में विस्तार से चर्चा हुई है।

## एपस्टीन फाइलों में आयुर्वेद का जिक्र

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क: अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी की गई जेफरी एपस्टीन (Jeffrey Epstein) से जुड़ी फाइलों में भारत के आयुर्वेद और मसाज तकनीकों का उल्लेख सामने आया है। दस्तावेजों में इन्हें 'डिटॉक्सिफिकेशन' से जुड़ी पद्धतियों के रूप में बताया गया है। न्याय विभाग ने ये हजारों फाइलें सार्वजनिक कीं। फाइलों में शामिल एक दस्तावेज में कहा गया है कि पश्चिमी देशों में कई प्रैक्टिशनर भारत की 5,000 साल पुरानी प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद पर आधारित मसाज और अन्य उपचार अपना रहे हैं। एक लेख में तिल के तेल से मसाज को डिटॉक्स से जोड़ा गया है।

## रिश्वत लेने के आरोप में लेफ्टिनेंट कर्नल गिरफ्तार

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: सीबीआई ने शनिवार को रक्षा उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा को बेंगलुरु की एक कंपनी से तीन लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। शर्मा के ठिकानों पर तलाशी के दौरान CBI ने 2.23 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। CBI ने शर्मा और उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं मध्यस्थ की भूमिका निभाने के आरोप में विनोद कुमार नामक व्यक्ति को पकड़ा गया है।

## अमेरिका का सीरिया में ISIS के 70 से ज़्यादा ठिकानों पर हवाई हमला

File



सीरिया के राष्ट्रपति शरा से ट्रंप ने वाइट हाउस में मुलाकात की थी।

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अमेरिका ने सीरिया में आतंकी संगठन ISIS के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है, जिसे ऑपरेशन हॉकआई का नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन में ISIS के 70 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला पिछले सप्ताह पालमरा में दो अमेरिकी नैशनल गार्ड सदस्य और एक अन्य की मौत के जवाब में किया गया। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इसे अमेरिका का बदला बताया। एक महीने पहले सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने वाइट हाउस का दौरा किया था, जो 80 वर्षों में किसी सीरियाई राष्ट्रपति का पहला दौरा था। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि उनकी कोशिश है कि सीरिया ISIS के खिलाफ अमेरिकी गठबंधन में सक्रिय भागीदारी करे। शरा की वाइट हाउस यात्रा के एक दिन बाद, दमिश्क में यूएस दूतावास ने घोषणा की कि सीरिया अब 'ग्लोबल कोएलिशन टु डिफीट ISIS' का सदस्य बन गया है। विशेषज्ञों के अनुसार हाल के दौर में अमेरिका और सीरिया के संबंध बेहतर हुए हैं और रणनीतिक रूप से दोनों देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है।

**अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद जवाबी कार्रवाई**

### असद के बाद शरा की नई रणनीति

बशर अल असद के सत्ता से हटने के बाद, राष्ट्रपति अहमद अल-शरा उन देशों से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहे हैं जो असद के दौर में सीरिया से दूर हो गए थे। सऊदी अरब में शरा-ट्रंप मुलाकात इसी सिलसिले की कड़ी थी। शरा ने UN महासभा को संबोधित किया था। विशेषज्ञों के अनुसार, यह असद के 13 साल के गृहयुद्ध के बाद सीरिया की पहली प्रभावी उपस्थिति है।

### 'अंतरराष्ट्रीय पहचान, नियंत्रण है रणनीति'

जानकार अनिल त्रिगुणायत के अनुसार, ISIS के खिलाफ लड़ाई साझा है। शरा का नेतृत्व अमेरिका की एंटी-ISIS नीति से मेल खाता है और हालिया रिश्तों के सुधार से उन्हें फायदा हुआ है। हालांकि, सीरिया पर उनकी पूरी पकड़ नहीं है। बाकी गुटों पर नियंत्रण न होने के कारण शरा अपनी पकड़ मजबूत करने और सीरिया की अंतरराष्ट्रीय छवि को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. केंद्र ने BSF में कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का आरक्षण बढ़ाकर कितना कर दिया है?
A) 25% B) 40% C) 50%

2. नेचर-थीम पर आधारित देश का पहला एयरपोर्ट टर्मिनल शुरू हुआ, यह किस राज्य में है?
A) गुजरात B) मेघालय C) असम

3. तोशाखाना-2 मामले में पाक के किस पूर्व पीएम को सजा सुनाई गई?
A) इमरान खान B) नवाज शरीफ C) शहबाज शरीफ

4. अमेरिका ने सीरिया में ISIS के खिलाफ की गई हालिया कार्रवाई को क्या नाम दिया है?
A) ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म B) ऑपरेशन हॉकआई C) ऑपरेशन फ्रीडम शील्ड

5. पीएम मोदी को हाल ही में किस देश ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया?
A) कुवैत B) ओमान C) कतर

### कल के जवाब

A1 B. कॉर्बेट नैशनल पार्क A2 A. ग्रीन कार्ड A3 A. ट्रिपल्टेक A4 C. पाकिस्तान A5 B. उस्मान हादी

### लकी विनर्स



1. मंजरी सोनी, नोएडा
2. दीपक कुमार, नई दिल्ली
3. विनोद कुमार जैन, गुड़गांव

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## 'कोई देश मर्जी नहीं थोप सकता'

PTI



पुणे साहित्य महोत्सव में जयशंकर

■ पीटीआई, पुणे: विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया भारत को पहले की तुलना में कहीं अधिक सकारात्मक और गंभीर नजर से देखती है। यहां एक समारोह में जयशंकर ने बताया कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था बदल रही है और अब कोई भी देश अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। उन्होंने कहा कि भारत के ब्रैंड और प्रतिभा के कारण दुनिया उसे कहीं अधिक सकारात्मक रूप में देखती है। देश की छवि में आया यह बदलाव एक निर्विवाद सच्चाई है।

नए शब्द भी सीखें | YouTube इंडिया ने प्लैटफॉर्म पर सालभर छाए कंटेंट की झलक शेयर की

## AI कैरेक्टर और मीम्स ने इंटरनेट पर किया ट्रेंड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**साल 2025** अब खत्म होने को है और इसी के साथ YouTube इंडिया ने प्लैटफॉर्म पर सालभर छाए कंटेंट की झलक शेयर की। YouTube एंड ऑफ ईयर रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में सिनेमा, स्पोर्ट्स, इंटरनेट कल्चर और क्रिएटर कंटेंट ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। यहां YouTube सिर्फ एक विडियो प्लैटफॉर्म नहीं रहा, बल्कि भाषा और संस्कृति का केंद्र बन गया। 2025 की सबसे बड़ी खासियत यही रही कि कंटेंट एक साथ ग्लोबल भी हुआ, लोकल भी और यूनिवर्सल भी।

AI से बना कैरेक्टर Tung Tung Tung Sahur ग्लोबल मीम बना और फिर भारतीय क्रिएटर्स ने उसे अपने अंदाज में ढाल लिया। YouTube का असर इतना रहा कि भारत में 68% Gen Z ऐसे शब्द और एक्सप्रेशन इस्तेमाल करते दिखे, जो उन्होंने डिजिटल विडियो से सीखे थे। इस साल YouTube की भाषा कभी MrBeast का धाराप्रवाह तेलुगु बोलना रही, तो कभी राज शमानी का दुनिया के बड़े बिजनेस लीडर्स को देसी बातचीत का हिस्सा बनाना रहा। यहां तक कि इटली से शुरू हुआ Italian Brainrot जैसा अजीब सा मीम भी भारतीय इंटरनेट पर छाया रहा। इस रिपोर्ट से पता चला कि 77% Gen-Z ऐसे कंटेंट देख रहे हैं जो किसी दूसरी भाषा से ट्रांसलेट या डब किया गया हो।

### शब्द नहीं, खामोशी बन गई ग्लोबल भाषा

सिर्फ शब्द ही नहीं, खामोशी भी 2025 में ग्लोबल भाषा बन गई। केरल के KL BRO बिजू रित्विक ने बिना बोले फैमिली और रोजमर्रा की कहानियों से 7.9 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर जोड़े। कोरियाई ग्रुप KIMPRO ने सिर्फ विजुअल चैलेंज और साउंड इफेक्ट्स के दम पर भारत में पहचान बनाई। भारत में 76% Gen Z किसी बड़ी घटना के बारे में सबसे पहले YouTube पर ही जानकारी ढूंढते रहे। IPL 2025, एशिया कप, फिल्मों की री-रिलीज, K-Pop का क्रेज, हर बड़ा पल यहीं से वायरल हुआ और क्रिएटर्स ने इन्हें हॉरर सटायर, मीम्स और म्यूजिक में बदल दिया।



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: vivek.kumar4 Time: 12-20-2025 21:04 Color:



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi Time: 12-21-2025 00:46 Color:





सरोजनीनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उस समय हंगामा हो गया, जब कई वकील अधिकारियों के सामने धरने पर बैठ नारेबाजी करने लगे। -p5



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भातखंडे संस्कृति विवि के कलामंडपम सभागार में कहा कि संगीत और कला जीवन को सौंदर्य से भर देती है। -p10

154 रहा लखनऊ का AQI शनिवार को, जो मॉडरेट था।

1912 पर बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या की शिकायत की जा सकती है।



## खुली वायरिंग, दरवाजे का टूटा कांच, दहशत में सफर

### ट्रेन की मेंटेनेंस पर उठ रहे सवाल



दरवाजे का शीशा टूटा होने से हवा अंदर आ रही थी।

■ लखनऊ : रेलवे अपनी संरक्षा को पहली प्राथमिकता देने का दावा करता है, लेकिन अब ट्रेनों की मेंटेनेंस पर सवाल खड़े होने लगे हैं। फर्रुखाबाद से कानपुर-लखनऊ के रास्ते छपरा को जाने वाली 15084 उत्सर्ग एक्सप्रेस के खुले पैनल को देखकर यात्रियों में भय का माहौल है। साथ ही एसी कोच के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ है। ठंड में गंदगी और कॉकरोच के बीच यात्री सफर करने को विवश हैं। बड़ा सवाल ट्रेन की मेंटेनेंस को लेकर है। आखिर में इतनी खामियों के बाद भी ट्रेन को भेजा कैसे गया।

NBT के रिपोर्टर सुशील कुमार ने गुरुवार को लखनऊ से मऊ के मोहम्मदाबाद तक सफर किया और ट्रेन की कमियों को देखा। PNR नंबर 2609287046 पर थर्ड एसी इकॉनमी के दो टिकट थे। एक टिकट ए-1 और दूसरा एम-2 में था। कोच के अंदर चढ़ते ही टॉइलट की भयंकर बदबू ने यात्रियों का स्वागत किया। एक टॉइलट का दरवाजा खुला था। उसको बंद करने असफल कोशिश की गई, उसका दरवाजा ही खराब था। इसके अलावा कोच एम-1 के दरवाजे का शीशा टूट गया था। उसके कुछ टुकड़े ट्रेन में ही थे। दरवाजे से अंदर ठंडी हवा आ रही थी। सीट नंबर एक से लेकर आठ तक के यात्री ठंडी हवाओं की वजह से सो नहीं पाए।

**NBT LIVE लखनऊ से मऊ @उत्सर्ग एक्सप्रेस**

### खुले पैनल ने उड़ाई नींद

सबसे बड़ा डर दोनों कोच के अंदर के इलेक्ट्रिक पैनल थे। वे पूरी तरह खुले हुए थे। तार बिखरे थे। ट्रेन के चलने पर पैनल रगड़ रहे थे। इनको देखकर यात्री खौफ से भर गए। उन्होंने टीटीई से मेंटेनेंस कर्मियों के बारे में पूछा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पूरे सफर के दौरान एक भी मेंटेनेंस कर्मी नहीं दिखा। इसकी शिकायत रेल मदद पर की गई है।





### सीटों पर दिखे कॉकरोच व गंदगी

सफाई का आलम यह था कि पूरे कोच में गंदगी थी। साथ ही सीटों पर कॉकरोच टहल रहे थे। यात्रियों ने इसकी भी शिकायत की लेकिन कोई भी सफाईकर्मी नहीं दिखा। पूरे सफर के दौरान सीटों पर कॉकरोच रेंगते रहे।



टॉइलट का दरवाजा खराब था, जो बंद नहीं हो रहा था।

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

### संरक्षा के साथ खिलवाड़ क्यों?

रेलवे अपनी संरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेता है। उत्सर्ग एक्सप्रेस में वायरिंग और खुले पैनल ने संरक्षा पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। ट्रेन के रवाना होने के पहले वर्कशॉप में इसकी सफाई के साथ ही पूरी चेकिंग की जाती है। ऐसे में सवाल है कि ट्रेन में ना तो पर्याप्त सफाई थी और न ही मेंटेनेंस। ऐसे में ट्रेन को रवाना कैसे किया गया?

Sandeep Rastogi

### शहर में आज

- कृष्णा प्री स्कूल एंड दे केयर विद्यालय की ओर से वार्षिक क्रीड़ा कार्यक्रम, अटल क्रीड़ा स्थल, विरामखंड 2, सुबह 10 बजे।
- कॉल्विन कॉलेज में क्रिकेट मैच, कॉलेज ग्राउंड, विश्वविद्यालय मार्ग, सुबह 10 बजे।
- भिक्षुक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं समाज सेवा संस्थान की ओर से मासिक काव्य संगोष्ठी, एफ-2136, राजाजीपुरम, सुबह 11 बजे।
- करुणा शंकर के उपन्यास यात्रा की बात का लोकार्पण समारोह, ऑल इंडिया कैफी आजमी एकेडमी,पेपर मिल कॉलोनी, निशातगंज, सुबह 11 बजे।
- शरद मेला, पेपर मिल कॉलोनी, सुबह 11 बजे।
- अनुराधा गुप्ता की चित्रकला प्रदर्शनी, पैक एन ब्यू, विजय खंड, गोमती नगर, सुबह 11 बजे।
- बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह, विद्यालय प्रांगण, चारबाग, सुबह 11:30 बजे।
- हॉर्स रेस अर्जुन कप, रेसकोर्स क्लब, सुबह 11: 30 बजे।
- विश्व ध्यान दिवस पर हार्टफुलनेस संस्था की ओर से ध्यान समारोह, बीएमए, आईआईएम रोड, दोपहर 12 बजे।
- ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स असोसिएशन का राष्ट्रीय महाधिवेशन, आनंदी वॉटर पार्क, फैजाबाद रोड, दोपहर 1 बजे।
- अधिवक्ता कल्याण समिति का 31वां स्थापना दिवस समारोह, धई गेस्ट हाउस, कृष्णा नगर, कानपुर रोड, दोपहर 2 बजे।
- रेपर्टवा फेस्टिवल, जनेश्वर मिश्र पार्क, गोमती नगर, गेट न.-6, दोपहर 2:30 बजे।

### पुराने के साथ नए वोटरों को भी जोड़ेंगे BLO

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजधानी में बीएलओ लोगों को गणना प्रपत्र देने के साथ युवा वोटरों को जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करेंगे। पहली बार वोटर बनने जा रहे युवाओं को फार्म-6 देकर उनका नाम भी सूची में शामिल करेंगे। इसके साथ ही 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिए जल्द ही व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने शुक्रवार को एसआईआर कार्यक्रम की समीक्षा की। निर्देश दिया कि बीएलओ वोटरों को गणना प्रपत्र देने और उसे भरवाकर जमा करने के साथ ही 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं को वोटर बनने के लिए भी जागरूक करें।



गोमती नगर

Sandeep Rastogi

## सूरज अब्सेंट...ठंड प्रचंड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

काटे से कटती नहीं, जाड़े की ये रात, शॉल-रजाई-कोयले, सही इक के पात टोटे की तर्ज पर शहर में सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को भी गलन और कोहरे ने ठिठुरन बढ़ाए रखी। सुबह कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जो दिन चढ़ने के साथ भी नहीं छंटा। दिनभर धूप और कोहरे के असर से दिन के पारे में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। दिन का पारा सामान्य से 7 डिग्री गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस हो गया। रात का पारा 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के पारे के बीच महज 6.2 डिग्री का फर्क रह गया इससे भी ठंड अधिक महसूस हुई। मौसम विज्ञानियों ने शनिवार को भी सीवियर कोल्ड डे माना। मौसम विज्ञानियों ने रविवार को भी घने कोहरे की संभावना जताई गई। सोमवार से कोहरे की स्थिति में गिरावट होनी शुरू होगी

अमौसी स्थित लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में अनेक स्थानों पर जमीनी सतह से कुछ ऊंचाई पर गहरी कोहरे की परत के प्रभाव से धूप नहीं निकली। ऐसे में लखनऊ, बाराबंकी, वाराणसी, बहराइच, सुल्तानपुर, गाजीपुर, बस्ती, बरेली, शाहजहांपुर और नजीबाबाद में एक्सट्रीम कोल्ड डे (Severe Cold Day) की स्थितियां रहीं। वहीं, हरदोई, बलिया, चुर्क, गोरखपुर, प्रयागराज, गाजीपुर, मुरादाबाद, इटावा व आगरा में कोल्ड डे बना रहा। उन्होंने बताया कि शहर समेत प्रदेश में रविवार को तापमान शनिवार की तुलना में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है पर स्थिति कमोबेश ऐसी ही रहेगी। इसमें सोमवार से प्रभावी तौर पर सुधार होने की संभावना है।

**शहर में रही सीवियर कोल्ड-डे कंडीशन, बढ़ी ठिठुरन | आज भी घना कोहरा रहने के आसार, कल से आएगी कमी**

### रेल, बस, जहाज पर 'कोहरे' का ब्रेक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कोहरे ने यातायात सेवाओं का हाल बेहाल कर दिया है। शनिवार को तीन विमान, चार बस सेवाएं निरस्त करनी पड़ीं। वहीं कई ट्रेनें घंटों देरी का शिकार हुईं। गोरखधाम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें 11 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंचीं। ट्रेनों और विमानों की लेटलतीफी पर यात्रियों ने नाराजगी जताई।

अमौसी एयरपोर्ट पर सुबह दिल्ली से आने वाली एयर इंडिया की एक उड़ान निरस्त हो गई। लखनऊ से इसको वापस दिल्ली भी जाना होता है। एयर इंडिया की उड़ान के निरस्त होने के कारण यात्रियों ने नाराजगी जताई। यात्रियों को रिफंड और दूसरी उड़ानों से भेजने का विकल्प दिया गया। दूसरी तरफ दोपहर बाद उड़ानें लेट लतीफी का शिकार हुईं। बोर्डिंग कराने आए यात्री एयरपोर्ट पर अपनी उड़ानों की प्रतीक्षा करते रहे। उधर लखनऊ स्टेशन पर यात्री लेट ट्रेनों की प्रतीक्षा करते हुए सर्दी में सिहर उठे। कई यात्रियों ने चारबाग स्टेशन परिसर में बाहर की ओर नगर निगम की ओर से बनाए गए अस्थायी रैन बसेरे में शरण ली। वहीं, प्रतीक्षालय, विश्रामालय और डारमेट्री यात्रियों से भरी रहीं। प्लेटफॉर्मों पर भी यात्री कुर्सियों या अन्य स्थानों पर बैठकर ट्रेनों के आने की प्रतीक्षा करते रहे। कॉरपोरेट सेक्टर की ट्रेन तेजस एक्सप्रेस शनिवार को सुबह 6:10 बजे के स्थान पर 30 मिनट की देरी से छूटी। नई दिल्ली पहुंचने तक यह ट्रेन 3:57 घंटे लेट हो गई।

**शनिवार को बुरी तरह प्रभावित रहा यातायात**

#### बसों का हाल भी बेहाल



लखनऊ से जाने वाली चार एसी बसों को रद्द कर दिया गया। दिल्ली और पश्चिम यूपी से आने वाली 50 से अधिक बसें पांच से छह घंटे देरी से लखनऊ पहुंचीं। यात्रियों के अभाव में आलमबाग बस स्टेशन से एक प्रयागराज, दो देहरादून और एक वाराणसी की बसें रद्द कर दी गईं। इसमें प्रयागराज और वाराणसी की बसों में वॉल्वो बस शामिल हैं। वहीं आगरा एक्सप्रेस-वे होते हुए आने वाली 50 से अधिक बसें 5 से 6 घंटे लेट पहुंचीं।

#### ये फ्लाइटें हुई कैंसल

| | |
|---|---|
| एआइ-2499 | दिल्ली-लखनऊ |
| एआइ-2500 | लखनऊ- दिल्ली |
| 6E- 2026 | लखनऊ -दिल्ली |



#### ये फ्लाइटें हुई लेट

| | | |
|---|---|---|
| 6ई-758 | लखनऊ दिल्ली | 3:20 घंटा |
| 6ई-6222 | लखनऊ मुंबई | 1:11 घंटा |
| 6ई-6166 | लखनऊ हैदराबाद | 1:05 घंटा |
| 6ई-6167 | हैदराबाद लखनऊ | 1:10 घंटा |
| 6ई-6614 | दिल्ली लखनऊ | 30 मिनट |
| 6ई-196 | बेंगलुरु लखनऊ | 1:06 घंटा |
| 6ई-453 | हैदराबाद लखनऊ | 2:55 घंटा |
| 6ई-5264 | मुंबई लखनऊ | 1:20 घंटा |
| 6ई-6938 | लखनऊ मुंबई | 43 मिनट |
| एक्सआइ-333 | रियाद लखनऊ | 3:58 घंटा |
| एक्सआइ-334 | लखनऊ रियाद | 3:55 घंटा |
| एआईएक्स-444 | लखनऊ दुबई | 33 मिनट |
| एआइ-2492 | लखनऊ मुंबई | 58 मिनट |
| एआइ-2491 | मुंबई लखनऊ | 1:10 घंटा |



#### ट्रेनों का हाल देरी (घंटे में)

| | | |
|---|---|---|
| 12556 | गोरखधाम एक्सप्रेस | 11:15 |
| 12226 | कैफियात एक्सप्रेस | 10:09 |
| 13238 | कोटा-पटना एक्सप्रेस | 2:55 |
| 12232 | चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट | 2:26 |
| 12238 | बेगमपुरा एक्सप्रेस | 2:27 |
| 12230 | लखनऊ मेल | 1:10 |
| 15007 | कृषक एक्सप्रेस | 1:21 |
| 13152 | जम्मूतवी- कोलकाता एक्सप्रेस | 2:02 |
| 12004 | नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस | 2:54 |
| 12003 | लखनऊ-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस | 1:24 |
| 14864 | मरुधर एक्सप्रेस | 1:06 |

## व्यापारियों ने ट्रेड लाइसेंस फीस के विरोध में घेरा नगर निगम

### मेयर का आश्वासन, सभी पक्षों को सुने बगैर नहीं लिया जाएगा फैसला

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नगर निगम मुख्यालय पर शनिवार को व्यापारियों ने नए ट्रेड लाइसेंस फीस के विरोध में घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। विभिन्न व्यापारिक संगठनों के बैनर तले जुटे व्यापारियों ने कहा कि जिम, स्पा कोचिंग सेंटर, शोरूम जैसे 20-21 ट्रेड को लाइसेंस फीस के दायरे में लाया जा रहा है। ऐसा करना व्यापारियों के हित में बिलकुल नहीं है। जब तक इस प्रस्ताव को पूर्ण तरीके से वापस नहीं ले लिया जाता, व्यापारियों का विरोध हर स्तर पर जारी रहेगा।

लखनऊ व्यापार मंडल सहित शहर के विभिन्न बाजारों से आए व्यापारियों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करते हुए कहा कि मौजूदा समय में बाजार की स्थिति ठीक नहीं है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि नया ट्रेड लाइसेंस व्यापारियों को कई तरह के गंभीर आर्थिक संकट में पहुंचा सकता है। महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि टैक्स चुकाने के बावजूद शहर के प्रमुख क्षेत्रों में व्यापारियों को पार्किंग, पेयजल जैसी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।





लखनऊ व्यापार मंडल सहित शहर के विभिन्न बाजारों से आए व्यापारियों ने शनिवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर धरना दिया और निगम से ट्रेड लाइसेंस का फैसला वापस लेने की मांग की। बाद में व्यापारी मेयर से मिले।

#### नगर निगम व्यापारियों के साथ : सुषमा खर्कवाल

विरोध प्रदर्शन की सूचना पर मेयर सुषमा खर्कवाल दोपहर करीब 12:40 बजे मौके पर पहुंचीं और व्यापारियों से बातचीत की। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जब यह प्रस्ताव सदन में रखा ही नहीं गया तो अभी व्यापारियों को चिंता करने की जरूरत नहीं। उन्होंने कहा कि नगर निगम व्यापारियों के साथ है। सभी पक्षों को सुनकर ही कोई फैसला लिया जाएगा। सदन की बैठक में भी ठोस फैसला लिया जाएगा। मेयर के आश्वासन पर व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन को स्थगित किया। इसके बाद व्यापारियों के एक दल ने मेयर के ऑफिस पहुंचकर केबिन में चाय के साथ चर्चा की। इस दौरान देवेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, उमेश शर्मा, मनीष गुप्ता, पार्षद अनुराग मिश्रा विनोद पंजाबी, रविंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

### OTS में छूट की गलत जानकारी देने पर 2 बिजली कर्मी निलंबित



■ NBT न्यूज, लखनऊ : बिलिंग काउंटर पर तैनात बिजली कर्मियों द्वारा ओटीएस योजना में उपभोक्ताओं को बिल में छूट के नाम पर गुमराह करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। आरोपित कर्मचारी चौक और ठाकुरगंज क्षेत्र के बिलिंग काउंटर पर तैनात हैं। ओटीएस में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान में लेकर एसई बीके चौधरी ने इंजिनियरों की टीम लगाकर जांच शुरू कराई। टीम की रिपोर्ट के आधार पर चीफ इंजिनियर मध्य जोन रवि अग्रवाल ने बताया कि आरोपित कर्मचारी लिपिक संवर्ग के हैं। इनमें चौक स्थित बिलिंग काउंटर पर तैनात नीरज चंद्र और ठाकुरगंज के बिलिंग काउंटर में कैश जमा करने वाले अनूप कुमार सिंह शामिल हैं। आरोप है कि दोनों कर्मचारी बिजली बिल में राहत योजना में पंजीकृत उपभोक्ता को 100 प्रतिशत के स्थान पर 50 प्रतिशत की छूट बता रहे थे। निलंबित दोनों कर्मचारियों को मीटर (टेस्ट) सेक्शन से अटैच किया गया है।

## 'भीड़ और यातायात प्रबंधन का रखें ध्यान'

### CM ने 25 को प्रेरणा स्थल पर पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी ने कहा है कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का उपहार राजधानी को देंगे। पीएम की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित सभी व्यवस्था उच्चतम मानकों के अनुरूप हों। किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

योगी ने शनिवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल की फाइनल टचिंग, लैंडस्केपिंग, उद्यान, संग्रहालय परिसर, एंफिथिएटर एवं मार्गों के सुंदरीकरण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करें। प्रदेशभर से आने वाले दो लाख से अधिक जनता के परिवहन, पार्किंग लेआउट, डायवर्जन प्लान, नियंत्रण कक्ष एवं मेडिकल इंतजाम पुख्ता हों।



### तन गए तंबू, फूलों से महकेगा रास्ता

■ NBT न्यूज, लखनऊ : प्रेरणा स्थल पर अटल जयंती समारोह के लिए चार तंबू तन चुके हैं। कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाले रास्तों पर हरी घास बिछाए जाने के साथ स्टैंड दीवार बनाकर फूलों से सजाने का काम जारी है। कार्यक्रम में पीएम के आगमन को लेकर परिवर्तन चौक से लेकर कार्यक्रम प्रेरणास्थल की ओर जाने वाले सभी मार्ग पर दीवारों की पेंटिंग के साथ डिवाइडर आदि की रंगाई-पुताई का काम जोरों पर है। साथ ही रास्ते पड़ने वाले प्रमुख चौराहे और पतंग पार्क आदि में साज-सज्जा काम भी शनिवार से शुरू कर दिया गया है।

**NBRI में शुरू हुई दो दिवसीय गुलदाऊदी और कोलियस प्रदर्शनी, आज भी फ्लावर शो, विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित**

## गुलों में रंग भरे...दर्शकों के चेहरे खिले

Sandeep Rastogi



फुलवारी में नन्हे फूल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : दिसंबर के सर्द मौसम, गुलदाऊदी की रंग बिरंगी किस्मों के बीच फूलों को निहारते, उनकी खूबसूरती की तारीफ करते और तस्वीरें खिंचाते लोग, एनबीआरआई बॉटनिकल गार्डन का सेंट्रल लॉन शनिवार को गुलदाऊदी के रंग बिरंगे फूलों और दर्शकों की मुस्कानों से गुलजार रहा। मौका था संस्थान के गुलदाऊदी और कोलियस प्रदर्शनी का जहां, ठंड के बावजूद दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। ठंड को देखते हुए संस्थान ने दर्शकों के लिए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था भी की थी, जिससे वह ठंड में भी गर्माहट के साथ फ्लावर शो का आनंद ले सकें।

कार्यक्रम का उद्घाटन नियुक्ति व कार्मिक विभाग यूपी के प्रमुख सचिव एम. देवराज ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ.अजित कुमार शासनी भी कार्यक्रम में शामिल रहे। प्रदर्शनी के संयोजक व संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. के.जे. सिंह ने बताया कि इस साल प्रदर्शनी में कुल 95 प्रदर्शकों ने 671 प्रविष्टियों को प्रदर्शित किया। फ्लावर शो के लिए आम लोगों को काफी समय से जागरूक करने का प्रयास कर रहे थे, जिससे सहभागिता बढ़ी है। यह एक सुनहरा मौका है, जहां लोगों ने फूलों के अलग-अलग रंगों, प्रकारों, आकारों और उनके संवर्धन पद्धतियों को देखा। यह प्रदर्शनी आम जनता को सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों के साथ संवाद और विचार-विमर्श का मौका देती है।

### गुलदाऊदी की 75 किस्मों का प्रदर्शन

प्रदर्शनी में गुलदाऊदी की 75 अनोखी किस्मों को आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया। इन 75 किस्मों के अलावा स्नो बॉल, डिम्पिटी, कीडू बिथेरी, पिंक क्लाउड, सिल्क ब्रोकेड पिंक, बोनिटोना, वेलिवेट शंकर टयाल, कोनर कू, डायमंड जुबिली, स्टारलेट क्वीन, ब्रिटिश मैन जैसी बड़ी वैरायटी को खूब सराहा। इसके अलावा सीएसआईआर, नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर संचालित पुष्पकृषि मिशन की जानकारी देने के लिए अलग से स्टॉल लगाया गया। साथ ही फ्लोरीकल्चर मिशन के तहत जुड़े लाभार्थी किसानों की ओर से अपनी फूलों की उपज को आमजन के लिए बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया गया। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रदर्शकों में से किंग ऑफ द शो के लिए सौभाग्य श्रीवास्तव, सेलिब्रिटी गार्डन, अंसल, क्वीन ऑफ द शो के लिए अल्फ्रेड गोम्स, ला मार्टिनियर कॉलेज और प्रिंस ऑफ द शो के लिए मिशिका, टेक्लीक कॉलोनी, निलमथा, लखनऊ को विजेता घोषित किया गया। रविवार को फ्लावर शो सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा। शाम 4 बजे विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह होंगे।

### सड़क चौड़ीकरण के दौरान बदला रहेगा ट्रैफिक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ-हरदोई मार्ग पर छन्दोईया तिराहा से बाजनगर अंडरपास तक सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। डायवर्जन कार्य समाप्ति तक लागू रहेगा।



छंदोईया तिराहा से वाहन महानी मंडी, अंधे की चौकी या किसानपथ आउटर रिंग रोड के बजाए तिकोनिया तिराहा, जीरो पॉइंट हरदोई रोड होकर गुजर सकेंगे। आउटर रिंग रोड, बाजनगर से वाहन दुबग्गा के बजाए किसान पथ होकर गुजर सकेंगे। वहीं फलमंडी अंडरपास (हमसफर लॉन) से वाहन अंधे की चौकी के बजाए तिकोनिया तिराहा, जीरो पॉइंट हरदोई रोड होकर गुजर सकेंगे।




CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: vivek.kumar4 Time: 12-20-2025 21:04 Color:




Custome care : +91 9310684100

# Christmas Sale. Everything 20% Off. 20th to 25th Dec

**Flagship Stores Now Open at Omaxe Chowk, Chandni Chowk, Delhi | MG Road, Agra | Sigra Chauraha, Varanasi | Virasat Luxury Boutique at Unity One Elegante, NSP, Delhi**

**Lucknow :** Flagship Store at Phoenix Palassio, Ph. 7428235090 | Lulu Mall, Ph. 8383945743 | Factory Outlet at Phoenix United Mall, Alambagh, Ph. 8383056610

**Kanpur :** Z Square Mall, Ph: 9354145579 | **Prayagraj :** S.P. Marg, Civil Lines, Ph. 9238578455 | **Bareilly :** Phoenix United Mall

**Delhi NCR | Agra | Bangalore | Chandigarh | Dehradun | Haldwani | Indore | Jaipur | Jammu | Jodhpur | Meerut | Pune | Udaipur | Varanasi**

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: cci Time: 12-21-2025 00:28 Color:



# पिस्टल से चली थी बच्ची को लगी गोली!

जांच जारी



- बोर की जांच करवाएगी पुलिस
- बस्तौली गांव की घटना
- बच्ची का ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है इलाज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : इंदिरानगर इलाके में छत पर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची के सिर में संदिग्ध हालात में गोली लगने के मामले में पुलिस कयास लगा रही है कि गोली पिस्टल से चली थी। हालांकि गोली के बोर की जानकारी के लिए गाजीपुर पुलिस विशेषज्ञों की सलाह लेगी।

इंदिरानगर के बस्तौली गांव निवासी रमेश की बेटी लक्ष्मी (3) दो अन्य बच्चों सौम्या और शिवांश के साथ छत पर खेल रही थी। अचानक तेज आवाज आई। इसके बाद लक्ष्मी के सिर से खून निकलने लगा। परिजन उसे बच्चों के मेयन्स अस्पताल ले गए थे। वहां उसे ठीक कर दिया गया था। रात में बच्ची के सिर में दर्द होने पर घरवाले उसे लोहिया संस्थान लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टरों ने बच्ची की जांच की तो गोली लगने की पुष्टि हुई थी। डॉक्टरों ने बच्ची को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने बच्ची के सिर का ऑपरेशन करके गोली बाहर निकाली। केजीएमयू से पुलिस ने गोली अपनी सुपुर्दगी में ले ली है। पुलिस की एक टीम शनिवार को पीड़ित के घर गई थी। इसके अलावा पुलिस ने इलाके में ही कुछ लोगों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस को पता जानकारी मिली कि मोहल्ले के लोगों ने भी गोली चलने की आवाज सुनी थी। हालांकि गोली कहां से चली इस बारे में पता नहीं चल सका है।

### असलहाधारकों की जुटाई जा रही डिटेल

पुलिस ने परिजनों से बात की तो पता चला कि उनके पास कोई भी लाइसेंसी असलहा नहीं है। इस जानकारी के बाद पुलिस मोहल्ले में लाइसेंसी असलहा धारकों का ब्योरा जुटा रही है। इसके साथ ही पुलिस यह भी पता करने में जुटी है कि इलाके में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का आना-जाना है या। पुलिस की दो टीम घटनास्थल के आसपास के इलाके में सीसीटीवी कैमरों फुटेज चेक कर रही है।

# केजीएमयू में शादी से पहले रेजिडेंट छात्रा पर डाला धर्म बदलने का दबाव

**छात्रा ने किया सुसाइड का प्रयास, आईसीयू में भर्ती**

■ NBT न्यूज, लखनऊ : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। प्रेम विवाह से पहले एक हिंदू रेजिडेंट से धर्म बदलने का दबाव डाला गया। यह दबाव साथ में पढ़ने वाले रेजिडेंट डॉक्टर ने डाला। महिला ने धर्मांतरण का विरोध किया तो प्रेमी ने उसे छोड़ दिया।

परिवारीजनों का आरोप है कि आरोपित ने उनकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाया और शोषण किया। जब शादी की बात आई, तब उसने धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। विरोध करने पर महिला मानसिक रूप से परेशान हो गई। तनाव में आकर उसने खुदकुशी का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में महिला रेजिडेंट को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। वहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल पीड़िता की तबीयत स्थिर बनी हुई है। पीड़िता के परिवारीजनों ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल और राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। अभी लिखित में शिकायत नहीं मिली है। रेजिडेंट के माता-पिता से मिलेंगे। अगर उनकी ओर से लिखित में शिकायत मिलती है तो रेजिडेंट डॉक्टर के विरुद्ध सभी उचित कार्रवाई करेंगे।




## फटाफट खबरें

### बीकेटी में किशोरी ने लगाई फांसी

■ NBT न्यूज, बीकेटी : थाना क्षेत्र के कठवारा गांव के मजरा रामगढ़ निवासी रघुनंदन गिरी की पुत्री मुडिया (15) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्रामीणों ने देखा कि गांव के बाहर पिलखन के पेड़ पर एक शव दुपट्टे के सहारे लटक रहा है। पास जाकर देखा तो वह रघुनंदन की पुत्री मुडिया का था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बस की टक्कर से शटरिंग कारीगर की मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में घायल शटरिंग कारीगर की इलाज के दौरान शनिवार रात मौत हो गई। उसकी पहचान फतेहपुर जिले के काजीखेड़ा मजरा बिन्दकी निवासी रहीम (55) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार सुबह 8:30 बजे रहीम अपने साथी रमेश के साथ चाय पीकर लौट रहा था, तभी पीछे से आ रही बस की चपेट में आ गया। रमेश का लोहिया में इलाज चल रहा है।

### ऑटो चालक का फोन छीनकर फरार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पारा के बुद्धेश्वर निवासी राजीव पांडेय ऑटो चालक है। 18 नवंबर रात 9:45 बजे वह चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सवारी का इंतजार कर रहा था। वह ऑटो में बैठकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान एक बदमाश उनका फोन छीनकर भाग निकला। पीड़ित ने शुक्रवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए लुटेरे की पहचान की जा रही है।

### मानसिक मंदित का शव लटका मिला

■ NBT न्यूज, बंथरा : थाना क्षेत्र के गौदवा गांव में मानसिक मंदित का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। उसकी पहचान गोकरन (35) के रूप में हुई है। ग्रामीणों का दावा है कि वह मानसिक रूप से मंदित था। घरवालों के अनुसार, 15 दिसंबर को वह घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। शुक्रवार दोपहर गांव से करीब 500 मीटर दूर सई नदी किनारे जंगल में घरवालों ने उसका शव झिलबिल के पेड़ से फंदे के सहारे लटका देखा। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### फर्जी बैनामा मामले में फरार गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, बिजनौर : थानाक्षेत्र में दर्ज फर्जी बैनामा व हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने फरार आरोपित को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अहमदपुर निवासी महिला की शिकायत पर जुलाई माह में जमीन हड़पने व जातिसूचक गाली देने का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि कूटरचित दस्तावेजों के सहारे भूमि का फर्जी बैनामा कराया गया और विरोध करने पर पीड़िता के पुत्र की हत्या कर दी गई। मामले में पहले ही तीन आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं। जांच में नाम सामने आने के बाद फरार चल रहे अभिषेक रावत को शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

### ससुरालवालों पर दहेज प्रताड़ना का केस

■ NBT न्यूज, आलमबाग : आशियाना की रहने वाली युवती ने पति और ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह नवंबर 2024 में हुआ था, जिसमें करीब चार लाख रुपये का सामान दिया गया। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष 20 लाख रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई। पति उसे बेंगलुरु ले गया, वहां भी उत्पीड़न जारी रहा। मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ से लटका मिला युवक

■ NBT न्यूज, लखनऊ : जानकीपुरम के सहारा स्टेट इलाके में शनिवार सुबह खेल मैदान के पास तालाब किनारे एक पेड़ से युवक का शव फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर एसीपी अलीगंज व इंस्पेक्टर जानकीपुरम फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। शव 12 से 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पैरों का हिस्सा जानवरों ने खा लिया था और चेहरा काला पड़ चुका था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मॉर्चरी में सुरक्षित रखवाकर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

### मजदूरी करने निकला युवक लापता

■ NBT न्यूज, माल : थाना क्षेत्र के हसनापुर पंचायत के घुघरेला मजरे निवासी रामपाल ने अपने मजदूर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। रामपाल के अनुसार उनका 45 वर्षीय बेटा रामनरेश 14 दिसंबर को लखनऊ मजदूरी करने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने संभावित ठिकानों पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रामनरेश काली शर्ट, सफेद स्वेटर, नीली लोअर और जूते पहने हुए था। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# तहसील परिसर में अफसरों के सामने वकीलों ने किया हंगामा

## नाला बड़ा करने की मांग को लेकर की नारेबाजी, आश्वासन पर हटे

**संपूर्ण समाधान दिवस**

■ टीम NBT, लखनऊ



सरोजनीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब कई वकील अधिकारियों के सामने ही धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। वकील निर्माणाधीन नाले की लंबाई बढ़ाने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों ने किसी तरह वकीलों को समझाकर शांत कराया, लेकिन हंगामे की वजह से शिकायतें लेकर आए कई फरियादी लौट गए और कई खासे परेशान हुए। जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस में 53 मामलों का निस्तारण किया गया।

सरोजनीनगर तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। सीडीओ अजय जैन अध्यक्षता कर रहे थे। एडीएम फाइनेंस राकेश कुमार सिंह, एसडीएम अंकित शुक्ला और एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा भी मौजूद थे। तभी वकील नाला बनाए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। अधिकारियों ने बात की तो उनका कहना था कि कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद एसडीएम न्यायिक की तैनाती सिर्फ कागजों पर ही की गई है। इसके अलावा तहसील के दोनों गेट के बीच सीडीओ ने वकीलों को आश्वासन देकर शांत करवाया। उसके बाद वकील माने और फरियादियों की समस्याओं को सुना जा सका।

### शहीद की मां ने सम्मान राशि लौटाने की जताई इच्छा

संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची सरोजनीनगर के कृष्णा लोक कॉलोनी निवासी शहीद सहायक कमांडेंट विवेक सक्सेना की मां सावित्री सक्सेना ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अशोक चक्र श्रेणी की सम्मान धनराशि को वे सम्मानपूर्वक मुख्यमंत्री को वापस करने की इच्छा जता चुकी हैं। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। वहीं हरौनी के नूर मोहम्मद निवासी ने बताया कि कब्जा पूरी होने के बाद चार वर्ष से आदेश सुरक्षित है, लेकिन आदेश पारित नहीं हो पा रहा है। वहीं, बेंती निवासी खुशीराम ने चारागाह की भूमि और अपनी निजी भूमि की सीमा को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। अमावा गांव के किसानों ने छुट्टा जानवरों के आतंक से फसल बर्बाद होने की शिकायत की। अधिकारियों ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी है।

**कहां कितनी शिकायतें**

| | |
|---|---|
| कुल शिकायतें | 413 |
| निस्तारित मामले | 53 |
| लंबित मामले | 364 |
| राजस्व के मामले | 148 |
| पुलिस के मामले | 84 |
| विकास के मामले | 31 |
| समाज कल्याण के मामले | 11 |
| नगर निगम के मामले | 81 |
| अन्य विभागों के मामले | 09 |

### जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

मलिहाबाद तहसील में समाधान दिवस में एडीएम राजकुमार मित्तल ने फरियादियों को सुना। मलिहाबाद के ग्राम मंगा खेड़ा मजरा पारा भदराही निवासी राम किशोर ने विपक्षियों पर उनकी भूमि में जबरन पानी बहाकर फसल नष्ट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि गांव के ही गुड्डू, जगन्नाथ, हरिपाल, मम्मू, सोनू, छोटेलाल, जगदीश, राजरानी ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना लिए गए हैं, जिनका पानी उनकी कृषि भूमि में बहाया जाता है। इससे उनकी खड़ी फसल लगातार नष्ट हो रही है।

वहीं, सहिलामऊ निवासी तहसीन ने बताया कि दो बच्चियों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। वे दो माह पूर्व सारे कागज जमा कर दिए थे। तहसील व ब्लॉक के चक्कर लगा रही हैं। सचिव को फोन मिलाने पर नहीं उठाते हैं। देहैमऊ गांव वहीं निवासी मुनेश ने बताया कि छह माह पूर्व आंधी के कारण खंभा गिर गया था। जिससे जुड़े रजीत, दिनेश कृष्ण कुमार, डली चंद्र, सेवक, नरेश के विद्युत कनेक्शन जुड़े हुए थे। कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक विद्युत विभाग ने खंभा नहीं लगाया है।

# दोस्त के खाते में मंगवाई साइबर फ्रॉड की रकम

**बैंक ने खाता किया सीज, पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पंतनगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति के बैंक खाते का दुरुपयोग कर उसके परिचित ने साइबर फ्रॉड की रकम मंगवा ली। मामले से अनजान पीड़ित ने विश्वास में आकर रुपये निकालकर आरोपित को सौंप दिए। बाद में बैंक ने पीड़ित का खाता फ्रीज कर दिया और साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायत की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ इंदिरानगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विनोद तिवारी के अनुसार उनके परिचित अंशुल सिंह ने बैंक खाता न होने का बहाना बनाकर उनके क्यूआर कोड से 27 सितंबर 2024 को 15 मिनट के भीतर 1.29 लाख रुपये मंगवाए। आरोपित ने बताया कि रकम सीतापुर निवासी उसके दोस्त शिवम राज ने भेजी है। इस पर भरोसा कर विनोद ने उसी दिन विकासनगर स्थित HDFC Bank शाखा से चेक के जरिए पूरी रकम निकालकर अंशुल सिंह को दे दी। करीब एक माह बाद विनोद का बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया। बैंक से पूछताछ में पता चला कि खाते में आई रकम को गलत ट्रांजैक्शन बताते हुए साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज है। इसके चलते खाते में बैलेंस 82 हजार रुपये माइनस में चला गया। पीड़ित ने जब अंशुल से संपर्क किया तो वह टालमटोल करता रहा। न तो खाते को सही कराया गया और न ही ट्रांजैक्शन की स्पष्ट जानकारी दी गई। पुलिस से शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्नीचर के नाम पर ठगा

■ NBT न्यूज, आलमबाग : जालसाजों ने सीआरपीएफ जवान बनकर सेकंड हैंड फर्नीचर बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 96 हजार रुपये ठग लिए। मुनव्वरबाग रेलवे कॉलोनी निवासी रविंद्र के अनुसार फेसबुक पर उनके दोस्त के नाम से बनी फर्जी आईडी से संपर्क कर रकम ट्रांसफर करवाई गई। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने शिकायत की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### मोबाइल से निकाले रुपये

■ NBT न्यूज, लखनऊ : नाका इलाके में मोबाइल चोरी होने के बाद साइबर जालसाजों ने एक कैमरामैन के बैंक खाते से चार लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। सूचना विभाग में तैनात विशन सिंह का मोबाइल 23 नवंबर को बस स्टेशन से चोरी हुआ था। अगले दिन खाते से रुपये निकाले गए। पीड़ित की तहरीर पर नाका पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू की है।

### यूपीआई से निकाले पैसे

■ NBT न्यूज, लखनऊ : महानगर इलाके में एक कारोबारी के बैंक खाते से यूपीआई के जरिए 49,999 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। रहीम नगर निवासी अजमत अली के अनुसार 14 अक्टूबर को उनके एचडीएफसी बैंक खाते से रुपये निकाले गए। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# गैंगस्टर दंपती की 46 लाख रुपये की प्रॉपर्टी कुर्क करने का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गैंगस्टर दंपती की अपराध की रकम से अर्जित करीब 46 लाख की प्रॉपर्टी को कुर्क करने का आदेश दिए गए हैं। यह आदेश जेसीपी क्राइम और मुख्यालय ने दिए हैं। कुर्क की जाने वाली प्रॉपर्टी में बैंक में जमा रुपये और एक फॉर्च्यूनर कार है। वहीं, गुडंबा के एक गैंगस्टर की करीब 65 हजार की प्रॉपर्टी कुर्क करने के आदेश दिए गए हैं।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि मूल रूप से जिला मऊ निवासी गैंगस्टर दंपती शकुंतला शर्मा और राकेश शर्मा चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर मटियारी स्थित दयाल फार्म हाउस में रहते हैं। दंपती ने शराब सप्लाई की एजेंसी ली थी। एक फर्म मालिक मुकेश जायसवाल से करीब सवा करोड़ की शराब लेने के बाद आरोपितों ने भुगतान नहीं किया था। 29 नवंबर 2024 को गोमतीनगर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें बलिया निवासी पिन्टू शर्मा और तालकटोरा निवासी सचिन चौहान भी आरोपित थे। दंपती पर वजीरगंज व गोमतीनगर में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

अप्रैल 2025 में गोमतीनगर पुलिस ने आरोपित दंपती के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार कर रहे थे। जांच में आरोपित दंपती की अपराध के जरिए बनाई गई प्रॉपर्टी की लिस्ट बनाई गई। जिसमें खाते में जमा रुपये और फॉर्च्यूनर कार का पता चला। संयुक्त पुलिस आयुक्त की कोर्ट के आदेश पर शनिवार को करीब 46 लाख रुपये की प्रॉपर्टी को कुर्क करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा मूल रूप से सीतापुर निवासी गैंगस्टर रोहित श्रीवास्तव गुडंबा के खुर्रम इलाके में रहता है। उसके खिलाफ चोरी व लूट के करीब दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की गई। जिसके बाद उसकी 65 हजार की संपत्ति कुर्क कर दी गई है।

### सात मुकदमे दर्ज, जब्त होगी प्रॉपर्टी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गैंगस्टर के आरोपित की प्रॉपर्टी कुर्क किए जाने के आदेश दिए गए हैं। आरोपित के खिलाफ हजरतगंज, वजीरगंज और गोमती नगर में 7 केस दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक चिनहट के मटियारी में राकेश शर्मा उर्फ राकेश कुमार शर्मा रहता है। आरोपित ने अपने गैंग के साथ कई घटनाएं की हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोगों को अपना शिकार बनाया है। जेसीपी क्राइम एवं मुख्यालय ने 1,43,539 रुपये की प्रॉपर्टी सीज किए जाने के आदेश दिए गए हैं।

# वीआईपी मूवमेंट से हज़रतगंज में ट्रैफिक ठप

## डायवर्जन ने बढ़ाई राहगीरों की परेशानी



■ NBT न्यूज, लखनऊ : शनिवार दोपहर बाद वीआईपी मूवमेंट के चलते हजरतगंज के कई प्रमुख मार्गों पर अचानक ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया, जिससे शहर के मध्य इलाके में जाम की गंभीर स्थिति बन गई। डायवर्टेड रूट पर ट्रैफिक संभालने के लिए जिम्मेदार कर्मी मौके पर नजर नहीं आए, नतीजतन वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

करीब तीन बजे विधान भवन के सामने बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। बापू भवन से अटल चौक की ओर जाने वाले वाहनों को लालबाग की तरफ मोड़ दिया गया, जबकि अटल चौक से विधानसभा की ओर जाने वाले वाहन वैकल्पिक मार्गों से गुजरे। डायवर्टेड रास्तों पर वाहन रेंगते रहे और अव्यवस्था के चलते कई चालक उल्टी दिशा में वाहन ले जाते दिखे, जिससे सामने से आने वाला ट्रैफिक पूरी तरह थम गया। जाम का असर लालबाग क्षेत्र में भी देखने को मिला। लालबाग पुलिस चौकी से मेफेयर तिराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। 1090 चौराहे से गोल्फ क्लब चौराहे के बीच स्थिति और खराब रही, जहां ग्रीन सिग्नल मिलने के बावजूद वाहन एक बार में चौराहा पार नहीं कर पा रहे थे। इसके कारण गोल्फ क्लब, बंदरियाबाग और लालबत्ती चौराहे तक ट्रैफिक रुक-रुक कर चलता रहा।

शाम करीब पांच बजे बैरिकेडिंग हटाए जाने के बाद भी पीक ऑवर्स में विधान भवन के सामने वाहनों की रफ्तार सामान्य नहीं हो सकी। डालीगंज पुल से नया पक्का पुल तक सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे और करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रहा। उधर, आईआईएम रोड पर भी शाम के समय ट्रैफिक दबाव बढ़ने से वाहन रेंगते नजर आए। अचानक किए गए डायवर्जन और उचित प्रबंधन के अभाव ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

### माल में कैबिनेट मंत्री भी जाम में फंसे



■ NBT न्यूज, माल : कस्बे में लोग जाम की समस्या से किस कदर परेशान हैं, इसका अहसास शनिवार को कैबिनेट मंत्री को भी हुआ। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल अपने गृह जनपद से राजधानी लौट रहे थे तो उन्हें भी जाम से दो चार होना पड़ा। पुलिस की गैर मौजूदगी में खुद उनकी सिक्योरिटी ने जाम हटवाया। वह लगभग आधा घंटा जाम में फंसे रहे। शाम चार बजे मंत्री का काफिला अटरौली भदायन होता हुआ माल कस्बा पहुंचा। जहां भीषण जाम लग गया। मंत्री का काफिला देर तक जाम में फंसा रहा, वहां पुलिस व्यवस्था न देख मंत्री के काफिले में चल रही सिक्योरिटी ने मोर्चा संभाला और जाम हटवाया।

### अंसल के खिलाफ एक और FIR दर्ज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाना में धोखाधड़ी की एक और एफआईआर दर्ज की गई है। गोमतीनगर विस्तार निवासी संजय कुमार शर्मा ने कंपनी पर 30.31 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार 2012 में प्लॉट के लिए भुगतान के बावजूद 14 वर्षों में भी रजिस्ट्री नहीं हुई। आरोप है कि अलग-अलग मदों में अतिरिक्त रकम वसूल की गई। पुलिस का कहना है कि अंसल के खिलाफ अब तक करीब 315 केस दर्ज हो चुके हैं। जांच क्राइम ब्रांच कर रही है।

### सहारा, ओपी श्रीवास्तव पर बकाया वेतन का केस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सहारा इंडिया में तैनात रहे दंपती ने करीब दो करोड़ रुपये बकाया वेतन हड़पने का आरोप लगाते हुए गोमतीनगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

कोलकाता निवासी अरिंदम बनर्जी के अनुसार कंपनी पर उनका और पत्नी शिवानी बनर्जी का वेतन लंबे समय से बकाया है। आरोप है कि कई बार अनुरोध और नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। पुलिस ने डिप्टी मैनेजिंग वर्कर ओपी श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एनुअल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में गर्ल्स विंग अव्वल

**सिटी स्पोर्ट्स**



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बाल निकुंज इंटर कॉलेज, मोहिबुल्लापुर में चल रही अंतर्शाखीय एनुअल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के पांचवें दिन कक्षा-2 के 321 एथलीटों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध निदेशक एच.एन. जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिताओं में गर्ल्स विंग शाखा ने 24 स्वर्ण, 26 रजत व 40 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बॉयज विंग दूसरे स्थान पर रहा। सभी विजेताओं को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, प्रशिक्षक व अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सीएमएस कैम्पस में खेलकूद समारोह



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की ओर से दो-दिवसीय खेलकूद समारोह हुआ। छात्रों ने अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर चुस्ती-फुर्ती व कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों ने इंडिया फिट एण्ड यंग का संदेश दिया। समापन अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेंट डा. रोजर डेविड किंगडन ने खेलों को जीवन मूल्यों के विकास का आधार बताया। प्रतियोगिताओं में फ्राग रेस, टनल रेस, योग सहित अनेक खेल आयोजित हुए। विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्रधानाचार्या निशा पांडेय ने अभिभावकों व अतिथियों का आभार जताया।

# अनुरुद्ध और अनुज के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**23वीं एल्डिको कप प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट**



■ NBT न्यूज, लखनऊ

अनुरुद्ध और अनुज ने 23वीं एल्डिको कप प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में धमाकेदार खेल के साथ सिंगल्स और डबल्स के खिताबी मुकाबले में अपना स्थान पुख्ता किया। एसडीएस टेनिस अकादमी के तहत ला-मार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

अंडर-18 बालक एकल के पहले सेमीफाइनल में अनुरुद्ध ने अंश सक्सेना को 7-1 से एकतरफा मुकाबला हराया। इस वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में अनुज ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में ध्रुव सिंह को 7-5 से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। शनिवार को हुए क्वॉर्टर फाइनल में सौरभ सिंह ने कड़े मुकाबले में शोभित टंडन को 7-5 से, अनुरुद्ध ने मनीष को 7-3 से, अनुज ने ऋषि को 7-2 से और ओम ने मनु को 7-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुष युगल के पहले क्वॉर्टर फाइनल में अनुज और अनुरुद्ध की जोड़ी ने अंगद व प्रणव को 7-4 से हराया। दूसरे क्वॉर्टर फाइनल में ओम व कृष्ण की जोड़ी ने आनंद प्रकाश व अंगद श्रीवास्तव की जोड़ी को 7-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

# बीआर वरुण बने यूपी पैरा स्पोर्ट्स असोसिएशन के महासचिव



■ NBT न्यूज, लखनऊ : लखनऊ के बीआर वरुण यूपी पैरा स्पोर्ट्स असोसिएशन के महासचिव बनाए गए हैं। बरेली के आशीष खंडेलवाल अध्यक्ष और नोएडा की ऋतु को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दिव्यांग खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए यूपी पैरा स्पोर्ट्स असोसिएशन का चुनाव शनिवार को हुआ। बीआर वरुण लखनऊ एथलेटिक्स संघ के भी सचिव भी हैं। बरेली में की गई दसवीं पैरा ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को चुनाव हुए। चुनाव के दौरान 40 जिलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मौके पर 40 जिलों में भी पैरा ऐथलेटिक्स की नई कार्यकारिणी गठित की गई।

### केकेसी ने लाइव एक्सप्रेस को 119 रन से दी शिकस्त

■ NBT न्यूज, लखनऊ : प्लेयर ऑफ द मैच नीशान अन्सार (5 विकेट) और मो.शफीक (63) के नाबाद अर्धशतक के सहारे केकेसी ने लाइव टीवी एक्सप्रेस को 119 रन से हरा दिया। अवीर दुबे मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का यह मुकाबला शनिवार को आरडीएसओ स्टेडियम पर खेला गया।

केकेसी ने 20 ओवर में छह विकेट पर 179 रन बनाए। निचले क्रम पर मो. शफीक ने 28 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्के से नाबाद 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। सैफुल ने 36 और रिजवान अली ने 30 रन बनाए। लाइव टीवी एक्सप्रेस से जावेद को दो विकेट मिले। जवाब में एक्सप्रेस टीम 15.4 ओवर में सात विकेट पर 60 रन ही बना सकी।

### नन्हे बच्चों की दौड़ और रेनबो ड्रिल ने पैरेंट्स का मन मोहा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी. पी. सिंह फाउंडेशन) साउथ सिटी शाखा में वार्षिक खेल दिवस स्पर्धा- द बैंड ऑफ कलर्स कार्यक्रम हुआ।

प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के 1,200 विद्यार्थियों ने मार्च-पास्ट, मशाल प्रज्वलन, योग, जुम्बा व विभिन्न ट्रैक प्रतियोगिताओं में उत्साह, अनुशासन और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे बच्चों की दौड़ और रेनबो ड्रिल दर्शकों का मन मोह गई। अभिभावकों के लिए भी विशेष दौड़ हुई। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को पदक और ट्रॉफियां दी गईं। निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLP6 User: amit.jaiswal1 Time: 12-21-2025 00:23 Color:





# क्वॉलिटी पढ़ाई को अब विदेश नहीं जाना पड़ता: जेपी नड्डा

## किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 21वें दीक्षांत समारोह में पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

■ NBT न्यूज़, लखनऊ: किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 21वें दीक्षांत समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज देश में मेडिकल शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो गया है कि गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए छात्रों को विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के नेतृत्व में मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों का परिणाम है। जेपी नड्डा ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल क्षेत्र में आ रही अत्याधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी को सीखना होगा। उन्होंने बताया कि केजीएमयू को NIRF रैंकिंग 2025 की मेडिकल कैटेगरी में 8वां स्थान मिला है और फैकल्टी वैश्विक टॉप 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुई है। किडनी ट्रांसप्लांट और रिसर्च के क्षेत्र में केजीएमयू का काम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। नड्डा ने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 819 हो गई है। अंडरग्रेजुएट सीटें 51 हजार से बढ़कर करीब 1.19 लाख हो चुकी हैं, जबकि पीजी सीटें 31 हजार से बढ़कर 80 हजार हो गई हैं। 2029 तक 75 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी। आयुष्मान भारत योजना को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बताते हुए कहा कि अब 62 करोड़ से अधिक लोगों को हर साल पांच लाख रुपये तक का इलाज मिल रहा है।

दीक्षांत समारोह में कुल 2,431 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन डिग्री प्रदान की गई। 81 मेधावियों को मेडल और अवॉर्ड्स देकर सम्मानित किया गया। इनमें कुल 48 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे। इन स्टूडेंट्स को 91 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर, 2 बुक प्राइज, 3 कैश प्राइज और 7 सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर दिया गया।

### 24 से 36 घंटे तक काम करते हैं डॉक्टर

मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा डॉक्टरों को सलाम करता हूं। बड़ी संख्या में लोग आठ से 10 घंटे की ड्यूटी करते हैं लेकिन डॉक्टर 24 से 36 घंटे तक चुपचाप ड्यूटी करते हैं। कड़ी मेहनत व सजगता से मरीजों की सेवा कर उनकी जान बचाते हैं। यह आसान काम नहीं है।



### 80% अवॉर्ड महिलाओं को

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि समाज में बड़ा बदलाव आया है और अब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 35 विश्वविद्यालय हैं, मैं सब जगह जाती हूं, जहां लगभग 80% अवॉर्ड छात्राओं के नाम हैं। उन्होंने छात्रों से चिकित्सा को व्यवसाय नहीं, सेवा मानकर मानवीय संवेदनाओं के साथ देश सेवा करने का आह्वान किया।

### सेवाभाव बनाए रखें

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि कड़ी मेहनत से मिली यह सफलता सीखने की यात्रा का अंत नहीं है। केजीएमयू का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने छात्रों से मानवीय संवेदनाएं कभी खत्म न होने देने और देश की चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान देने का आह्वान किया।

### चुनौती के साथ नई जिम्मेदारी भी

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि डिग्री मिलने के साथ ही छात्रों का जीवन और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। केजीएमयू 4,500 बेड और 1,000 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर के साथ प्रदेश का प्रमुख चिकित्सा केंद्र है, जहां रोजाना 10 हजार मरीज ओपीडी में आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और ग्रामीणों को बेहतर इलाज देने के लिए आयुष्मान व आरोग्य मंदिर योजनाएं चलाई जा रही हैं। केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि 2025 में संस्थान में कुल 18,900 अंग प्रत्यारोपण किए गए। वर्तमान में केजीएमयू में 62 विभाग संचालित हैं, जिनमें 53 मेडिकल और नौ डेंटल विभाग शामिल हैं, यहां 540 यूजी और 677 पीजी सीटें उपलब्ध हैं, जबकि मरीजों के इलाज के लिए 4,250 बेड की सुविधा है।





### 'शादी पढ़ाई में बाधा नहीं'

डॉ. एस कर सेंटनरी गोल्ड मेडल के विजेता बिहार के रहने वाले डॉ. सौरभ ने बताया कि उन्होंने चार साल पहले पढ़ाई के दौरान ही अपनी सहपाठी से विवाह किया था। उनकी पत्नी गाइनकोलॉजिस्ट हैं और निजी प्रैक्टिस कर रही हैं। डॉ. सौरभ का कहना है कि अगर जीवनसाथी में आपसी समझ है तो तो शादी पढ़ाई में कभी बाधा नहीं बनती।




### 'नेगेटिव थिंकिंग से बचने के लिए दोस्त जरूरी'

दीक्षांत समारोह में नौ मेडल जीतने वाली तनुश्री सिंह ने कहा कि पढ़ाई के दौरान नकारात्मक सोच से बचने के लिए एक-दो करीबी दोस्त बेहद जरूरी होते हैं, जिनसे खुलकर बात की जा सके। इससे मानसिक तनाव कम होता है और पढ़ाई पर सकारात्मक असर पड़ता है।



### 'परिवार और टीचर का सपोर्ट अहम'

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में सिद्धेश्वरी देवी जानकी मेमोरियल गोल्ड मेडल पाने वाले शुभम शुक्ला ने कहा कि सफलता के पीछे परिवार, गुरुजनों का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने बताया कि माता-पिता के सहयोग और डॉ. सूर्यकांत के मार्गदर्शन में उन्हें सीखने, बढ़ने का अवसर मिला।

### 'गोल्ड मेडल की आदत लग गई'

हर्षिता यादव के पिता उमेश चंद्र ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही मेधावी रही है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सात साल तक नीट की तैयारी की और अब केजीएमयू में भी गोल्ड मेडल हासिल किया।





### 'गोल्ड मेडल से बढ़ गई जिम्मेदारी'

डीएम रूमेटॉलजी के गोल्ड मेडलिस्ट निधीश चंद्रा ने कहा कि यह सम्मान अकेले उनका नहीं बल्कि उन सभी का है, जिन्होंने उनकी सफलता में योगदान दिया। गोल्ड मेडल के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है और आगे उनका लक्ष्य मरीजों की सेवा करना है।

## संत गाडगे को किया याद



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: संत गाडगे के परिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को पक्का पुल पर रजक समाज ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि संत गाडगे का कहना था कि भूखे को अन्न दो, प्यासे को पानी पिलाओ, वस्त्रहीन को वस्त्र दो, गरीब बच्चों को शिक्षित करने में मदद करो, बेघर लोगों को आसरा दो, बीमार व्यक्ति की सहायता करो, बेरोजगारों को रोजगार दो। मौके पर महामंत्री यशपाल, चेयरमैन उमेश कनौजिया, रानू कनौजिया, जीतू कनौजिया, आकाश कनौजिया, संजय कुमार, सुमित कुमार, राजकुमार, फूलचंद ने संबोधित किया।

## 'चुनौतियों के मुताबिक तैयार हों कला के छात्र'

